CMYK

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 08°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 17 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 59 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 27 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित





चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है: अखिलेश यादव — पेज 2





रिषभ की एक और शानदार पारी, उत्तर क्षेत्र बना जेके बोस ट्रॉफी चैम्पियन — खेल टाइम्स





गैस की कतारों से उठते सवाल : कितनी सुरक्षित है भारत की ऊर्जा व्यवस्था — सम्पादकीय





ईरान युद्ध में फंसकर घरेलू मोर्चे पर घिरे ट्रम्प — पेज 12




श्रीनगर: इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन को आगंतुकों के लिए खोले जाने के बाद लोग इसे देखने आए।

# ऑस्ट्रेलिया-जापान ने भी नौसेना भेजने से किया इन्कार

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में ईरान के साथ लगातार बढ़ते तनाव के कारण तेल सप्लाई का यह मुख्य समुद्री रास्ता (होर्मुज स्ट्रेट) बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने करीब सात देशों से होर्मुज स्ट्रेट में अपने युद्धपोत तैनात करने की मांग की है।

ट्रम्प चाहते हैं कि ये देश अपनी नौसेना भेजकर इस रास्ते की सुरक्षा करें। हालांकि, अमेरिका के करीबी सहयोगियों ने इस मांग पर बहुत ही सावधानी भरा रुख अपनाया है और कुछ ने तो इससे साफ इन्कार कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने इस क्षेत्र में नौसैनिक सहायता देने से मना कर दिया है। कैबिनेट मंत्री कैथरीन किंग ने बताया कि यह समुद्री रास्ता बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पास जहाज भेजने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पास इस संबंध में कोई औपचारिक अनुरोध नहीं आया है। मामले पर जापान का रुख भी कुछ ऐसा ही है।



■ फीकी पड़ी ट्रम्प की अपील, होर्मुज में नहीं मिला किसी का साथ


## दुबई हवाई अड्डे पर ड्रोन हमले के बाद उड़ानें निलंबित

**दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को ड्रोन हमले के बाद उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गईं। अधिकारियों ने हवाई अड्डे के पास आग लगने की घटना के बाद एहतियाती सुरक्षा उपाय के रूप में परिचालन रोक दिया।

दुबई नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने निलंबन की घोषणा करते हुए कहा कि यह कदम यात्रियों एवं हवाई अड्डे के कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी उड़ानों के संबंध में नवीनतम जानकारी के लिए अपनी संबंधित एयरलाइनों से संपर्क करें, स्थिति की समीक्षा करने के बाद आधिकारिक चैनलों के माध्यम से आगे की जानकारी दी जाएगी। ड्रोन हमले के कारण हवाई अड्डे की सीमा के पास आग लग गई, जिसे आपातकालीन सेवाओं ने तुरंत बुझा दिया।

## 27वां रोज़ा

### माहे रमज़ान की रुखसत का पैगाम



आज सत्ताईसवां रोज़ा है। कल छब्बीसवां रोजा और शबे-कद्र (सत्ताईसवीं रात) साथ-साथ थे। यहां यह बात जानना ज़रूरी है कि छब्बीसवां रोज़ा जिस दिन होगा, उसी शाम गुरुबे-आफताब के बाद सत्ताईसवीं रात यानी शबे-कद्र भी शुरू हो जाएगी। छब्बीसवें रोज़े के साथ ताक रात यानी शबे-कद्र आएगी ही। सत्ताईसवां रोज़ा, तो वैसे भी दोज़ख से निजात के अशरे में अपनी अहमियत रखता ही है। सत्ताईसवां रोज़ा दरअसल रोज़ेदार को दोहरे सवाब का हकदार बना रहा है। इस्लाम मजहब में जुमा (शुक्रवार) इबादत और इज्तिमाई नमाज खास दिन माना जाता है। हदीस-शरीफ में है कि जुमे के दिन ही हजरत आदम (अलैहिस्सलाम) को जन्नत से दुनिया में भेजा गया। उन्हें वापस जन्नत भी जुमे के दिन मिली।

# जंग के बीच भारत को बड़ी राहत

## भारतीय जहाज शिवालिक 46 हजार मीट्रिक टन गैस लेकर मुंद्रा पोर्ट पहुंचा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही पर संकट के बीच भारत के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। एलपीजी गैस लेकर आने वाला भारतीय जहाज शिवालिक सुरक्षित तरीके से गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पहुंच गया है। यह जहाज 14 मार्च को होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर रवाना हुआ था।

मिडिल-ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच यह भारत पहुंचने वाला पहला एलपीजी जहाज है। शिवालिक जहाज पर करीब 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लदी गैस लगभग 32.4 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर बताई जा रही है। इस जहाज के सुरक्षित पहुंचने को ऊर्जा आपूर्ति के लिहाज से अहम माना जा रहा है, क्योंकि हाल के दिनों में क्षेत्र में तनाव के कारण समुद्री मार्ग पर जोखिम बढ़ गया था। यह एलपीजी टैंकर रविवार शाम करीब पांच बजे मुंद्रा पोर्ट पहुंचा। जहाज लगभग 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आया है। यह गैस भारत के घरेलू आपूर्ति नेटवर्क में भेजी जाएगी। शिवालिक एक बहुत बड़ा गैस वाहक जहाज है, जिसे शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया संचालित करता है। यह जहाज फारस की खाड़ी से अरब सागर को जोड़ने वाले अहम समुद्री रास्ते होर्मुज से होकर भारत पहुंचा। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे अहम ऊर्जा मार्गों में से एक माना जाता है। दुनिया भर में तेल और गैस की करीब 20 प्रतिशत आपूर्ति इसी समुद्री रास्ते से गुजरती है। इसलिए इस मार्ग पर किसी भी तरह का तनाव पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित कर सकता है। भारत भी अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए इस समुद्री रास्ते पर काफी हद तक निर्भर है।



जहाज नंदा देवी करीब 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी और दूसरा जहाज जग लाडकी करीब 81 हजार मीट्रिक टन कच्चा तेल लेकर आ रहे

### रिफाइनरियां पूरी क्षमता पर, भारतीयों को सुरक्षित निकाला जा रहा: सरकार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक संकट के बीच भारत सरकार ने घरेलू ऊर्जा सुरक्षा और नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए बहुआयामी रणनीति लागू की है। सरकार ने अपने ताजा बयान में बताया कि एक ओर ईरान से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाला जा रहा है, वहीं दूसरी ओर घरेलू मोर्चे पर ईंधन आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह से सामान्य है और देश की रिफाइनरियां अपनी अधिकतम क्षमता पर काम कर रही हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने साफ किया है कि मौजूदा वैश्विक तनाव का भारत की ईंधन आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ा है। पेट्रोल पंपों पर कामकाज पूरी तरह से सामान्य है और देश के किसी भी हिस्से से ईंधन खत्म होने की कोई सूचना नहीं मिली है।

# सुप्रीम कोर्ट ने प्रो. महमूदाबाद के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की समाप्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' पर उनके सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चल रही आपराधिक कार्यवाही समाप्त कर दी।

इससे पहले हरियाणा सरकार ने शीर्ष अदालत को बताया था कि उसने प्रोफेसर के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए मंजूरी देने से इन्कार कर दिया है। हरियाणा पुलिस ने पिछले साल मई में प्रोफेसर महमूदाबाद को गिरफ्तार किया था। यह मामला प्रोफेसर महमूदबाद के खिलाफ दर्ज एक प्राथमिकी से जुड़ा था, जिसमें उन पर भारत में अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले बर्ताव को लेकर सोशल मीडिया पर कुछ टिप्पणियां करने का आरोप था। ये टिप्पणियां 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रेस ब्रीफिंग का नेतृत्व करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी की तारीफ के संदर्भ में की गई थीं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने इस मामले का निपटारा करते हुए कहा कि हमें इस बात पर शक करने का कोई कारण नहीं है कि याचिकाकर्ता, जो एक अत्यंत विद्वान प्रोफेसर हैं, भविष्य में भी समझदारी और विवेकपूर्ण तरीके से ही काम करेंगे।

हरियाणा पुलिस ने पिछले साल प्रोफेसर महमूदाबाद को किया था गिरफ्तार

## बंगाल में चुनाव से पहले मुख्य सचिव व डीजीपी को हटाया

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के दूसरे ही दिन चुनाव आयोग ने 6 अफसरों का तबादला कर दिया। आयोग ने पीयूष पांडे की जगह सिद्धनाथ गुप्ता को डीजीपी बनाया है।

वहीं, आयोग ने राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को पद से हटा दिया है। उनकी जगह 1993 बैच के आईएएस दुष्मंत नारियाला को नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है। सुप्रतिम सरकार की जगह अजय कुमार नंद को कोलकाता पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। साथ ही राज्य के गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा की जगह 1997 बैच की आईएएस अफसर संघमित्रा घोष को गृह सचिव बनाया गया है। चुनाव आयोग के आदेश के मुताबिक यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। नटराजन रमेश बाबू को सुधार सेवा महानिदेशक बनाया गया है। अजय मुकुंद रानाडे को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक और आईजीपी (कानून-व्यवस्था) का पद दिया गया है।

■ कोलकाता पुलिस कमिश्नर समेत छह अधिकारी बदले
■ आयोग बोला: ये अफसर चुनाव से दूर रहेंगे

# मुरादाबाद में भीषण सड़क हादसा, चार की मौत

**मुरादाबाद (ब्यूरो)।** सोमवार सुबह दिल्ली- लखनऊ राजमार्ग पर सुबह करीब छह बजे मनकरा मोड़ के पास रामपुर से दिल्ली जा रही एक कार अनियंत्रित होकर आगे चल रही ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से जा घुसी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोग फंस गए। थाना पुलिस कार में फंसे लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मूंढापांडे ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने चार युवकों को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतकों में एक की पहचान दयाल सिंह रावत पुत्र कुमार पाल, निवासी अपर माल रोड, बीमिला कंपाउंड, पालिवाल, नैनीताल के रूप में हुई है। घायल युवक की पहचान यशदीप पुत्र चंद्रवाला पांडे, निवासी हल्द्वानी के रूप में हुई है।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा: क्या दूसरे धर्म के लोगों को भी घर में सामूहिक पूजा से रोका जा सकता है

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रमज़ान के दौरान नमाज़ पर कथित प्रतिबंध को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार से कड़ा सवाल करते हुए पूछा कि यदि मुसलमानों को निजी संपत्ति पर नमाज़ पढ़ने से रोका जा सकता है, तो क्या हिंदुओं को भी अपने घरों में सामूहिक पूजा करने से रोका जा सकता है।

जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ संभल जिले में रमज़ान के दौरान नमाज़ पढ़ने पर लगाए गए कथित प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान जस्टिस श्रीधरन ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि मुसलमानों को अपने घर की छत पर नमाज़ पढ़ने से कैसे रोका जा सकता है? कानून का राज सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार की मांग करता है और संविधान सर्वोपरि है। अदालत ने राज्य सरकार के एडिशनल एडवोकेट जनरल मनीष गोयल से पूछा कि क्या मंदिरों में भी इस तरह के प्रतिबंध लगाए जाते हैं। अदालत ने कहा कि यदि हिंदू अपने घरों में पूजा कर रहे हों तो क्या उन्हें भी रोका जा सकता है? इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जताई कड़ी आपत्ति खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि राज्य केवल तभी हस्तक्षेप कर सकता है, जब धार्मिक गतिविधियां सार्वजनिक सड़क या सार्वजनिक स्थान पर फैलने लगें।

# राज्यसभा चुनाव: बिहार की सभी पांच सीटों पर NDA की जीत



**पटना।** बिहार में राज्यसभा की पांचों सीट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार जीत गए हैं। चार सीटों पर जीत तो पहले से ही तय थी। लेकिन, पांचवीं सीट पर महागठबंधन के उम्मीदवार अमरेंद्र धारी सिंह से एनडीए के उम्मीदवार शिवेश राम का मुकाबला हुआ। एनडीए के सभी 202 विधायकों ने वोट किया। लेकिन, महागठबंधन की ओर से चार विधायक (कांग्रेस के तीन और राजद के एक) विधायक विधानसभा नहीं पहुंचे।

मतगणना के बाद एनडीए के सभी उम्मीदवारों की जीत की घोषणा कर दी गई। एनडीए के कार्यकर्ता जश्न मना रहे हैं। जीतने वाले उम्मीदवारों में नीतीश कुमार-जदयू, रामनाथ ठाकुर-जदयू, नितिन नबीन-भाजपा, शिवेश कुमार-भाजपा, उपेंद्र कुशवाहा शामिल है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने 202 विधायकों के बल पर अपने पांच उम्मीवार को चुनावी मैदान में उतारा था। इसमें से चार सीट पर तो जीत पहले से तय थी। लेकिन, पांचवीं सीट पर महागठबंधन की ओर से राजद ने अमरेंद्र धारी सिंह को चुनावी मैदान में उतार दिया। इस कारण पांचवी सीट पर एनडीए बनाम महागठबंधन मुकाबला हो गया।

■ महागठबंधन की ओर से चार विधायक विधानसभा नहीं पहुंचे

# भारत में एक साल के दौरान 24 अरबपति बढ़े, अब 229 हुए

## लक्ष्मी मित्तल रोज 274 करोड़ कमाकर देश के चौथे सबसे अमीर बने

**नई दिल्ली।** फोर्ब्स वर्ल्ड्स बिलियनेयर्स 2026 लिस्ट के मुताबिक भारत में एक साल के अंदर 24 अरबपति बढ़े हैं। इनकी संख्या 205 से बढ़कर 229 हो गई है। देश के चौथे सबसे अमीर लक्ष्मी मित्तल की संपत्ति में इस साल सबसे तेज उछाल देखा गया। उनकी कंपनी आर्सेलर मित्तल के शेयरों में 80 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी आने से उनकी कुल दौलत 31 अरब डॉलर, यानी 2.87 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है।

पिछले एक साल में उनकी संपत्ति में 20 अरब डॉलर, यानी 1.85 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। इस हिसाब से मित्तल ने सालभर हर दिन औसतन 274 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कमाई की है। इस लिस्ट में फिजिक्सवाला के फाउंडर्स अलख पांडे और प्रतीक बूंब भी शामिल हो गए हैं। भारत के दो सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी (नंबर 1) और गौतम अडानी (नंबर 2) की संपत्ति में भी संयुक्त रूप से 14.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। तीसरे नंबर पर ओपी जिंदल ग्रुप की चेयरपर्सन सावित्री जिंदल हैं। वे भारत की सबसे अमीर महिला बनी हुई हैं। लिस्ट में 20 भारतीय महिला अरबपति शामिल हैं। कोटक महिंद्रा बैंक के फाउंडर उदय कोटक इस साल टॉप-10 में शामिल हुए हैं। हाल ही में उन्हें पद्म भूषण मिला था। उनकी एंट्री से डीएलएफ के पीछे रहे प्रॉपर्टी डेवलपर कुशल पाल सिंह 12वें नंबर पर खिसक गए। एडटेक प्लेटफॉर्म फिजिक्सवाला के फाउंडर अलख पांडे और प्रतीक बूंब भी नए अरबपतियों में शामिल हैं। नवंबर में कंपनी के आईपीओ के बाद वे इस क्लब में आए। पेटीएम के फाउंडर विजय शेखर शर्मा तीन साल बाद फिर लिस्ट में लौटे हैं। पेटीएम के शेयर पिछले साल करीब 60 प्रतिशत चढ़े, हालांकि यह अभी भी आईपीओ की करीब आधी प्राइस पर ट्रेड कर रहे हैं। फोर्ब्स इंडिया ने अपनी पहली रिच लिस्ट 2009 में लॉन्च की थी।



■ फोर्ब्स लिस्ट में फिजिक्सवाला के फाउंडर्स अलख पांडे और प्रतीक बूंब भी शामिल




## संक्षिप्त समाचार

### संत कबीरनगर में सड़क दुर्घटना, दो पत्रकारों की मौत

**संत कबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के थाना कोतवाली खलीलाबाद अंतर्गत नेशनल हाईवे 28 पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में दो पत्रकारों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने यहां बताया कि गोरखपुर से लखनऊ की ओर जा रही डीसीएम अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर गई। जहां लखनऊ से गोरखपुर जा रही वैगनआर कार से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में वैगनआर में सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैगनआर का चालक अपनी सीट पर फंस गया था। पेट्रोल पंप कर्मियों की मदद से कार का दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला गया। सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से तत्काल जिला चिकित्सालय संतकबीर नगर भेजा गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने वैगनार सवार पत्रकार धनंजय पाण्डेय (35), निवासी सरगरिया उर्फ रामनगर, जनपद कुशीनगर और शंभू मिश्रा (45) निवासी लखुआ खुर्द, जनपद कुशीनगर को मृत घोषित कर दिया।

### फरवरी में माल निर्यात बढ़कर 36.61 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** इस साल जनवरी की तुलना में फरवरी में माल निर्यात में मामूली वृद्धि दर्ज की गई और यह 36.61 अरब डॉलर पर पहुंच गया। एक महीने पहले यह आंकड़ा 36.56 अरब डॉलर था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को आयात. निर्यात के आंकड़े जारी किए। इसमें बताया गया है कि माल आयात जनवरी के 71.24 अरब डॉलर से घटकर फरवरी में 63.71 अरब डॉलर रह गया। इस प्रकार व्यापार घाटा एक महीने पहले के 34.68 अरब डॉलर से कम होकर 27.1 अरब डॉलर पर आ गया।

### मौसम ने मारी पलटी, यूपी के 43 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी

# 17 जिलों में ओले गिरने की चेतावनी जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ **मुजफ्फरनगर में ओले गिरे, बिजनौर में आंधी से पेड़ उखड़े, सहारनपुर में पूर्व प्रधान समेत दो की मौत**

**लखनऊ/मुजफ्फरनगर/सहारनपुर।** यूपी में मौसम अचानक बदल गया है। मुजफ्फरनगर में देर रात झमाझम बारिश हुई। कई इलाकों में ओले भी गिरे। बिजनौर में तेज आंधी की वजह से पेड़ उखड़ गए। सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे और होर्डिंग्स गिर गए।

सहारनपुर में आंधी की वजह से टीन शेड गिरने से पूर्व प्रधान समेत 2 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने सोमवार को वाराणसी समेत 43 जिलों में हल्की बारिश और 17 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। कई जगह आंधी भी चल सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की वजह से मौसम में बदलाव आया है। ठंडी हवाओं की वजह से तापमान में गिरावट आई है। इससे पहले कल यानी रविवार को नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, अयोध्या समेत 15 शहरों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई। लखनऊ में बूंदाबांदी के साथ धूलभरी आंधी चली। हरदोई और सीतापुर में बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 बच्चों समेत 3 लोग झुलस गए। बारिश, ओले और तेज हवा का असर फसलों पर भी दिखाई दे रहा है। कई इलाकों में खड़ी फसलें झुक गईं। हालांकि लोगों को गर्मी से राहत मिली। पिछले 24 घंटे में बांदा सबसे गर्म शहर रहा। यहां अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 14 मार्च को बांदा का पारा 40 डिग्री पार कर गया था। लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने मौसम में हुए बदलाव की वजह बताई। उन्होंने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ की वजह से प्रदेश के कई जिलों में हल्की बारिश का दौर शुरू हो गया है। प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में सोमवार को भी बारिश के आसार हैं। 40-50 किमी की स्पीड से हवाएं चलेंगी। ओले भी गिर सकते हैं। 2 दिन बाद 19 मार्च से प्रदेश में एक और विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, इससे बारिश-आंधी का दौर शुरू होगा। मुजफ्फरनगर शहर और आसपास के इलाकों में तेज हवाओं के साथ देर रात तेज बारिश हुई। कई इलाकों में ओले भी गिरे। बिजनौर में देर रात तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। आंधी में सड़क किनारे लगे पेड़ और होर्डिंग उखड़ गए। कई इलाकों में बिजली कट गई। सहारनपुर में रविवार देर रात तेज आंधी और बारिश हुई।

### सरसावा क्षेत्र में टीन शेड गिरा

सरसावा थाना क्षेत्र के नकुड़ रोड पर टीन शेड गिर गया। इस हादसे में पूर्व प्रधान समेत दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान भटपुरा के पूर्व प्रधान जयपाल सैनी (55) और नवादा निवासी रामकेश सैनी (56) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों उत्तराखंड में एक पंचायत कार्यक्रम में शामिल होकर बाइक से वापस लौट रहे थे। रास्ते में तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई। इससे बचने के लिए दोनों नकुड़ रोड पर एक टीन शेड के नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान तेज हवा के कारण टीन शेड अचानक टूटकर सीधे उनके ऊपर गिर गया। भारी शेड के नीचे दबने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बेमौसम बारिश, ओले गिरने और तेज हवाओं से खेतों में खड़ी फसलें प्रभावित हो रही हैं। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।

## बच्चों के लिए स्मार्टफोन का प्रयोग खतरनाक

**जालोर/लखनऊ, वार्ता**



■ **सीएम योगी ने मातृशक्ति से सावधान रहने की अपील की**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छोटी उम्र के बच्चों को रोने या नाराज होने देना बेहतर है, लेकिन उन्हें स्मार्टफोन देना उचित नहीं है।

स्मार्टफोन का अत्यधिक प्रयोग समय की बर्बादी के साथ-साथ आंखों को नुकसान पहुंचाने के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर डालता है और यह डिप्रेशन जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है। मुख्यमंत्री सोमवार को जालौर में स्थित श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर (सिरे मंदिर) के 375 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय महायज्ञ एवं विशाल धर्मसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन के कई गेम बच्चों और युवाओं को नकारात्मक दिशा की ओर ले जा रहे हैं। यदि बच्चे इसी समय को अच्छी पुस्तकों के अध्ययन, योग और व्यायाम में लगाएं, तो उनका जीवन अधिक व्यवस्थित और सकारात्मक बन सकता है। योगी ने युवा पीढ़ी को सलाह दी कि स्मार्टफोन का उपयोग जरूरत के अनुसार ही करें और परिवार के लिए समय अवश्य निकालें। उन्होंने कहा कि भोजन या पूजा के समय फोन से दूरी रखनी चाहिए और बाद में कॉल बैक करना बेहतर है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बातों पर बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति भी चिता का विषय है।

## लोकार्पण के तीसरे दिन ही धंसी कॉरिडोर की सड़क

**लखनऊ, वार्ता**



■ **वाह रे डबल इंजन का विकास: अजय राय**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हाल ही में लोकार्पित ग्रीन कॉरिडोर परियोजना की सड़क तीसरे दिन ही धंस जाने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। यह घटना श्री खाटू श्यामजी मंदिर के पास हुई, जहां सड़क का एक हिस्सा धंसकर करीब पांच फीट गहरा गड्ढा बन गया। इस बीच कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भी इसको लेकर सवाल उठाया है।

उन्होंने योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वाह रे डबल इंजन का विकास! अभी 2 दिन पहले ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में जिस 'ग्रीन कॉरिडोर' का भारी तामझाम के साथ उद्घाटन किया था, वो पहली बारिश भी नहीं झेल पाया। उन्होंने कहा कि श्री खाटू श्याम मंदिर के पास सड़क धंसकर 5 फीट गहरा गड्ढा हो गई। जनता की गाढ़ी कमाई 'सीवर' में जा रही है या भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है? मुख्यमंत्री जी, क्या यही आपका गड्ढा-मुक्त प्रदेश है। बताया जा रहा है कि सीवेज लाइन फटने के कारण सड़क धंस गई। स्थानीय लोगों ने घटना को लेकर निर्माण कार्य और निंगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए मामले की जांच की मांग की है।

## भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है चुनाव आयोग: अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना लागू होने के बाद चुनाव आयोग द्वारा वहां के डीजीपी, पुलिस कमिश्नर सहित एडीजी लॉ एंड ऑर्डर को हटा दिया गया है। इस मसले को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा और चुनाव आयोग पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि जब भी किसी राज्य में चुनाव होता है और वहां भाजपा की सरकार नहीं होती, तो सबसे पहले वहां के चीफ सेक्रेटरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को हटा दिया जाता है। सोमवार को पत्रकारों से बात. चीत में अखिलेश यादव ने सवाल उठाया कि उत्तर प्रदेश में ऐसा क्यों नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि



प्रदेश में चुनाव के दौरान कभी भी डीजीपी को नहीं हटाया गया, जबकि कई बार चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की गई थी। उन्होंने पूछा कि जिन अधिकारियों के परिवार के लोग खुद चुनाव लड़ रहे थे, क्या उन्हें पद से हटाया गया? सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर रहा है। उनका कहना है कि पूरा देश जानता है कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है और उसकी कार्रवाई भी उसी के अनुरूप दिखाई देती है। इसके साथ ही उन्होंने महंगाई और गैस सिलेंडर के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा।

### भाजपा को लोगों की परेशानी नहीं दिख रही

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गैस सिलेंडर संकट को लेकर प्रदेश सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सिलेंडर के लिए लंबी लाइनों में खड़े लोगों की परेशानी साफ दिखाई दे रही है, इसके बावजूद भाजपा यह दावा कर रही है कि गैस की कोई कमी नहीं है। सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश ने कहा कि परेशान परिवारों व बिलखते बच्चों की हालत देखकर भी अगर सरकार संवेदनशील नहीं हो रही है, तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता की तकलीफों को नजरअंदाज कर भाजपा झूठ बोल रही है और जमीनी हकीकत से मुंह मोड़ रही है।

## प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को एक बार की राहत देगी योगी सरकार

**लखनऊ।** प्रीपेड स्मार्ट मीटर वाले कई उपभोक्ताओं की बिजली नेगेटिव बैलेंस के कारण कटने के बाद उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने उपभोक्ताओं को एक बार की राहत देने की घोषणा की है। अधिकारियों के अनुसार यह फैसला इसलिए लिया गया है, क्योंकि बड़ी संख्या में उपभोक्ता अभी भी प्रीपेड स्मार्ट मीटरिंग प्रणाली को समझने की प्रक्रिया में हैं, जिसमें बिजली उपयोग करने के लिए पहले से रिचार्ज कराना अनिवार्य होता है। नई व्यवस्था के तहत यदि किसी उपभोक्ता का प्रीपेड बैलेंस शून्य या नेगेटिव होने के कारण बिजली कनेक्शन कट जाता है और वह इतना रिचार्ज कर देता है कि उसका नेगेटिव बैलेंस कम से कम 50 प्रतिशत तक कम हो जाए, तो उसकी बिजली आपूर्ति तीन दिन के लिए दोबारा चालू कर दी जाएगी। यदि इस अवधि में उपभोक्ता का बैलेंस पॉजिटिव नहीं होता है, तो कनेक्शन स्वतः फिर से कट जाएगा। यूपीपीसीएल ने स्पष्ट किया है कि यह सुविधा प्रत्येक उपभोक्ता को केवल एक बार ही प्रदान की जाएगी। साथ ही उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए वे अपने प्रीपेड खाते में पर्याप्त बैलेंस बनाए रखें। 'रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम' (आरडीएसएस) के तहत प्रदेश में अब तक लगभग 78 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें करीब 70.5 लाख प्रीपेड स्मार्ट मीटर हैं। कॉर्पोरेशन के अनुसार स्मार्ट मीटरिंग प्रणाली से बिजली सेवाओं में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ी है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 75502.85
निफ्टी 23408.80



सोना 156500
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 254325
प्रति किलो




## दिग्गज कंपनियों में लिवाली से सेंसेक्स 939 अंक उछला

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में दिग्गज और बड़ी कंपनियों में लिवाली से सोमवार को बीएसई का सेंसेक्स 938.93 अंक (1.26 प्रतिशत) की बढ़त में 75,502.85 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 257.70 अंक यानी 1.11 प्रतिशत ऊपर 23,408.80 अंक पर पहुंच गया। लगातार तीन दिन लुढ़कने के बाद दोनों प्रमुख सूचक. ांक हरे निशान में लौटे हैं।

आज सुबह गिरावट में खुलने के बाद कुछ ही देर में ये बढ़त में चले गए। दोपहर बाद ग्राफ तेजी से ऊपर गया। बड़ी कंपनियों के विपरीत मझौली तथा छोटी कंपनियों पर दबाव जारी रहा और वृहत बाजार में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.17 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.53 प्रतिशत टूट गया। ऑटो, वित्त, बैंकिंग, एफएमसीजी और धातु समूहों की कंपनियों में जहां लिवाली हुई, वहीं तेल एवं गैस, स्वास्थ्य, फार्मा, रियलटी और रसायन समूहों के सूचकांक नीचे बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर चार प्रतिशत



से अधिक चढ़ा। ट्रेंट में तीन प्रतिशत की तेजी रही। एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटरनल, बजाज फाइनेंस, आईटीसी और टाटा स्टील के शेयर दो से तीन प्रतिशत तक मजबूत हुए। भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, इंडिगो, मारुति सुजुकी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर एक से दो प्रतिशत चढ़े। एशियन पेंट्स, एलएंडटी, अडानी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनीलि. वर, कोटक महिंद्रा बैंक और टाइटन के शेयर भी हरे निशान में रहे। बीईएल का शेयर सवा दो प्रतिशत से अधिक गिर गया। सनफार्मा एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। पावरग्रिड, भारती एयरटेल और एनटीपीसी के शेयर भी टूट गए।

## सोने की चमक फीकी चांदी के दाम भी लुढ़के

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोने की चमक थोड़ी फीकी पड़ी है और चांदी के दाम भी लुढ़क गए हैं। सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि ग्लोबल मार्केट में भी आज सोने-चांदी की कीमतों में कमजोरी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एससीएक्स) पर आज ट्रेडिंग के दौरान सोने और चांदी दोनों में लाल निशान देखा गया। सोना 1,966 की गिरावट के साथ 1,56,500 के स्तर पर कारोबार कर रहा है, वहीं चांदी में बड़ी गिरावट आई है और यह 5,110 टूटकर 2,54,325 पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,58,520 प्रति 10 ग्राम चल रहा है। अगर आप गहने बनवाने के लिए 22 कैरेट सोना खरीदना चाहते हैं, तो इसका औसत भाव 1,45,900 प्रति 10 ग्राम के आसपास है। मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,58,800 प्रति 10 ग्राम पर है, जबकि कोलकाता में यह 1,58,580 पर बिक रहा है। सोने की खरीदारी करने वालों के लिए आज का दिन मिला-जुला है। देश के प्रमुख शहरों में सोमवार को 24 कैरेट सोने की कीमत की बात करें, तो चेन्नई में सोना सबसे महंगा 1,59,260 के स्तर पर बिक रहा है, वहीं हैदराबाद में इसकी कीमत 1,59,050 और बेंगलुरु में 1,58,920 प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## चावल, चीनी, दालों में तेजी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गई। चावल के साथ दालों और चीनी में भी तेजी रही। वहीं गेहूं में गिरावट देखी गई, जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 69 रुपये बढ़कर 3,850 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं छह रुपये सस्ता हुआ और 2,811 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। आटा भी 22 रुपये उतर गया। दाल-दलहनों में तेजी रही।

चना दाल औसतन 113 रुपये और तुअर दाल 107 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल में 96 रुपये और मूंग दाल में 55 रुपये की तेजी रही। उड़द दाल दो रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 82 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,654 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.56 प्रतिशत टूटकर 66.39 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 65 रुपये और वनस्पति की 51 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल 185 रुपये और मूंगफली तेल 83 रुपये फिसल गया। सूरजमुखी तेल में 67 रुपये और सोया तेल में 31 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 87 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया।

चीनी भी 16 रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7720.80 रुपये, मसूर काली 8073.80 रुपये, मूंग दाल 10141.97 रुपये, उड़द दाल 10731.21 रुपये, तुअर दाल 11197.75 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2811.44 रुपये और चावल 3849.69 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3286.21 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4298.02 रुपये और गुड़ 4994.01 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोंहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## डिजिटल कृषि की ओर तेजी से बढ़ रहा है उत्तर प्रदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कृषि क्षेत्र को डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री अभियान को तेज गति दी है। इस पहल के जरिए किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के साथ कृषि व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश में खरीफ और रबी दोनों सीजन में डिजिटल क्रॉप सर्वे का व्यापक स्तर पर संचालन किया गया है।

इसके तहत राजस्व गांवों में खेतों और फसलों का डिजिटल सर्वे कराया जा रहा है, जिससे फसल संबंधी सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकें और योजनाओं का लाभ किसानों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जा सके। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के कुल 1,08,935 राजस्व गांवों में से 95,765 गांवों का जियो-रेफरेंसिग कार्य पूरा हो चुका है। इसी आधार पर खरीफ और रबी सीजन में बड़े पैमाने पर खेतों का डिजिटल सर्वे किया गया है। खरीफ सीजन में 5,37,08,511 से अधिक प्लॉट का सर्वे अंतिम रूप से स्वीकृत किया गया, जबकि रबी सीजन में 5,56,44,677 से अधिक प्लॉट का सर्वे पूरा किया जा चुका है। किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री अभियान भी मिशन मोड में चलाया जा रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लगभग 2,88,70,495 लाभार्थी हैं। सत्यापन अभियान के बाद 2,31,36,350 से अधिक किसानों का डेटा उपलब्ध हुआ है। इनमें से अब तक 1,67,01,996 से अधिक पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थी फार्मर रजिस्ट्री में शामिल हो चुके हैं, जो कुल लक्ष्य का करीब 72.19 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त लगभग 28,37,162 ऐसे किसानों को भी फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकृत किया गया है, जो पीएम किसान योजना के लाभार्थी नहीं हैं।

राज्य सरकार का मानना है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों का सटीक डाटाबेस तैयार होगा। इससे फसल बीमा, कृषि अनुदान, आपदा राहत और अन्य योजनाओं का लाभ सही किसानों तक पहुंचाने में सुविधा होगी। सरकार के अनुसार कृषि क्षेत्र में डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग से उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होता जा रहा है। आने वाले समय में इन पहलों के जरिए किसानों को योजनाओं का लाभ और अधिक प्रभावी ढंग से मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## एलपीजी संकट पर कांग्रेस ने केन्द्र सरकार को घेरा

**नई दिल्ली, वार्ता**

बजट सत्र के दूसरे चरण में संसद में जमकर हंगामा देखने को मिल रहा है। देश में हो रही एलपीजी की किल्लत को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश में एलपीजी की कमी से हा-हाकार मचा हुआ है। इस किल्लत का असर आम लोगों पर हो रहा है। वहीं सरकार की तरफ से इन सभी दावों को खारिज किया गया है।

खड़गे ने कहा कि अगर सरकार समय रहते इंतजाम कर लेती, तो हालात आज इतने नहीं बिगड़ते। इस पर बीजेपी सांसद जेपी नड्डा ने खड़गे को टोका और याद दिलाया कि ये प्रश्नकाल



■ **तैयारी में नाकाम, खड़गे ने उठाए सवाल, ऐसे हालात में भी विपक्ष कर रहा राजनीतिः नड्डा**

का समय है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मैं इस सदन का ध्यान वेस्ट एशिया में जारी तनाव के कारण देश में एलपीजी संकट की ओर दिलाना चाहता हूं। इस संकट से पूरे देश में इससे हा-हाकार मचा हुआ है।

इसका असर गरीब और कमजोर तबकों, मिडिल क्लास, आम घरों, रेस्टोरेंट, होटल पर ज्यादा पड़ रहा है। खड़गे ने कहा कि जब सरकार को पहले से स्थिति का अंदाजा था, तो समय पर जरूरी इंतजाम क्यों नहीं किए गए? उन्होंने कहा कि भारत अपनी कुल एलपीजी जरूरतों का करीब करीब 60: प्रतिशत आयात करता है। इसमें भी 90 प्रतिशत आयात स्टेट ऑफ होर्मुज के रास्ते होता है। इस लिहाज से मौजूदा हालात गंभीर चिंता का विषय हैं। देश के करीब हर हिस्सों में इसका असर पड़ रहा है, घरों में लोग परेशान हैं। पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अफवाहों से बचने की बात कही है, लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों को गलत साबित करती है।

## प्याज व आलू की पैदावर में बड़ी वृद्धि, टमाटर भी सुधरा

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्रीय कृषि मंत्रालय के ताजा अनुमानों के अनुसार देश में प्याज और आलू की पैदावार में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे घरेलू उपलब्धता मजबूत होने की उम्मीद है। यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि प्याज के रकबे में बड़ी वृद्धि देखी गई है। यह वर्ष 2023-24 के 15.41 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 2024-25 में 19.68 लाख हेक्टेयर हो गया है। यह 4.27 लाख हेक्टेयर यानी 27.74 प्रतिशत की भारी वृद्धि को दर्शाता है।

पैदावार के मोर्चे पर देखें, तो प्याज की पैदावार वर्ष 2024-25 में 307.67 लाख टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के 242.67 लाख टन के मुकाबले 65 लाख टन यानी 26.79 प्रतिशत अधिक है। आलू की पैदावार में भी सकारात्मक रुख बना हुआ है। वर्ष 2024-25 में आलू की पैदावार 585.71 लाख टन होने का अनुमान है, जो पिछले साल के 570.53 लाख टन से 15.18 लाख टन (2.66 प्रतिशत) अधिक है। आगामी वर्ष 2025-26 में आलू की पैदावार लगभग 584.47 लाख टन रहने की संभावना है। टमाटर की पैदावार में आगामी वर्षों में बड़ी तेजी आने की उम्मीद है। वर्ष 2023-24 के 213.23 लाख टन की तुलना में 2024-25 में इसकी पैदावार 205.99 लाख टन अनुमा. नित है। वर्ष 2025-26 में टमाटर की पैदावार तेजी से बढ़कर लगभग 227.02 लाख टन पहुंचने की संभावना जताई गई है। इससे न केवल बाजारों में उपलब्धता बढ़ेगी, बल्कि किसानों की आमदनी को भी मजबूती मिलेगी।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



27वां रोज़ा इफ्तार
17 मार्च मंगलवार
सुन्नी...................... 06:31
शिया...................... 06:43
28वां रोज़ा सहरी
18 मार्च बुधवार
सुन्नी...................... 04:59
शिया...................... 04:06



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

# युवक ने छत में लटक कर लगाई फांसी

## मौत से परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल थाना क्षेत्र के गांव दूदली में रहस्मय में अचानक ही एक व्यक्ति ने अपने ही घर में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद जांच पड़ताल की। पुलिस का मानना है कि मानसिक तनाव के चलते मृतक ने कदम उठाया है।

बताया जाता है कि गांव दूधली निवासी किसान ने चरथावल पुलिस को सूचना देकर बताया था कि पचास वर्षीय विनोद कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह ने देर रात अपने मकान की छत के फंदे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। पुलिस का कहना है कि घटना के समय मृतक घर में अकेला था और उसके परिवार में दो बेटे और दो बेटिया है। बेटियों की शादी हो चुकी है, लेकिन दोनो पुत्र अविवाहित है।

इस समय दोनो बेटे अपनी मां के साथ बाहर गए हुए है। मृतक के पिता महेन्द्र सिंह भी एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया हुआ था। जब परिजन घर पहुंचे तो इस दुखद घटना की जानकारी उन्हे मिली। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का मानना है कि किसी मानसिक तनाव के चलते उसने यह कदम उठाया है परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार किया, लेकिन पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

# ई-रिक्शा पलटने से वृद्धा की मौत, पुत्रवधू-पौत्री घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक ई रिक्शा अचानक से अनियंत्रित होते हुए पलट गया। जिसमें सवार एक वृद्धा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी जबकि उसकी गर्भवती पुत्रवधु और पौत्री घायल हो गयी।

घटना को लेकर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने वृद्धा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। वृद्धा का अंतिम संस्कार कर दिया गया। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के परासौली गांव निवासी लगभग 60 वर्षीया फुल्लो देवी पत्नि बालकिशन कश्यप सोमवार की सुबह अपनी लगभग छह माह की गर्भवती पुत्र वधू अंजू और लगभग 13 वर्षीया पौत्री ज्योति के साथ सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र बुढाना में पुत्रवधू को दिखाने के लिए ई-रिक्शा में बैठकर जा रही थी। जैसे ही ई-रिक्शा गांव जौला के समीप कांधला रोड पर स्थित ईंट भट्टे के पास आया तो ई-रिक्शा अचानक से अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें सवार फुल्लो की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि पुत्रवधू और पौत्राी घायल हो गयी। किसी व्यक्ति के द्वारा मिली घटना की सूचना पर बुढ़ाना पुलिस मौके पर पहुंची।

जहां तीनों को सीएचसी लाया गया। जिसमें डाक्टरों ने फुल्लो को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा लेकिन मौके पर रोते बिलखते आए परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। तब बुढाना पुलिस ने पंचनामा भर शव परिजनों को सौंप दिया।

# बुढ़ाना के युवक की गुरुग्राम में रहस्मय मौत

■ तीन मंजिल से गिरकर मौत की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के थाना बुढ़ाना के युवक की गुरूग्राम के एक मसहूर मॉल में तीसरी मंजिल से गिरकर अचानक मौत हो गई। जैसे ही यह खबर परिवार को लगी तो यहां कोहराम मच गया। युवक यहां पीज्जा खरीदने के लिए निकला था पुलिस मान रही है कि पैर फिसलने से घटना हुई है, लेकिन इस मामले को दूसरे रूप से भी देख जा रहा है।

कस्बा बुढ़ाना निवासी 25 वर्षीय दिशांत गुरूग्राम में गया हुआ था और रविवार की दोपहर वह पिज्जा खरीदने के लिए निकला था, लेकिन अचानक उस की मौत की खबर आई तो परिवार में कोहराम मच गया। खबर मिली है कि तीसरी मंजिल से गिर उसकी मौत हुई है। मृतक का मोबाइल काफी समय तक स्वीच ऑफ रहा जिसके बाद परिजनों ने उसकी गुमशुदगी भी दर्ज करा दी थी।

बताया जाता है कि दिशांत करीब दो बजे गुरूग्राम के एक मॉल में पहुंचा था और यहां पर उसकी मौत हुई जहां गार्डो ने उसको तुरंत ही अस्पताल पहुंचा दिया था। सूचना मिलने के बाद डीएलएफ फैज तीन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और यहां लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चैक की। पुलिस फुटेज देखकर यही मान रही है कि किसी मानसिक तनाव के चलते घटना हुई है। और अब पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आखिर वह गुरूग्राम में किस से मिलने पहुंचा था?

# सीएम योगी जल्द करेंगे मुजफ्फरनगर का दौरा:कपिल

## रोजगार मेले का शुभारंभ व विकास परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने लखनऊ में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें मुजफ्फरनगर आने का आमंत्रण दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जल्द ही मुजफ्फरनगर आने की सहमति प्रदान की।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित दौरे के दौरान मुजफ्फरनगर में एक भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसका शुभारंभ स्वयं मुख्यमंत्री करेंगे। इस रोजगार मेले के माध्यम से जिले के हजारों युवाओं को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अपने दौरे के दौरान एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे, जिसमें प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और युवाओं के लिए रोजगार सृजन के प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डालेंगे। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने आगे जानकारी दी कि मुख्यमंत्री मोरना शुगर मिल के विस्तारीकरण सहित कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का शिलान्यास भी कर सकते हैं। इस परियोजना से क्षेत्र के गन्ना किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा और औद्योगिक गतिविधियों को भी नई गति प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में विकास और रोजगार के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। उनका मुजफ्फरनगर दौरा जिले के विकास, उद्योग और युवाओं के लिए नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को लेकर जल्द ही प्रशासनिक स्तर पर



तैयारियां शुरू की जाएंगी और जिले के लोग उनके स्वागत के लिए उत्साहित हैं।

वहीं पाल समाज के गणमान्य लोग भी सरवट चौराहे पर देवी अहिल्याबाई की प्रतिमा अनावरण हेतू मुख्यमंत्री को मुजफ्फरनगर बुलाने के लिए प्रयास रत है।

# हाईवे पर पलटी बस, दर्जनों यात्री घायल

## देहरादून से गुड़गांव जा रही थी टूरिस्ट बस

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** देहरादून से हरियाणा के गुरुग्राम जा रही एक टूरिस्ट बस रविवार देर रात नेशनल हाईवे पर पलट गई, जिससे बस में सवार कई यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अपफरातपफरी मच गई और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।

करीब 25 यात्रियों को लेकर चल रही टूरिस्ट बस जब खतौली क्षेत्रा के तिगाई गांव के पास नेशनल हाईवे पर पहुंची, तभी अचानक चालक बस से नियंत्राण खो बैठा। देखते ही देखते बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया। इसके बाद एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) खतौली पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। गंभीर रूप से घायल कुछ यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस दुर्घटना में घायल यात्रियों में हर्षिता नेगी पुत्री रतन सिंह नेगी निवासी आर्य नगर जोनापुर अर्जनगढ़ दक्षिण दिल्ली, निर्मल कौर पत्नी नितिन महाजन निवासी नई दिल्ली, लखन सिंह पुत्रा शेर सिंह निवासी रायवाला देहरादून, कौशिकी डेका पुत्रा उमेश चंद्र डेका, धर्मपाल पुत्र सुभाष चंद निवासी मीना नगर ऋषिकेश, दीक्षित अग्रवाल पुत्र श्याम बाबू अग्रवाल निवासी जीतपुर कनखल जिला हरिद्वार, विशाल पुत्र जगदीश सिंह ठाकुर निवासी टर्नर रोड देहरादून तथा लता बाला पुत्री हीरा लाल निवासी देहरादून शामिल हैं।

हादसे के बाद कुछ देर तक मौके पर अफरा तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हरियाणा की टीम का जिला परिषद में मेडिकल एजेंसी पर छापा

## अपने साथ लाई थी एक आरोपी, व्यापारी को पूछताछ के लिए लिया हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में प्रति. बंधित दवाईयों पर पूरी तरह रोक नहीं लग पा रही है। वैसे तो जनपद मुजफ्फरनगर का नाम कई राज्य व कई जनपदों में छाया हुआ है। हरियाणा, पंजाब और आगरा सहित कई स्थानों की टीम यहां छापा मारकर प्रतिबंधित दवाईयों का बड़ा-बड़ा खुलासा कर चुकी है। कुछ लोग ऐसे मामले में जेल भी जा चुके है, लेकिन हर बार सबसे बडा सवाल यही है कि बाहर की टीम का जनपद मुजफ्फरनगर की प्रसिद्ध मार्किट में छापा और यहां से प्रतिबंधित दवाईयों का बरामद होना, लेकिन जनपद मुजफ्फरनगर की औषधि टीम को ऐसी प्रतिबंधित दवाईयों की जानकारी क्यो नहीं होती? ऐसे में जनपद मुजफ्फरनगर की टीम पर सवालिया निशान लगता है। भले ही टीम जनपद के अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्यवाही करती हो, लेकिन बाहर की टीम के छापे के बाद यहां पर करोडो की प्रतिबंधित दवाई कई बार पकडी जा चुकी है। विगत दिनों भी सिविल लाइन पुलिस ने ऐसे ही मामले में एक व्यापारी को गिरफ्तार किया था।

सोमवार को भी हरियाणा राज्य की टीम ने जिला परिषद मार्किट में एक दुकान पर छापा मारा। नारकोटिक्स टीम ने ब्रज फार्मा के मालिक को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया है।

सोमवार को नारकोटिक्स टीम जो हरियाणा राज्य से आई थी वह अचानक ही जिला परिषद मार्किट में पहुंची और यहां पर उन्होने ब्रज फार्मा पर छापा मारा। हरियाणा की टीम यहां काफी समय तक रही और नारकोटिक्स विभाग के एएसआई बालेन्द्र सिंह और एसआई विनोद कुमार ने काफी गहनता से जांच पड़ताल की। नारकोटिक्स विभाग हरियाणा की टीम ने जांच के बाद यह माना कि प्रतिबंधित दवाईयां यहां से सप्लाई होती है।

सूत्रों का तो यह भी कहना है कि इस एजेंसी से शामली जिले में भी सप्लाई की गई थी। और शामली जनपद से वहीं दवाई हरियाणा में बेची गई। सूत्रों का यह भी कहना है कि हरियाणा नारकोटिक्स विभाग की टीम ने छापे के दौरान भारी मात्रा में दूसरे स्थान से प्रतिबंधित दवाई बरामद की है।

इसी के चलते जनपद मुजफ्फरनगर की प्रसिद्ध मार्किट में भी छापा मारा गया। यहां से कई प्रतिबंधित दवाईयो का मिलना बताया गया है।

बता दे कि जनपद मुफ्फरनगर काफी समय से प्रतिबंधित दवाई के मामले में चर्चित है और अक्सर देखने को मिलता है कि हरियाणा, पंजाब व दूसरे राज्यों की नारकोटिक्स टीम छापेमार कार्यवाही करती रहती है। जिला परिषद मार्किट के अलावा भी दूसरे प्रांतो की नारकोटिक्स टीम मंडी क्षेत्रके इलाके से भी करोडों की प्रतिबंधित दवाई बरामद कर चुकी है, कुल मिलाकर बाहर की टीम बड़ा-बड़ा खुलासा कर चुकी है। अब सवाल यह है कि बाहर की टीमे जनपद मुजफ्फरनगर में सब कुछ पता लगा लेती है, लेकिन जनपद मुजफ्फरनगर की औषधि टीमे इससे अंजान क्यों रहती है? फिलहाल हरियाणा से आई टीम पूछताछ के लिए एक व्यापारी को हिरासत में ले गई है।

यह भी चर्चा है कि हरियाणा से आई टीम अपने साथ एक ओर आरोपी को लाई थी और उसी से पूछताछ के बाद यहां के व्यापारी को भी हिरासत में लिया गया।

# नगर पालिका खतौली व शहर में नामित सभासद

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश शासन के नगर विकास विभाग द्वारा नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर में नामित सभासदों की सूची जारी कर दी गई है। शासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधि. नियम, 1916 की धारा-9 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन सदस्यों को नामित किया गया है। यह आदेश 14 मार्च 2026 को लखनऊ से जारी किया गया। जारी सूची के अनुसार नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के लिए पांच सभासदों को नामित किया गया है। इनमें अभिजीत गंभीर पुत्र रविंद्र सिंह गंभीर, रवि पाराशर पुत्र सुधीर पाराशर, अमन तोमर पुत्र रामनाथ तोमर, सचिन सैनी पुत्र ओमप्रकाश सैनी, अमित कुमार गोयल (बोबी) पुत्र किशनलाल को नामित सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा नगर पालिका परिषद खतौली के लिए भी पांच सभासदों को नामित किया गया है। इनमें रजत जैन पुत्र अनिल जैन, सोनिका पत्नी राजकुमार रहेजा, मनोज सैनी पुत्र सीताराम सैनी, अजय कुमार पुत्र नत्थन सिंह और दिमाग सिंह पुत्र बुद्धू सिंह के नाम शामिल हैं। नगर विकास विभाग की ओर से जारी इस अधिसूचना की प्रतिलिपि संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दी गई है। आदेश जारी होने के बाद नामित सभासदों के समर्थकों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है।

# सीएम सामूहिक विवाह योजना में घोटाले का आरोप

## लोगों ने लगाए कई आरोप, उठाए कई सवाल, पुलिस व प्रशासन से जांच की मांग भी उठी

■ रिश्वत लेने का वीडियो हुआ वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना में एक रिश्वत लेने का वीडियो वायरल हो रहा है जिसके बाद अधिकारियो व लोगों मे हडकंप मचा हुआ है। यह वीडियो वैसे तो बघरा का बताया जा रहा है फिलहाल इस मामले में पुलिस प्रशासन की टीम जांच में लगी है प्रशासनिक अधिकारी भी बघरा पहुंचकर अपनी जांच पड़ताल कर रहे है। बता दे कि मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना गरीब और जरूरतमंद लोगों की बेटियों के विवाह के लिए चलाई गई है प्रदेश सरकार की इसमें महत्वकांक्षी मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना विकास खण्ड बघरा में भी इसका आयोजन हुआ, लेकिन विकास खण्ड बघरा के कुछ अधिकारी कहे या लोग कहे फिलहाल वह सवालों के घेरे में है जैसे की लोगों का कहना है कि ग्राम बघरा में आयोजित सामुहिक विवाह कार्यक्रम में एक बहुत बड़ी अनियमितता हुई है खुलकर कहे तो रिश्वत खोरी का मामला बताया जा रहा है जिसका वीडियो भी बताया जा रहा है।

सूत्रों का कहना है कि खण्ड विकास कार्यालय बघरा में कुछ दलालों का जमघट लगा रहता है जां यहा बैठकर पूरी प्रक्रिया को संचालित करते है बताया जाता है कि बीडीओ बघरा और एडीओ समाज कल्याण विभाग की देखरेख में गरीब बच्चियों का शादी विवाह का कार्यक्रम मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के तहत होता है , लेकिन कुछ दलाल के माध्यम से वर-वधुओं से पैसा लेना का मामला आज कल पूरी तरह चर्चाओं में है। चर्चा है कि एक जोडे से दस हजार रूपये तक लिए जाते है फिलहाल फाइल में 50 से अधिक जोडो का विवाहबताया जा रहा है जबकि लोग कह रहे है कि यहां 43 जोडो का ही विवाह हुआ है। अब लोग इस मामले में जिम्मेदार लोगों पर उंगली उठाते हुए कार्यवाही की मांग कर रहे है। यह भी लोग कह रहे है कि कागजों में बाकी जोडो को अनुपस्थित दिखा दिया गया।

लोगों का यह भी कहना है कि मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना में सामान वितरण में भी गड़बडी हो रही है फिलहाल सच्चाई क्या है यह तो जांच का विषय है, लेनिक ऐसा लोगों में चर्चा है और लोग आरोप लगा रहे है। इस मामले को लेकर चौधरी अमित धर्मा भाजपा नेता पूर्व मण्डल अध्यक्ष बघरा ने भी कई आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की।



मुजफ्फरनगर: समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी घोषित।

# चरथावल सीएचसी पर भाकियू का धरना

**मुजफ्फरनगर।** स्वास्थकर्मी कोई भी हो चाहे वो अधिकारी या कर्मचारी, मरीज व तीमारदार उनको भगवान के रूप में देखते है। तो फिर सवाल यह है कि आए दिन सरकारी व प्राइवेट अस्पतलों में धरना प्रदर्शन करने के पीछे क्या मजबूरी आ जाती है। सोमवार को भी चरथावल सीएचसी प्रभारी के विरूद्ध भाकियू टिकैत ने अस्पताल में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए धरना दिया। सोमवार को विभिन्न अनियमितताओं को लेकर भाकियू टिकैत कार्यकर्ताओं ने चरथावल स्वास्थ्य केन्द्र में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रभारी डॉ. सुरेन्द्र कुमार के खिलाफ नारेबाजी हुई आरोप है कि स्वास्थ सेवाओं में लापरवाही बरती जा रही है और मरीजों को उचित इलाज नहीं मिल रहा है।

आयुष्मान सुविधा उपलब्ध है
माहे रमजान की दिली मुबारकबाद
डॉ0 रिजवान अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ0 मौहसिन अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0डी0)
डॉ0 मौ0 शुऐब
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
डॉ0 जैनब इनाम
एम0बी0बी0एस0 (डी0जी0ओ0)
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
दिवान हॉस्पिटल
सुजडू चुंगी, मेन रोड मुजफ्फरनगर 251001
0131-2634069-9837 3357 11

# हथियार सप्लायर से सात पिस्टल, तीन तमंचे व कार बरामद

## सस्ता सामान बेचने के नाम पर यूपीआई के माध्यम से पन्द्रह लाख की ठगी में आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शाहपुर पुलिस ने पिस्टल और तमंचों की तस्करी करने के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी जनपद मेरठ से अवैध शस्त्र लाकर उनको मोटी रकम में बेचते थे आरोपियो के पास से सात पिस्टल, दो तमंचे बरामद होना बताया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा और एसपी देहात आदित्य बंसल ने पत्रकारों को संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि शाहपुर पुलिस ने कसेरवा पुलिया पर चैकिंग के दौरान 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग हथियारों की तस्करी के लिए भारी





मात्रा में हथियार लेकर आए थे। पुलिस ने घेरबंदी की तो आरोपी फरार होने लगे, लेकिन शाहपुर पुलिस ने आकिल निवासी हाजीपुर मेरठ, फरहान पुत्र इमरान, मौ. तालिब पुत्र मौ. आबिद और शाहरूख पुत्र शौकीन अहमद निवासी बेहलीगेट मेरठ बताए है। एसएसपी ने बताया कि इनके पास से सात पिस्टल और तीन तमंचे बरामद हुए है और तस्करी में प्रयुक्त होने वाली एक कार भी बरामद की गई है। उन्होने जानकारी दी कि यह गिरोह मेरठ से अवैध हथियार लाकर उनकी सप्लाई करते थे और एक पिस्टल चालिस हजार रूपये में खरीदकर उसको 65-70 हजार रूपये में बेचते थे। और तमंचा छह हजार में खरीदकर आठ से दस हजार रूपये के बीच में बेच देते थे।

वही एक ओर मामले में जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा और एसपी क्राइम ने बताया कि साइबर क्राइम पुलिस ने ऐसे गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है जो लोगों को फर्जी कॉल करके सस्ता सामान बेचने के नाम पर धोखाधडी कर यूपीआई के माध्यम से करीब पन्द्रह लाख से अधिक की ठगी कर चुका है।

आरोपी के कब्जे से एक मोबा. इल बरामद किया गया है एसएसपी ने बताया कि गृहमंत्रालय भारत सरकार द्वारा विकसित ऑनलाइन पोर्टल प्रतिबिम्ब पर जनपद मुजफ्फरनगर से फर्जी कॉल कर लोगों के साथ साइबर धोखाधडी की शिकायत मिली थी पुलिस ने इस शिकायत पर काम किया जहां प्रकाश में आए आरोपी को गिरफ्तार किया गया ओर जहां आरोपी सचिन स्वामी पुत्र जितेन्द्र निवासी राजा रोड़ धामावाला देहरादून उत्तराखंड, हाल निवासी थाना नई मंडी कोतवाली गांधी कॉलौनी से जानकारी मिली थी कि वह अलग-अलग नम्बरों का उपयोग कर लोगों को ऑनलाइन सस्ते मोबाइल ,प्रिंटर इलेक्ट्रॉनिक या अन्य सामान बेचने का झांसा देकर साइबर ठगी कर रहा था।

उन्होने बताया कि सोशल मीडिय, ऑनलाइन मार्केटप्लेस और मैसेजिंग एप्स के जरिए सचिन स्वामी लोगों से सम्पर्क करता था और उनका विश्वास जीतकर फर्जी फोटो, बिल और कोरियर रसीद भेजता था। लोग एडवांस भुगतान यूपीआई या बैंक ट्रांस्फर कर देते थे इसके बाद सचिन स्वामी अपना मोबाइल नम्बर बंद कर देता था आरोपी के पास से पांच मोबा. इल नम्बर पर सोलह शिकायते, चार खातों पर अट्ठारह शिकायते दर्ज हुई जहां पता चला कि आरोपी ने करीब पन्द्रह लाख रूपये की साइबर ठगी की है।

# नवरात्रि के दौरान मीट बिक्री पर रोक की मांग

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** आगामी चौत्र नवरात्रि को लेकर भाजपा नेताओं ने कस्बे में मीट की दुकानों और मांसाहारी होटलों को नौ दिनों तक बंद रखने की मांग उठाई है। इस संबंध में भाजपा नगर अध्यक्ष प्रवीण ठकराल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर आवश्यक निर्देश जारी करने की अपील की है।

नगर अध्यक्ष ने अपने पत्र में कहा कि 19 मार्च 2026 से 27 मार्च 2026 तक चलने वाले चौत्र नवरात्रि पर्व को सनातन धर्म में अत्यंत पवित्र माना जाता है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु व्रत रखते हैं और केवल शाकाहारी व फलाहारी भोजन ग्रहण करते हैं। ऐसे में यदि इन दिनों में मीट की दुकानें और मांसाहारी होटल खुले रहते हैं तो इससे धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं और अनावश्यक तनाव की स्थिति भी पैदा हो सकती है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि संबंधित अधिका. रियों को निर्देश देकर नवरात्रि के नौ दिनों तक खतौली कस्बे में मीट की बिक्री तथा मांसाहारी भोजन के निर्माण और बिक्री पर रोक सुनिश्चित कराई जाए।

गैस आपूर्ति में गड़बड़ी का आरा. ेप, एसडीएम से की शिकायत

दूसरी ओर भाजपा नेताओं और स्थानीय व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी निर्. कता शर्मा से मिलकर कस्बे में गैस आपूर्ति व्यवस्था में गड़बड़ी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर की तीनों इंडियन गैस एजेंसियों के संच. ालक और वेंडर गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए गैस की होम डिलीवरी लगभग बंद कर दी गई है, जिससे आम लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। आरोप यह भी लगाया गया कि उपभोक्ताओं के लिए निर्धारित सिलेंडर बड़े और छोटे होटल-ढाबों पर थोक में भेजे जा रहे हैं, जिसके कारण घरेलू उपभोक्ताओं को समय पर गैस नहीं मिल पा रही।

भाजपा नेताओं ने एसडीएम से मांग की कि गैस की होम डिलीवरी व्यवस्था को जल्द सुचारु कराया जाए और होटल-ढाबों को भेजे जा रहे सिलेंडरों की जांच कर कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की जाए। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष प्रवीण ठकराल, प्रदीप शर्मा, राकेश सैनी, प्रमोद शर्मा, कमल वर्मा, भृतेश शर्मा, अनिल नागर, शिवम खटीक, नीरज गोयल और राजू उपाध्याय समेत कई लोग मौजूद रहे।



# हाइवे धरने पर नहीं आ रहा कोई भी अधिकारी

**बुढ़ाना।** गांव बिराल को निकल रहे नेशनल हाइवे पर सोमवार के दिन भी ग्राम बिराल और आसपास के गांवों के कई किसानों का धरना प्रदर्शन जारी रहा।

धरने पर बैठे सभी ग्रामीणों को यह लग रहा था कि आज कोई ना कोई प्रशासनिक अधिकारी उनके बीच में जरुर आएगा और उनकी बातों को सुनेगा लेकिन ऐसा नहीं होने पर ग्रामीण गुस्साए से नजर आए और कहा कि अब वे जल्दी ही कोई बड़ी रणनिति बनाते हुए प्रशासन को कुम्भकरणी नींद से जगाने का काम करेंगे।

ग्रामीणों की मांग है कि उनके गांव बिराल से लेकर राजपुर गढ़ी काधंला बुढाना रोड तक सर्विस रोड का निर्माण किया जाये। हाईटेंशन लाइन को शिफ्ट करने से किसान की बर्बाद हुई फसल का उचित मुआवजा दिया जाये। हाईवे निर्माण के चलते जिन



किसानो के खेतो मे जाने के रास्ते प्रभावित हुये हैं उन्हें व्यवस्थित व पक्के रास्ते बनाकर दिये जाये। जिन किसानों के खेतो में हाइटेंशन लाईन के टावर शिफ्ट किये गये वादे के अनुसार पूर्व 2014 व 2015 में मिले मुआवजे का दोगना मुआवजा दिया जाये और जिन किसानों को अपनी खेती की सिंचाई के लिए हाईवे के उस पार पानी ले जाना होता है इसलिए उन्हें पाईप लाईन डालकर दी जाए। धरने पर गांव बिराल प्रधान ठाकुर मन्नू सिंह, ठाकुर अंकुश प्रताप सिंह, दीपक प्रधान, विपिन ठाकुर, संदीप सिंह, मुकेश सिंह, भूपेंद्र सिंह, सतीश सिंह, यशपाल सिंह, भीम सिंह, देव कुमार सिंह, बल्लू, मनोज, कुलदीप सिंह, सुरेशपाल सिंह, ओमपाल सिंह उपस्थित रहे।

### शायर अजहर इकबाल को प्रशंसकों ने घेरा.....

# मुक्क्दमात ए मोहबत न हार जाएं कहीं, हमारी पैरवी कर दो वकील बन जाओ

**( नसीम कुरैशी/महक कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** तुम्हारा हुस्न है काफी गवाहियों के लिए, जो कट सके न कभी वो दलील बन जाओ, मुकद्दमात ए मोहब्बत न हार जाएं कहीं, हमारी पैरवी कर दो वकील बन जाओ यह शायरी मशहूर शायर अज़हर इक़बाल की है। जो बीती रविवार की देर रात बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला मिर्दगान में अपने प्रशंसकों से घिरे रहे। तब ही जाने दिया गया जब तक प्रशंसकों ने फोटो नहीं खिंचवा लिए और सेल्फी नहीं ले ली। फिलहाल शायर अजहर इकबाल अपने पैतृक आवास बुढ़ाना कस्बे में आए हुए हैं। शायद ईद उल फितर तक यहीं रहें। बीती रात वे बड़ी सादगी के साथ कार से उतरकर घर जाते समय सड़क पर ही अपने प्रशंसकों से मिले। हर कोई उनको पहचान गया और दूर से ही आवाजें आई अरे ये तो शायर अजहर इकबाल हैं जिनकी रील्स अक्सर उनके सामने कलाम पेश करते हुए आई ही जाती है। बिश्व भर में भी मशहूर होने के बावजूद भी कोई बनावट नहीं दिखी। बाकायदा खुलकर अपने प्रशंसकों से मिले। कपिल शर्मा के शो और फिल्म अभिनेता राज बब्बर की पुत्री जूही सहित अन्य कई बड़ी सेलिब्रेटियों के साथ समय समय पर दिखने वाले शायर अजहर इकबाल विदेशों में होने वाले मुशायरों और कवि सम्मेलनों में जाकर अपनी छाप छोड़ते हैं और अपने कस्बा बुढ़ाना ना नाम रोशन करते हैं। उनके ये शेर लोग कहीं पर भी सुनाते हुए दिख जाते हैं। घुटन सी होने लगी उस के पास जाते हुए, मैं खुद से रूठ गया हूँ उसे मनाते हुए। नींद आएगी भला कैसे उसे शाम के बाद, रोटियां भी न मयस्सर हों



जिसे काम के बाद। ओस की तरह झिलमिलाया ना कर, गीले बालों को मत सुखाया कर, आंखें फिर वक्त पर नहीं खुलती, अपनी बांहों में मत सुलाया कर, धूप से जल रहा है जिस्म मेरा, तू अगर पेड़ है तो साया कर, जाने किस किस को छूकर आते हैं, हाथ लडकों से मत मिलाया कर, छूट जाते हैं सब जरुरी काम, हमको बातों में मत लगाया कर। इस संवाददाता की उनसे चलते हुए कुछ ही देर बात हुई तो उन्होंने ये ही कहा कि वे ईद के दिन अपने सभी प्रशंसकों से मिलेंगे। इस दौरान कस्बे के युवा अधिवक्ता मौहम्मद मियां रिजवानी भी उनके साथ रहे।

# राष्ट्रीय ज्ञान प्रणाली परीक्षा में एसडी कॉलेज के पांच छात्र मैरिट में

**मुजफ्फरनगर।** सनातन धर्म (एसडी) पीजी कॉलेज ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का लोहा मनवाते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। भारतीय ज्ञान प्रणाली (IKS) पर आधारित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में कॉलेज के पांच मेधावी छात्र-छात्रओं ने मेरिट सूची में स्थान बनाकर संस्थान और जनपद का नाम गौरवन्वित किया है।

सर्वाधिक पंजीकरण का बना कीर्तिमानरू कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार पुंडीर ने बताया कि इस परीक्षा में संस्थान के लगभग 1600 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था। विशेष बात यह रही कि पूरे देश में कॉलेज स्तर पर सर्वाधिक विद्यार्थियों का पंजीकरण कराने और सफलतापूर्वक परीक्षा संपन्न कराने का नया कीर्तिमान भी एसडी पीजी कॉलेज के नाम दर्ज हुआ है।

टॉप-30 में इन सितारों ने बनाई जगहरू विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, मेरठ प्रांत द्वारा जारी टॉप-30 की सूची में कॉलेज के पांच छात्रें ने अपनी मेधा का परिचय दिया है।

चयनित विद्यार्थियों में पीहू शर्मा, काशिश नारंग, उत्सव बलियान, शिवानी झा,पायल प्राचार्य ने थपथपाई पीठ प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार पुंडीर ने विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रें की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का सुखद



परिणाम है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थी ही संस्थान की वास्तविक पूंजी हैं। कॉलेज प्रबंधन और स्टाफ ने भी सभी विज. ेताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है

# ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने को दिया ज्ञापन

**बुढ़ाना।** अखिल भारतीय प्रधान संगठन बुढ़ाना के ब्लाक अध्यक्ष ठाकुर मामचंद सिंह के नेतृत्व में बुढ़ाना ब्लाक के कई ग्राम प्रधानों ने सोमवार को बुढ़ाना ब्लाक में बीडीओ सतीश कुमार के माध्यम से यूपी के राज्यपाल को एक ज्ञापन भिजवाते हुए आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनावघ होने तक यूपी के सब ग्राम प्रधानों के कार्यकाल को बढ़ाने की मांग की गयी। ज्ञापन में कहा गया है कि त्रिस्तरीय पंचायत में मौजूदा सभी प्रधानों का कार्यकाल इसी साल आगामी 25 मई को समाप्त हो जाएगा। अब तक की चुनाव की तैयारी से यही प्रतीत हो रहा है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव समय से संपन्न नहीं होंगे।



अखिल भारतीय प्रधान संगठन को संदेह है कि कार्यकाल समाप्त होते ही उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा सरकारी कर्मचारियों को ग्राम पंचायत में प्रशासक नियुक्त कर दिया जाएगा। किसी भी ख्रष्टिकोण से यह उचित नहीं है। सबसे बेहतर विकल्प है कि जनता द्वारा निर्वाचित मौजूद प्रधानों का ही कार्यकाल चुनाव संपन्न होने तक के लिए बढ़ा दिया जाये। किसी भी कारण से यदि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव समय से संपन्न नहीं हो पाते हैं तो जनता के द्वारा निर्वाचित त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल चुनाव संपन्न होने तक बढ़ाया जाए व यूपी को भी निर्देशित किया जाए। बुढ़ाना बीडीओ सतीशघ कुमार को ज्ञापन देने वालों में मुख्य रुप से प्रधानघ जोगेंद्र सिंह, प्रधान रूबी रानी, प्रधान जमशेद अली, प्रधान आशीष चौहान आदि ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### खतौली में सपा संगठन को मजबूती:

## तीसरी बार विधानसभा अध्यक्ष बने सत्यदेव शर्मा, कार्यकर्ताओं में उत्साह

**शहटाइम्स सवांददाता।**

**खतौली।** समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने एक बार फिर अनुभवी और सक्रिय नेता सत्यदेव शर्मा पर भरोसा जताया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट ने ग्राम समौली निवासी सत्यदेव शर्मा को लगातार तीसरी बार विधानसभा अध्यक्ष, खतौली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। सत्यदेव शर्मा को दोबारा यह जिम्मेदारी मिलने की खबर मिलते ही सपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि शर्मा लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं और उनके अनुभव व सक्रियता से क्षेत्र में पार्टी संगठन को और मजबूती मिलेगी। नियुक्ति पर सत्यदेव शर्मा ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन के हर कार्यकर्ता को साथ लेकर समा. जवादी विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ही गरीब, किसान, मजदूर और नौजवान की सच्ची आवाज है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने और जनसमस्याओं को उठाने के लिए वह पूरी निष्ठा के साथ कार्य करते

# पुरानी रंजिश में किसान पर झोंका फायर, हाथ में लगी गोली, हमलावर फरार

**पाल निवासी अरविन्द बैठा था अपने घर में**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पाल में सोमवार को पुरानी रंजिश के चलते बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने एक किसान पर फायरिंग कर दी। गोली किसान के हाथ में लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव पाल निवासी अरविंद पुत्र टीकाराम सोमवार को अपने घर पर मौजूद थे। इसी दौरान बाइक पर सवार चार नकाबपोश बदमाश गांव में पहुंचे और उनके घर के सामने मंडराने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बदमाशों ने पहले घर के बाहर फायर किया, जिससे एक गोली दरवाजे में जा धंसी। फायरिंग की आवाज सुनकर जब अरविंद घर से बाहर आए तो बदमाशों ने उन पर दूसरा फायर कर दिया। इस दौरान गोली उनके हाथ में जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल होने के बावजूद किसान ने हिम्मत दिखाते हुए बदमाशों का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल किसान को एंबुलेंस की मदद से खतौली सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार बीती 6 फरवरी को किसान के भतीजे की बारात बहसूमा गई थी। वहां डांस को लेकर कुछ लोगों से कहासुनी और गाली-गलौज हो गई थी। आरोप है कि उसी रंजिश को लेकर बदमाशों ने किसान पर जानलेवा हमला किया। परिवार वालों का कहना है कि हमलावरों में एक युवक गांव का ही बताया जा रहा है, जबकि उसके साथ आए तीन अन्य बदमाश नकाब पहने हुए थे। समाचार लिखे जाने तक परिजन पुलिस को तहरीर देने की तैयारी कर रहे थे।पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी और भय का माहौल बना हुआ है।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा बेटा आकाश उर्फ कन्हैया का व्यवहार मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक नही है तथा आकाश उर्फ कन्हैया घर में हर समय क्लेश करता है और घर में गाली-गलौच करता है व अभ्रद भाषा का प्रयोग भी करता है मै व परिवार उसके कृत्य से काफी तंग व परेशान है। इस कारण मै आकाश उर्फ कन्हैया को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूॅ तथा मैने व मेरे परिवार ने उससे अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। आज के बाद उसके द्वारा किये गये कृत्य व लेन-देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**मुकेश देवी पत्नी देवी सिंह**
**निवासी म.न.-333 मौहल्ला**
**झोजगान कस्बा व थाना पुरकाजी**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

# टर्मिनेशन के विरोध में शिक्षणोत्तर कर्मचारी संघ का धरना

**मुजफ्फरनगर।** डी.ए.वी. इंटर कॉलेज, मुजफ्फरनगर में कार्यरत लिपिक अजेंद्र यादव को प्रबंधन द्वारा किए गए टर्मिनेशन की कार्रवाई के विरोध में शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस अन्यायपूर्ण निर्णय के विरोध में शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष विजय त्यागी के नेतृत्व में कर्मचारी धरने पर बैठ गए हैं।

धरना स्थल पर माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राहुल कुशवाहा तथा शर्मा गुट के जिलाध्यक्ष अमित जैन पहुँचे और शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ को अपना पूर्ण समर्थन दिया।

डॉ. राहुल कुशवाहा ने कहा कि किसी भी कर्मचारी के साथ इस प्रकार की कठोर और अन्यायपूर्ण कार्रवाई न केवल उसकी गरिमा को ठेस पहुँचाती है, बल्कि पूरे शिक्षा परिवार के आत्मसम्मान को भी आहत करती है। उन्होंने प्रबंधन की



इस कार्रवाई की घोर निंदा करते हुए कहा कि माध्यमिक शिक्षक संघ इस लड़ाई में शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा।वहीं अमित जैन ने भी कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए इस संघर्ष को पूरी तरह न्यायोचित बताते हुए संगठन की एकजुटता पर बल दिया।

शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष विजय त्यागी ने कहा कि जब तक लिपिक अजेंद्र यादव के साथ हुए अन्याय का समाधान नहीं होगा, तब तक यह धरना जारी रहेगा।

## किसानों को कंपनी के प्रोडेक्ट्स के बारे में दी जानकारी

**बुढ़ाना।** आज गांव मंदवाड़ा में युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा के कृषि फार्म पर हिंदुस्तान उर्वरक एवं रासायनिक लिमिटेड कंपनी के मार्केटिंग मैनेजर प्रवीण कुमार सिंह ने अपनी कंपनी के अपना पावर नाम के प्रोडक्ट उनके फार्म पर गेहूं की फसल में लगवाया गया था जिसका रिजल्ट बहुत अच्छा आया और वहां किसानों को बुलाकर सभी को दिखाया तो सभी किसानों ने देखकर कहा कि यह प्रोडक्ट बहुत अच्छा है। अगली बार हम भी अपने गेहूं में इसका प्रयोग करेंगे। प्रवीण ने कहा कि हमारी कंपनी के सभी प्रोडक्ट बहुत अच्छे आते हैं और हमारी कंपनी हमेशा किसानों के हित के लिए अच्छे अच्छे प्रोडक्ट लाती रहती है और हमारी कंपनी का उद्देश्य रहता है कि कैसे किसानों की कम लागत में आय को दो गुणा किया जा सके।

# चरथावल सीएचसी प्रभारी के खिलाफ भाकियू का धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** चरथावल क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में चल रही विभिन्न अनियमितताओं को लेकर आज भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने चरथावल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) परिसर में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने CHC प्रभारी डॉ. सुरेंद्र कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग की।

किसानों और भाकियू कार्यकर्ताओं का आरोप है कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार लाप. रवाही बरती जा रही है और कई प्रकार की अनियमितताएं सामने आ रही हैं। उनका कहना है कि मरीजों को समय पर उचित उपचार नहीं मिल पा रहा है, जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

धरने के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

**नाम परिवर्तन**

मुम्बई पासपोर्ट ऑफिस से जारी पासपोर्ट संख्या छ7363328 में मेरा नाम Mohammed Raza Mehdi व पिता का नाम Mohd Amir Haider Mehdi व माता का नाम Begum Tathir Fatima Mehdi अंकित है, जबकि मेरे मार्कशीट और अन्य कागजात में मेरा सही नाम Mohd Raza Mehdi व पिता का सही नाम Mohd Amir Haidar एवं मेरी माता का सही नाम Begum Tathir Fatima है, भविष्य में समस्त कार्यो के लिए मुझे मेरे सही नाम Mohd Raza Mehdi से ही जाना, पहचाना व पुकारा जाये।

(MOHD RAZA MEHDI)
09, MOHALLA BERIYAN
JANSATH,
MUZAFFARNAGAR
UP 251314

# धरती माता बचाओ निगरानी समिति का फसल चक्र अपनाने पर जोर

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आज जनपद की उर्वरक समिति एवं धरती माता बचाओ निगरानी समिति की बैठक विकास भवन के सभागार कक्ष में जनपद में आयोजित हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिक. ारी कंडारकर कमलकिशोर देशभूषण, जिला कृषि अधिकारी/सहकारिता गन्ना,व उधान अधिकारी के साथ साथ प्रतिनिधि, मै0 यारा फर्टीलाइर्स लि0, चंबल फर्टिलाइजर , इफ़को, कृषको , ओस्टवाल उर्वरक सहायक एवं थोक एवं उर्वरक प्रदानकर्ता व सुगर मिल बन्धुओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

श्री राहुल तेवतिया जिला कृषि अधिकारी द्वारा वर्तमान समय में किसानों द्वारा रासायनिक उर्वरकों के बढते प्रयोग को कम करने तथा उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग के बारे में जागरूकता को बढाये जाने पर बल देते हुये विस्तारपूर्वक बताया गया। विक्रेताओं को बताया गया कि किसानों को सही समय व सही विधि के अनुसार आवश्यक पोषक तत्वों की सही मात्रा में रासायनिक उर्वरक प्रयोग में लाने के लिये समझाया जाये। बताया गया कि प्रत्येक सप्ताह में एक दिन निर्धारित कर दुकान से जुडे कृषकों को एकत्र कर जागरूकता गोष्ठी आयोजित की जाये। इसमें वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने तथा रासायनिक उर्वरकों के अन्धाधुन्ध प्रयोग को कम करने, इनके दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी करायें। इनके स्थान पर वैकल्पिक उपायों जैसे जैविक खाद में गोबर की खाद, कम्पोस्ट खाद, वर्मी कम्पोस्ट, हरी खाद में ढैंचा, सनई, लोबिया जैसी फसलों को जोतकर मिटी में मिलाना तथा जैब उर्वरक(बायो-फर्टीलाइजर्स) राइजो. बियम, एजोटोवेक्टर, फॉस्फेट साल्युबिलाइजिंग बैक्टीरिया (पी0एस0बी0) में प्रयोग के बारे में अवगत कराया गया। बैठक में अवगत कराया गया कि किसानों को फसल चक्र अपनाने के लिये प्रेरित किया जाये। इसमें दलहनी फसलों को फसल चक्र में शामिल करना एवं एक ही खेत में विभिन्न फसलें उगाने को कहा गया। अवगत कराया गया कि किसानों को फसल अवशेष को जलाना नहीं चाहिये, अपितु इसको मिटी में मिलाकर कम्पोस्ट खाद के रूप में प्रयोग किया जाना चाहिये। यदि किसान सन्तुलित उर्वरकों का प्रयोग करेगा तो इससे वह अधिक एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राप्त कर सकेगा, जिसका बाजार विक्रय मूल्य अच्छा प्राप्त होगा। इससे मिटी की उर्वरता बनी रहती है। पर्यावरण संरक्षित रहता है। इससे लागत में कमी व लाभ में वृद्धि होगी। विक्रेताओं को बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार कृषक को उनकी जोत वही एवं फसल में संस्तुत मात्रा के अनुसार ही उर्वरक विक्रय की जाये। इसका सम्पूर्ण विवरण विक्रय पंजिका में अंकित किया जाये। आगामी सत्र से किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर उसमें अंकित कृषित भूमि के आधार पर उर्वरक प्राप्त हो सकेगी। ज़िलाधिकारी द्वारा बताया गया की नियमों का पालन करते हुए काम करे कोई भी परेशानी हो तो मुझसे सीधे संपर्क कर सकते है, फिर भी अगर उर्वरक वितरण को लेकर या टॉप 20 में कोई भी विक्रेता आता है या टैगिंग करता है तो कंपनी , थोक व खुदरा विक्रेता के विरुद्ध कार्यवाही की जाये और सीधे एफआईआर दर्ज कराए जाने हेतु निर्देश दिए गए।

# मंत्री अनिल के समर्थकों का गुस्सा फूटा

## सपा विधायक का पुतला फूंककर किया प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** जिले के सियासी दिग्गजों में छिड़ी जुबानी जंग ने जिले की शांत सियासी फिज़ा में उबाल ला दिया है,प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार के खिलाफ सपा विधायक पंकज मलिक और जिलाध्यक्ष जिया चौधरी के बयानों से नाराज समर्थकों ने पुरका. जी में प्रदर्शन कर सपा विधायक पंकज मलिक का पुतला फूंकते हुए नाराजगी जाहिर की है।

सपा के इन दोनों नेताओं का कार्यक्रम का संबोधन एक वीडियो के रूप में सोशल मीडिया पर भी वायरल होने के बाद सोमवार को लोगों ने पुरक. ाजी में नारेबाजी के साथ प्रदर्शन कर सपा विधायक का पुतला फूंका। हालांकि मंत्री अनिल कुमार की कोई प्रतिक्रिया तो नहीं आई, लेकिन उनके समर्थकों में नाराजगी है।

दरअसल रविवार को महावीर चौक पर स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर कांशीराम जयंती पर आयोजित समारोह में चरथावल से सपा विधायक पंकज मलिक ने कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार के खिलाफ तीखा राजनीतिक बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि एक ऐसा व्यक्ति जो समा. जवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के परिश्रम पर, अखिलेश यादव की मेहरबाजी से समाजवार्टी पार्टी के वोट पाकर सत्ता में पहुंचा और मंत्री बना, वह आज सपा नेताओं के बारे में अपशब्द कहता है, अखिलेश यादव पर टिप्पणी करता है, जबकि हैसियत अखिलेश जी के सामने खड़े होकर बोलने की भी नहीं थी।

पंकज मलिक सिर्फ यही नहीं रुके और कहा कि सपा नेताओं को गुंडा कहते हो, अरे गुंडे आप हो, आपकी मानसिकता में गुंडई है, आपने अहंकार वालों को लोकसभा चुनाव लड़ाया, अहंकार को पालने का काम किया, आपसे ज्यादा अहंकार किसी में नहीं है, सपा कार्यकर्ताओं को धोखा देने का काम किया। , सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने भी कहा कि पुरकाजी सीट से जिस व्यक्ति को सपा कार्यकर्ताओं ने रात दिन कड़ी मेहनत कर चुनाव जिताया, वह दूसरे पाले में खड़े हो गए। जिलाध्यक्ष ने यहां दोगला शब्द का भी इस्तेमाल किया।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र सनोज व पुत्रवधु श्रीमति बबीता मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने में नही हैं। आवारा लोगो की संगत में रहकर आवारा हो गए हैं।आय दिन छोटी-छोटी बात पर मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गाली गलौच कर मारपीट झगडा फसाद करते हैं। मैने इनकी नाजायज हरकतों को देखते हुए इन्हें अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इससे सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। इनके किसी भी लेन-देन या झगडा फसाद या कृत्य अपकृत्य के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**बलजोरा पुत्र दीलीप**
**निवासी-म.नं० 84. ग्राम**
**बढीवाला, डाकखाना रई,**
**थाना छपार,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# गऊशाला के लिए जमीन दिलाने के नाम पर साधू से ठगे 28 लाख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ निर्मोही अखाड़ा आश्रम के साधु विष्णुदास महाराज से गऊशाला के लिए जमीन दिलाने के नाम पर 28 लाख रुपये की ठगी कर ली है। पीड़ित साधु ने सीओ भोपा को प्रार्थना पत्र देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र की तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित निर्मोही अखाड़ा आश्रम के साधु विष्णुदास महाराज ने सोमवार को मोरना में सीओ भोपा के कार्यालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसने गऊशाला बनाने के उद्देश्य से ग्राम बघरा की अपनी पुश्तैनी जमीन बेच दी थी, जिससे उनके पास अच्छी खासी रकम आ गई थी।

आरोप है कि गांव सीकरी निवासी व्यक्ति ने सीकरी के जंगल में 40 बीघा जमीन गऊशाला बनाने के लिए दिखाई। इस जमीन में यूकेलिप्टस के पेड़ खड़े होने की बात कही गई। जमीन अपने नाम कराने का भरोसा दिलाकर आरोपी ने बीते 17 फरवरी को 25 लाख रुपये तथा 27 फरवरी को 3 लाख 50 हजार रुपये, कुल 28 लाख 50 हजार रुपये ले लिए। आरोप है कि 18 मार्च 2026 को एक व्यक्ति, जो खुद को पटवारी बता रहा था, के कहने पर जमीन का एक ठेकानामा नोटरी के माध्यम से तैयार कराया गया। बाद में जब वह जमीन की देखरेख के लिए गांव सीकरी में पहुंचे तो वहां एक व्यक्ति खेत में सिंचाई कर रहा था। पूछने पर उसने बताया कि यह जमीन वह 15 दिन पहले खरीदकर बैनामा करा चुका है और सीकरी में इस नाम का कोई व्यक्ति नहीं रहता। यह सुनकर पीड़ित को अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ। फर्जी लेखपाल ने भी दाखिल खारिज कराने के एवज में 26 हजार रुपये लिए। पीड़ित ने बताया कि जब रुपये वापस मांगे गए तो, उस समय भोकरहेड़ी निवासी व्यक्ति सहित अन्य व्यक्ति भी आश्रम में मौजूद थे तथा पैसे देने की वीडियो भी उनके पास है पीड़ित साधु ने आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने तथा ठगी की रकम वापस दिलाने की मांग की है।सीओ देवव्रत वाजपेई ने बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच के उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

## तेज हवा व ओलावृष्टि से खेतो में खड़ी फसलें बिछी

**बुढ़ाना।** यहां पर लगातार दो दिनों से एक बार फिर मौसम ने पलटी मारी है। बीती देर रात हल्की बारिश, तेज हवा और ओलावृष्टि हुई। जिसके चलते दिन ठंडा रहा। खेतों में खड़ी किसानों की गेंहू व सरसों की फसल बिछ गयी। युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा ने बताया कि उनके मंदवाडा गांव के में काफी किसानों के खेतों में खड़े गेंहू आंधी के आने से खेतों में गिर गये। इसमें किसानों को काफी नुकसान हुआ है। इसी तरह से अन्य गांवों के किसानों के गेंहू के नुकसान की खबर है। उन्होंने प्रशासन से खेतों का दौरा किए जाने और पीड़ित किसानों को उसी आधार पर मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत सात दिवसीय कैंप का हुआ शुभारंभ




**बुढ़ाना।** एसडी गर्ल्स पीजी कॉलेज बुढ़ाना की राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत 7 दिवसीय विशेष शिविर आयोजन का शुभारंभ ग्राम उकावली में किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान विकास त्यागी सहित अनेकों ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम अधिकारी सहित कालेज प्राचार्य डॉक्टर दिनेश चंद शर्मा ने एनएसएस के उद्देश्य पर प्रकाश डाला और कहा कि एनएसएस का उद्देश्य युवाओं में समाज सेवा की भावना को विकसित करना, नेतृत्व क्षमता को बढ़ाना तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने स्वयंसेवकों को सेवा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का संदेश दिया। कॉलेज की प्रवक्ता रूपाक्षी चौधरी ने एनएसएस के मूल मंत्र नोट मी बट यू का अर्थ बताया और कहा कि स्वयं सेविकाओं को स्वयं से पहले समाज के हित को प्राथमिकता देना होता है। स्वयं सेवकों के 5 ग्रुप बनाए गए। जिनका नाम क्रमश संेट मदर टेरेसा, संेट ईव, संेट एग्निस, संेट मैरी, रानी लक्ष्मीबाई ग्रुप है। सेंट टेरेसा ग्रुप के अंतर्गत संध्या पुंडीर, अंशिका, कनिका, प्रिया रानी, इशा बालियान, गुढन, तनु वघ रिया आदि स्वयं सेविकाओं ने ब्श्वि रतन परम पूज्य बाबा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वार से प्रवेश कर हरिजन बस्ती के परिवार को जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य व स्वच्छता, पर्यावरण, शिक्षा, सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इसी क्रम में सेंट एग्निस ग्रुप के अंतर्गत अंशिका, साक्षी, शिवानी, अंशिका शर्मा, वंशिका, दिव्यांशी, वंशिका और चांदनी आदि स्वयं सेविकाओं ने वाल्मीकि बस्ती में लोगों को जागृत किया तथा महर्षि वाल्मीकि जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उनके जीवन से सीखने की प्रेरणा दी। सेंट ईव ग्रुप के अंतर्गत रुपाली त्यागी, अनन्या त्यागी, एजाज फातिमा, शगुन मलिक, मेहविश, तनीषा, तुलसी व अवंतिका आदि स्वयं सेविकाओं ने मुस्लिम बस्ती में जाकर बेटियों की शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा रानी लक्ष्मीबाई ग्रुप की नम्रा, खुशी मिश्रा, तुलसी, शिवानी व शिवानी पाल आदि स्वयं सेविकाओं ने वैश्विक संकट का सामना कर रहे लोगों को जागरूक किया। सेंट मैरी ग्रुप की काजल शर्मा, रूही राठी, रिया शर्मा, तान्या भट, सलोनी कश्यप, सिमरन व निधि शर्मा ने बस्ती के लोगों को साइबर क्राइम से बचने के उपाय सुरक्षा एवं साइबर के सही उपयोग करने पर प्रकाश डाला। स्वयं सेवकों ने बताया कि नशे की लत व्यक्ति के स्वास्थ्य आर्थिक स्थिति और पारिवारिक संबंधों को कमजोर कर देती है। कार्यक्रम के अंत में स्वयं सेविकाओं और ग्रामीणों ने मिलकर नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। शिविर में डॉक्टर किरण, अनीता राणा, ज्योति, सबा प्रवीण आदि का सहयोग सराहनीय रहा। अंत में कार्यक्रम अधिकारी रूपाक्षी चौधरी ने सबका धन्यवाद किया।

# आठ नगर पंचायतों में तीन-तीन सभासद नामित

**मुजफ्फरनगर।** जिले की दो नगर पालिका के साथ ही 8 नगर पंचायतों में नामित सदस्यों को तर्जी देते हुए नगर विकास विभाग ने इनकी सूची जारी की है। जिसमें पुरकाजी से संजय धीमान, रजत गोयल, वीर सिंह चरथावल से पंकज कश्यप, प्रशांत त्यागी, मोहित गर्ग, सिसौली में याहिया पाल बालियान, देवेन्द्र कश्यप, राजन सिंघल को नामित सभासद के लिए चुना गया है। इसी के साथ बुढाना नगर पंचायत के लिए योगेन्द्र जाटव, विनीत कुमार शर्मा, कुनात कुमार, शाहपुर के लिए सांवत नामदेव, कपिल सैनी, अभिषेक कुमार, जानसठ के लिए वीशु पाल, अंकित सिंघल, सुभाष को चुना गया है। मीरांपुर नगर पंचायत के लिए अशोक सैनी,श्रीमति अरूणा शर्मा, अभिषेक चौधरी के नाम पर सहमति बनी है। भोकरहेडी नगर पंचायत में रविन्द्र वाल्मीकि, संजीव कश्यप, ललित कुमार के नाम शामिल है।

# सपा नेता साजिद हसन फिर बने मीडिया प्रभारी

**मुजफ्फरनगर।** लगातार समाजवादी पार्टी में युवा राजनीति से वर्तमान तक अनेक पदों पर रहकर पार्टी में अग्रणी जुझारू नेता की पहचान रखने वाले शानदार वक्ता सपा की मजबूत आवाज व पार्टी के लिए अपनी लेखनी से भी सेवा करने वाले साजिद हसन को फिर से जिला मीडिया प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति पर आज जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट द्वारा की गई कार्यकारिणी में सपा नेता साजिद हसन के लगातार सक्रिय संघर्ष को देखते हुए समाजवादी पार्टी का फिर से जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया है। सपा नेता साजिद हसन को पुन: जिला मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर सपा कार्यकर्ताओं व उनके समर्थकों ने स्वागत करते हुए खुशी का इजहार किया।

# केवाईसी न होने से दो लाख से ज्यादा गैस उपभोक्ता परेशान

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में गैस उपभोक्ताओं के लिए सिलेंडर पाना एक बड़ी चुनौती बन गया है। सिलेंडर की उपलब्धता से ज्यादा अब 'केवाईसी' और तकनीकी खामियों ने ग्राहकों की नींद उड़ा रखी है। जिले की विभिन्न गैस एजेंसियों पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन सर्वर की सुस्त रफ्तार और बुकिंग की समस्याओं के कारण काम घंटों लटका रहता है।

2 लाख से ज्यादा उपभोक्ता प्रभावितरू जिले में कुल 6,40,444 पंजीकृत गैस उपभोक्ता हैं। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, इनमें से 2,47,646 उज्ज्वला योजना के लाभार्थी हैं, जबकि 2,791 व्यावसायिक कनेक्शन धारक हैं। चिंताजनक पहलू यह है कि दो लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं की केवाईसी अभी भी पेंडिंग है। जिन उपभोक्ताओं ने लंबे समय से सिलेंडर नहीं लिया है, उन्हें अनिवार्य केवाईसी के लिए घंटों लाइनों में पसीना बहाना पड़ रहा है।

एजेंसियों पर हंगामा और अजीबो-गरीब समस्याएं शहर के आर्यपुरी स्थित आनुधिक गैस सर्विस पर लाइन में लगे रहने से उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे रहा है। वार्ड-44 के सभासद इरशाद अंसारी और सरवट गेट निवासी सुमन देवी सहित अनेक उपभोक्ताओं ने बताया कि उनके पास सिलेंडर बुक करने से पहले ही 'डिलीवरी सफल' होने के फर्जी मैसेज आ रहे हैं। वहीं, कई ग्राहकों की स्क्रीन पर पुरानी बुकिंग ही दर्शाई जा रही है, जिससे वें नया सिलेंडर बुक नहीं कर पा रहे हैं। **प्रशासन का पक्ष:** किल्लत नहीं, तकनीकी सुधार जारी बढ़ते हंगामे और लंबी लाइनों पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला पूर्ति अधिकारी द्धक्ैव्ऋ ओमहरि वाजपेई ने स्पष्ट किया कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि सर्वर पर अत्यधिक दबाव के कारण कुछ तकनीकी समस्याएं आ रही हैं। सभी गैस एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे अतिरिक्त काउंटर लगाकर केवाईसी प्रक्रिया में तेजी लाएं और तकनीकी गड़बड़ियों को जल्द से जल्द दूर कर उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करें। जिले में प्रतिदिन 14 हजार से ज्यादा गैस सिलेंडर की आपूर्ति हो रही है।

# फार्मेसी प्रोफेशनल्स की देशभर में जरूरत, शोध कार्य बढ़ाने पर विशेषज्ञों ने दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भोपा रोड स्थित एस.डी. कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड वो. केशनल स्टडीज में 'बायोस्टार्ट 2.0 ट्रांसलेशनल रिसर्च फॉर सस्टेनेबल ड्रग डिस्कवरी एंड एनवायरनमेंटल हेल्थ' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य शुभारंभ हुआ। हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।

फार्मेसी क्षेत्र में नवाचार की आवश्यकता मुख्य अतिथि अनिल कुमार ने संस्थान को बधाई देते हुए कहा कि बायोस्टार्ट 2.0 युवाओं को औषधि खोज और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में ऐसी दवाइयों की आवश्यकता है जो प्रभावी होने के साथ-साथ पर्यावरण के अनुकूल भी हों। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जामिया हमदर्द के प्रो. फरहान जलीस अहमद और उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष संदीप बडोला उपस्थित रहे। उन्होंने फार्मेसी प्रोफेशनल्स को शोध और उद्यमिता के नए अवसरों से अवगत कराया।

सम्मेलन में भारत सहित अमे. रिका, दक्षिण कोरिया, सऊदी अरब, नेपाल और इराक जैसे देशों के लगभग 1000 शोधकर्ताओं और प्रोफेसरों ने हिस्सा लिया। एकेटीयू के कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने अपने संदेश में इस आयोजन को शोध और उद्योग के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु बताया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता डॉ. हरीश दुरेजा (रोहतक) और डॉ. दिनेश कुमार (हरियाणा) ने सतत औषधि विकास पर तकनीकी व्याख्यान दिए।

ग्लोबल पैनल ने साझा किए विचार: ऑनलाइन माध्यम से जुड़े अंत. रराष्ट्रीय विशेषज्ञों, जिनमें यूएएमएस के डॉ. सी. कार्तिकेयन, पडर्ड्यू यूनिवर्सिटी के डॉ. दिगंबर के. वाइकर और चुंग-आंग यूनिवर्सिटी (दक्षिण कोरिया) के डॉ. विनीत राज शामिल थे, ने दवाओं के सुरक्षित उत्पादन और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के वैश्विक मानकों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

एस.डी. ग्रुप के चेयरमैन नीरज कुमार, सचिव ध्रुव कुमार और कॉलेज निदेशक डॉ. अरविंद कुमार ने सभी अतिथियों का सम्मान किया। अंत में डॉ. अरविंद कुमार ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन भविष्य में फार्मास्यूटिकल अनुसंधान को नई दिशा प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में डॉ. वैशाली, डॉ. भूवानेन्द्र सिंह सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने जनता दरबार लगाकर सुनी समस्याएं

**बुढ़ाना।** उपजिलाधिकारी कृष्णकांत विश्वकर्मा की उत्कृष्ट कार्यशैली और जनसेवा के प्रति अटूट निष्ठा ने बुढ़ाना तहसील को उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान पर प्रतिष्ठित किया है। आज सोमवार को भी उन्होंने निर्धारित समय पर जनसुनवाई शुरू कर पारदर्शिता और त्वरित निस्तारण की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उनकी कार्यप्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध समाधान है, जिसने बिचौलियों के प्रभाव को समाप्त कर सीधे जनता का विश्वास जीता है। जनहित के प्रति एसडीएम का समर्पण इस कदर है कि वह फरियादियों की पीड़ा सुनने के लिए अक्सर अपने विश्राम और भोजन के समय का भी परित्याग कर देते हैं। इसी कठोर परिश्रम और पारदर्शी शासन का प्रतिफल है कि शिकायतों के निस्तारण में बुढ़ाना ने समूचे प्रदेश में कीर्तिमान स्थापित किया है।

# तहसीलकर्मियों ने पैमाईश कर प्वाइंट किए चिंहित

**बुढ़ाना।** एसडीएम कृष्णकांत ब्श्विकर्मा के निर्देश पर सोमवार की सायं नायब तहसीलदार अमन सिंह के नेतृत्व में तहसीलकर्मियों ने विवादित खसरा संख्या 2777 रास्ता और बंजर की सरकारी सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर किये जा रहे ।



अवैध कब्जे के ध्वस्तीकरण की मांग के चलते पैमाइश करते हुए प्वाइंट चिंहित किए। शिकायतकर्ता भाजपा नेता आदेश त्यागी ने बताया कि खसरा संख्या 2777 रास्ता व बंजर सार्वजनिक रास्ते के उपयोग में आने वाली भूमि पर हसीन पुत्र नूर मौहम्मद व दिलनवाज पुत्र अब्दुल गफ्फार आदि ने अवैध कब्जा कर रखा है। खाली पडी जमीन पर योजनाबद्ध तरीके से आगे दीवार बनाकर पीछे से प्लाटिंग कर भोले भाले व्यक्तियो को गुमराह कर 10-15 हजार रूपये प्रति वर्ग गज के हिसाब से सरक. ारी जमीन को बैंचकर मोटी रकम इक्ठा कर रहे हैं जिससे सरकार को राजस्व की हानि हो रही है। उपरोक्त व्यक्तियो के द्वारा किये गये अवैध कब्जे का ध्वस्तीकरण कराने के साथ ही प्लाटिंग में बैंची जा रही सरकारी जमीन को बैचने वाले भूमाफिया किस्म के लोग हैं।

जिन्होने पूर्व में भी नगर पंचायत बुढाना की अत्यधिक भूमि पर अवैध कब्जे किये हुऐ हैं लेकिन उक्त विपक्षी राजनैतिक रसूख के व्यक्ति होने के कारण आज तक विपक्षियों के खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही किसी प्रकार की नही हो पायी है। जिससे विपक्षियों के हौंसले बुलन्द हो रहे हैं ओर विपक्षी मौका मिलते ही सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करके उसे विक्रय कर देते हैं। इसी प्रकार का प्रकरण खसरा संख्या 2777 की भूमि पर भी विपक्षियों के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने इसकी शिकायत विगत दिवस मुख्यमंत्री को भेजी थी। इसी के तहत आज तहसील से टीम आई और उन्होंने पैमाइश कर प्वाइंट चिंहित किए। इस दौरानघ लेखपाल ओमप्रकाश भी रहे।

# दी. गुड़ खाण्डसारी एंड ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन में लगा नि:शुल्क आँखों का शिविर

**मुजफ्फरनगर।** दी. गुड़ खाण्डसारी एंड ग्रेन मर्चेंट एसो. के अध्यक्ष संजय मित्तल व महामंत्री हरीशंकर तायल ने बताया की एसो. के कार्यालय पर जिला चिकित्सालय के व विवेकानंद नेत्रालय आई हॉस्पिटल देहरादून के सहयोग से आंखों का नि:शुल्क शि. विर लगाया गया ।



उन्होंने बताया कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य व्यापारियों कर्मचारी व मजदूरो के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है वह स्वास्थ्य लाभ देना है शिविर में डॉक्टर्स द्वारा 126 मरीजों की जांच की गई जांच में जिन मरीजों को चश्मो की आवश्यकता महसूस हुई उन्हें निरूशुल्क चश्मे दिए गए तथा आंखों की ड्रॉप नि:शुल्क वितरित की गई तथा डॉक्टरो ने आंखों से संबंधित विभिन्न समस्याओं की जांच कर आवश्यक जानकारी दी जांच में 13 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया जिन्हे ऑपरेशन के लिए गाड़ी द्वारा देहरादून विवेकानंद नेत्रालय ले जाया गया ।

जहां उनका निशुल्क ऑपरेशन होगा इसमें देहरादून के रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी असीमात्मानंद महाराज का भी सहयोग रहा शिविर में संजय मित्तल हरिशंकर तायल सुरेंद्र कुमार बंसल राजेश गोयल मनमोहन मुंधडा नितिन सिंघल राजेंद्र सिंघल अमित जैन श्याम सिंह सैनी अनुज कुमार अंकित गर्ग विवेक गर्ग अनुज सिंगल संदीप गुप्ता मनोज कुमार चिन्मय मित्तल मुकेश प्रधान आदि सभी का सहयोग रहा।

# तीन दिवसीय जनगणना फिल्ड ट्रेनर प्रशिक्षण का डीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददात**

**मुजफ्फरनगरं।** जनपद मुजफ्फरनगर में आगामी जनगणना. 2027 की तैयारियों के क्रम में आज एसडी पब्लिक स्कूल भोपा रोड में फील्ड ट्रेनरों का द्वितीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन हो रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण जिलाधिकारी श्री उमेश मिश्रा द्वारा किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद में जनगणना कार्य को सुचारू, व्यवस्थित एवं त्रुटिरहित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में जनपद के नामित फील्ड ट्रेनरों को जनगणना कार्य से संबंधित महत्वपूर्ण 33 बिंदुओं पर मास्टर ट्रेनरों द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान कि गई जानकारियां।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी श्री उमेश मिश्रा द्वारा प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम की प्रगति का अवलोकन किया गया तथा उपस्थित प्रतिभागियों को जनगणना कार्य की महत्ता से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का व्यापक एवं महत्वपूर्ण अभियान है, जिसके माध्यम से देश की जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, आवासीय स्थिति, साक्षरता, रोजगार सहित विभिन्न महत्वपूर्ण आंकड़ों का संकलन किया जाता है। इन आंकड़ों के आधार पर ही सरकार द्वारा विभिन्न विकास योजनाओं एवं नीतियों का निर्माण किया जाता है। इसलिए जनगणना कार्य को अत्यंत गंभीरता, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न किया जाना आवश्यक है।उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे फील्ड ट्रेनरों से अपेक्षा की कि वे प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान एवं दिशा-निर्देशों को भली-भांति समझें तथा आगे होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रभावी ढंग से प्रशिक्षण प्रदान करें, जिससे जनगणना कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि न हो इस तरह से प्राप्त करें प्रशिक्षण।

उन्होंने मास्टर ट्रेनरों को निर्देश दिए की प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों का बीच-बीच में टेस्ट भी लेते रहें। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा फील्ड ट्रेनरों को जनगणना-2027 के अंतर्गत हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग जनगणना के विभिन्न चरणों, जनगणना की अवधारणाओं, प्रपत्रों के सही एवं त्रुटिरहित संधारण, डिजिटल एप्लीकेशन के उपयोग, फील्ड स्तर पर कार्य के संचालन तथा रिपोर्टिंग प्रणाली के संबंध में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को जनगणना कार्य के दौरान गुणवत्ता, एकरूपता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को यह भी बताया गया कि जनगणना कार्य के दौरान संकलित सभी सूचनाओं की गोपनीयता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पूर्णत: पालन किया जाए साथ ही फील्ड स्तर पर आने वाली संभावित समस्याओं के समाधान के संबंध में भी विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 व17 18 मार्च 2026 तक संचालित किया जाएेगा, जिसमें नामित फील्ड ट्रेनरों को चरणबद्ध रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत यही फील्ड ट्रेनर अपने-अपने कार्यक्षेत्र में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, जिससे जनगणना 2027 का कार्य जनपद में सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराया जा सकेगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान भी विशेषज्ञों द्वारा किया गया तथा जनगणना से संबंधित विभिन्न व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों द्वारा सभी फील्ड ट्रेनरों से अपेक्षा की गई कि वे प्राप्त प्रशिक्षण का समुचित उपयोग करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में जनगणना कार्य को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार, मास्टर ट्रेनर के रूप में रुपेश कुमार, अपर जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी धुरेन्द्र तोमर, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग (प्रांतीय खंड) तथा जनगणना निदेशालय से उपस्थित श्रीमती ज्योति नामदेव एवं गौरव गुंजन द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं नामित फील्ड ट्रेनर उपस्थित रहे।

## पुलिया चौड़ीकरण को लेकर विद्युत विभाग हटाएगा

**मोरना।** कस्बे के मुख्य चौराहे पर स्थित संकरी पुलिया के कारण वाहन चाल. कों और राहगीरों को लंबे समय से जाम की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिया के चौड़ीकरण की मांग को लेकर समाजसेवी वर्षो से प्रशासन से गुहार लगाते रहे हैं। वहीं पुलिया किनारे खड़े खड़े खम्बे हटाने को लेकर विद्युत विभाग के अवर अभियंता ने मौके पर आकर निरीक्षण किया।भोपा क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी निवासी सपा नेता डॉ. अलीशेर अंसारी ने बताया कि उन्होंने पुलिया के चौड़ीकरण के लिए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया था। इसके बाद सोमवार को पुलिया चौड़ीकरण को लेकर विद्युत विभाग के अवर अभियंता ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।निजामपुर उपकेंद्र पर तैनात विद्युत विभाग के अवर अभियंता पंकज कुमार ने पुलिया के पास खड़े बिजली के खंभों को हटाने को लेकर स्थल का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि भोकरहेड़ी से 33 हजार केवीए की लाइन निजामपुर बिजलीघर तक जाती है, जिसके पोल पुलिया के समीप लगे हुए हैं। पुलिया चौड़ीकरण के कार्य को देखते हुए इन पोलों को हटाया जाएगा।वहीं लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता मोनी सिंह ने बताया कि पुलिया का दोनों ओर लगभग चार-चार मीटर तक चौड़ीकरण प्रस्तावित है। इसके लिए विद्युत विभाग को पुलिया के पास से बिजली के पोल हटाने को कहा गया हैं। ताकि निर्माण कार्य में कोई बाधा न आए।

# तेज़ बारिश से मोरना में गेहूं की फसल को नुकसान

**मोरना।** क्षेत्र में रविवार की रात तेज़ आंधी के साथ हुई बारिश से किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है गेंहूँ व सरसों की फसलों का अनेक स्थानों पर बिछोना बन गया है किसानों ने दोनो फसलो को नुकसान बताया है। भोकरहेड़ी निवासी किसान साजिद अंसारी ने बताया कि बीती रात आये तूफान बारिश से उनकी गेहूं की दस बीघा फसल को नुकसान हुआ है। मोरना शुक्रताल मार्ग पर खेती कर रहे प्रगति शील किसान चौधरी बृजवीर सिंह ने बीती रात हुई बारिश से गेहूं व सरसों की फसल को नुकसान बताते हुए कहा कि दोनों फसलें पकी हुई हालत में हैं।तेज़ हवा व बारिश के कारण फसले धरती पर गिर गयी हैं। शुक्रताल ग्राम प्रधान राजपाल सैनी ने बताया कि गंगा खादर में प्लेज की खेती करने वालों को भी नुकसान हुआ है।ककड़ी, खीरा,लौकी, तरबूज, खरबूजा की बेलों को नुकसान हुआ है।किसान मनोज कुमार उर्फ बिन्नू राठी राजीव चौधरी ने बताया कि हवा बारिश से हुए नुकसान का आंकलन प्रशासन को लेखपाल के माध्यम से करवाना चाहिये। भाजपा युवा नेता अमित अमित राठी ने बताया कि प्रशासन से फसलों के नुकसान का आंकलन कराने को कहा जायेगा

# ग्राम प्रधानों ने की कार्यकाल बढ़ाने की मांग



**मोरना।** मोरना ब्लॉक पर इकठ्ठा हुए ग्राम प्रधान व प्रतिनिधियों ने पंचायत चुनाव को समय पर कराने तथा चुनाव में देरी होने पर प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन राज्यपाल के नाम सौंपा है। खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय पर सोमवार को क्षेत्र के ग्राम प्रधान व प्रतिनिधि इकठ्ठा हुए जहां ग्राम प्रधान संगठन के ब्लॉक् अध्यक्ष रविन्द्र चौधरी व प्रधान मौ उस्मान ने बताया कि आगामी 25 मई को प्रधान का कार्यालय पूरा हो रहा है।प्रशासन समय पर चुनाव कराने की घोषणा करे और संशय की स्थिति को समाप्त करे।अगर प्रशासन चुनाव में किसी कारण कोई देरी करता है तो उसका कारण शीघ्र स्पष्ठ करे। चुनाव में देरी होने पर ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाए। पूर्व में सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों में सरकारी कर्मचारियों को प्रशासक नियुक्त किया जाता रहा है।ऐसा कर सरकारी पैसे का आपस में बन्दर बांट किया जाता था। जो जनहित में उचित नहीं है। संगठन का मानना है कि जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों के स्थान पर प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति उचित नहीं होगी।इस संबंध में संगठन ने मांग की है कि यदि किसी कारणवश पंचायत चुनाव तय समय पर नहीं हो पाते हैं तो जनता द्वारा निर्वाचित मौजूदा त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों, विशेषकर ग्राम प्रधानों का कार्यकाल चुनाव सम्पन्न होने तक बढ़ा दिया जाए।इस सम्बंध में महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन ब्लॉक् में तैनात प्रधान लिपिक जोगेन्द्र सिंह को सौंपा गया है। इस अवसर पर दिनेश राठी बेहड़ा थ्रू, अमित राठी करहेड़ा, सुरेन्द्र भिड़ाहेडी,अंजुम अली,योगेश चौहान, सर्वेश उर्फ वीरू,राजकुमार,शौकीन, ;षिपाल,नज़ाकत,हुसैन अहमद, ज़ाहिद,सागर कुमार, ओमबीर सिंह, प्रीतम सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# हिंदू-मुस्लिम 87 जोड़ों का सामूहिक विवाह

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के बड़ौत रोड पर दयानंद इंटर कालेज के समीप स्थित केशव बैंकट होल में सोमवार के दिन मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत हिंदू और मुस्लिम 87 जोडों के विवाह सम्पन्न हुए। 03 जोड़े बुढ़ाना नगर पंचायत से थे तो कुल 90 जोडे अपने अपने रीति रिवाज़ के अनुसार विवाह बन्धन मे बंधे। यहां मुख्य अथिति बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय लोकदल के विधायक राजपाल बालियान ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास हो रहा है। बिना भेदभाव के सभी पात्र परिवारों को पूरे प्रदेश में किसी ना किसी योजना का लाभ मिल रहा है। आज यहां पर 60 जोड़े मुस्लिम और 30 जोड़े हिन्दू हैं। ये सरकार बिना भेदभाव से काम कर रही है। ब्लाक बुढ़ाना के खंड शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार ने अपने ब्लॉक परिवार से मिलकर यहां की व्यवस्था बनाई और विधायक के साथ मिलकर सभी वर वधुओं को अपना आशीर्वाद दिया।

यहां ब्लॉक परिसर की ओर से पुष्पेंद्र बालियान, धर्मेंद्र, विकास तोमर, जीतेन्द्र, आकाश, रोहित, कृषि विभाग के एडीओ और एडीओ पंचायत सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। इस भव्य कार्यक्रम का सफ़ल संचालन ब्लाक कार्डिनेटर नरेंद्र मलिक के द्वारा जबरदस्त तरीके से किया गया। इस अवसर पर प्रत्येक जोड़े को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से एक लाख की सहायता राशि प्रदान की गई। बीडीओ सतीश कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार ने इस योजना के तहत दी जाने वाली कुल सहायता राशि को 50 हजार रूपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया है। इस बढ़ी हुई राशि में से प्रत्येक जोड़े को 65 हजार रुपये नकद दिए जा रहे हैं और शेष 35 हजार रुपये घर गृहस्थी के सामान के लिए दिए गये। विवाह स्थल पर भोजन और अन्य व्यवस्थाएं भी रही। यहां ब्लाक लिपिक मौहम्मद इनाम, रालोद नेता बालकिशोर त्यागी, सुरेंद्र सहरावत, गांव बकडता के प्रधान आशीष चौहान, गांव कुतुबपुर दताना के प्रधान विजय आर्य और आकाश बालियान भी उपस्थित रहे।

## साप्ताहिक बंदी के नियमों की अनदेखी पर व्यापारियों में रोष

**खतौली।** कस्बे में सोमवार को लागू साप्ताहिक बंदी के नियमों का उल्लंघन किए जाने को लेकर स्थानीय व्यापारियों में नाराजगी बढ़ गई है। इस मामले को लेकर व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी निकिता शर्मा को ज्ञापन सौंपकर नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग की। व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन द्वारा सोमवार को बाजार की साप्ताहिक बंदी निर्धारित की गई है, लेकिन इसके बावजूद कई दुकानदार लगातार अपनी दुकानें खोल रहे हैं। इससे उन व्यापारियों को नुकसान हो रहा है जो प्रशासनिक आदेश का पालन करते हुए अपनी दुकानें बंद रखते हैं।व्यापारियों ने बताया कि नियमों का पालन करने वालों और उल्लंघन करने वालों के बीच असमान स्थिति बन गई है, जिससे व्यापारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि यदि प्रशासन इस पर कार्रवाई नहीं करता है तो साप्ताहिक बंदी का कोई औचित्य नहीं रह जाएगा।व्यापारियों ने एसडीएम से मांग की कि सोमवार को साप्ताहिक बंदी का कड़ाई से पालन कराया जाए और नियमों की अनदेखी करने वाले दुकानदारों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में आकाश तोमर, शशि ठोककर, मोहम्मद खान, संयम जैन, राहुल पाल, राजीव अग्रवाल, अमित जैन, शुभम जैन, सौरव जैन, रिहान, शिवम अग्रवाल, नितिन पाल, ललित, डॉ. राजेंद्र खारी और मानस सहित कई व्यापारी शामिल रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू का तहसील पर धरना-प्रदर्शन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** क्षेत्र में किसानों और ग्रामीणों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (अरा. जनीतिक) के कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। युवा ब्लॉक अध्यक्ष सुमित कुमार के नेतृत्व में किसान नेताओं ने उपजिलाधिकारी निकिता शर्मा को आठ सूत्रीय मांगपत्र सौंपते हुए जल्द समाधान की मांग उठाई।

प्रदर्शन के दौरान भाकियू कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि किसानों के 2 किलोवाट के बिजली कनेक्शन को जबरन 3 से 4 किलोवाट में बदला जा रहा है और स्मार्ट मीटर लगाए जाने की प्रक्रिया भी तेजी से चल रही है। संगठन ने इस कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। साथ ही गंग नहर की पटरी पर भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने की मांग भी रखी, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

ज्ञापन में भैंसी कट से भगेला कट तक सड़क के दोनों ओर इंटरलॉकिंग कराने, मंसूरपुर-शाहपुर मार्ग तथा ग्राम खोकनी में सड़कों की कच्ची पटरी को सड़क के स्तर के अनुसार ठीक कराने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। किसानों का कहना है कि कच्ची पटरी के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

इसके अलावा आवारा पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए उन्हें पकड़कर गौशालाओं में भेजने, खतौली तहसील क्षेत्र के गांवों की खतौनी में दर्ज नामों की त्रुटियों को दुरुस्त कराने तथा बढ़ते मच्छरों के प्रकोप को देखते हुए गांवों में दवा का छिड़काव कराने की मांग भी ज्ञापन में शामिल की गई। किसान नेताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग भी प्रशासन के सामने रखी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन करने को मजबूर होगा।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# डिजिटल जनगणना 2027 के फील्ड ट्रेनर्स के प्रशिक्षण शुरू





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नवीन कलेक्ट्रेट के सभागार में डिजिटल जनगणना 2027 के तहत फील्ड ट्रेनर्स के प्रथम बैच के तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का शुभारंभ एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना के महत्व और इसके उद्देश्य के बारे में जानकारी दी।

प्रशिक्षण के पहले दिन मास्टर ट्रेनर के रूप में श्री सचिन विकल, श्री शिव कुमार भारती और श्री रंजीत कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना की अवधारणाओं, जनगणना अधिनियम, प्रगणक क्षेत्र, मकान सूचीकरण प्रक्रिया और अन्य महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर्स को डिजिटल जनगणना की कार्यप्रणाली, डेटा संग्रह के तरीकों और सुरक्षा मानकों पर भी मार्गदर्शन दिया गया। प्रथम दिवस के सत्र में फील्ड ट्रेनिंग से जुड़े विभिन्न आयामों पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रशिक्षकों और प्रतिभागियों के बीच विचारों का आदान-प्रदान हुआ। इस प्रक्रिया से फील्ड ट्रेनर्स को उनकी जिम्मेदारियों और कार्यशैली की समझ विकसित करने में मदद मिली। सत्र का मुख्य उद्देश्य फील्ड ट्रेनर्स को सक्षम बनाना है, ताकि वे आगामी दिनों में प्रगणक और पर्यवेक्षकों को डिजिटल जनगणना 2027 के लिए प्रशिक्षण प्रदान कर सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम से फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना की सभी प्रक्रियाओं में दक्षता प्राप्त होगी और यह सुनिश्चित करेगा कि जनगणना 2027 सफलतापूर्वक संपन्न हो। एसडीएम हामिद हुसैन ने फील्ड ट्रेनर्स से आग्रह किया कि वे प्रशिक्षण में सीखी गई जानकारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ प्रगणकों और पर्यवेक्षकों तक पहुंचाएं। उन्होंने बताया कि सही और सटीक डेटा संग्रह देश की जनसंख्या और संसाधन योजना के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को आगामी दिवसों में होने वाले क्रियाकलापों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। सभी फील्ड ट्रेनर्स ने प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी दिखाई और सवाल-जवाब सत्र में अपनी शंकाओं का समाधान किया। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र से डिजिटल जनगणना 2027 की तैयारियों को मजबूती मिलेगी और यह सुनिश्चित होगा कि फील्ड टीम देशभर में प्रभावी और व्यवस्थित तरीके से कार्य कर सके।

## बीच-बचाव करने पहुंची महिला को लात-घूंसों से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14 मार्च की दोपहर करीब ढाई बजे उसका नाबालिग बेटा सुबहान गली में अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान बच्चों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी विवाद को लेकर गांव के सालिम पुत्र बाबू और अरशद पुत्र हाशिम मौके पर पहुंच गए और उसके आठ वर्षीय बेटे के साथ मारपीट करने लगे। महिला का आरोप है कि जब वह अपने बेटे को बचाने के लिए मौके पर पहुंची और बीच-बचाव करने लगी तो दोनों आरोपियों ने उसके साथ भी लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि सालिम ने चप्पल से उसके सिर पर वार किया और दोनों ने उसे पकड़कर घसीट दिया, जिससे उसके कपड़े फट गए। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन मारपीट करते रहे।

## प्लॉट के बैनामे में धोखाधड़ी का आरोप, विरोध करने पर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** प्लॉट के बैनामे में कथित रूप से रास्ता बढ़ाकर धोखाधड़ी करने और विरोध करने पर मारपीट करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर कोतवाली कैराना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) शामली की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी।

ग्राम खन्द्रावली निवासी फारूख पुत्र मुकरिम ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके पिता मुकरिम पुत्र असगर अली ने वर्ष 2009 में कैराना क्षेत्र के खसरा नंबर 6400 में स्थित करीब 153.14 वर्ग मीटर का एक प्लॉट खरीदा था। पिता की मृत्यु के बाद चार जनवरी 2020 को उक्त प्लॉट मोहल्ला आलदरम्यान कैराना निवासी साईना पत्नी सगीर को चार लाख रुपये में बेच दिया गया था।आरोप है कि बैनामे के दौरान साईना ने अपने पुत्र नसीर के साथ मिलकर धोखाधड़ी करते हुए पश्चिम दिशा में 20 फुट चौड़े रास्ते के अलावा दक्षिण दिशा में भी 15 फुट चौड़ा रास्ता दर्ज करा दिया, जबकि विक्रेता पक्ष को इसकी जानकारी नहीं थी। बाद में जब पीड़ित को इसकी जानकारी हुई और उसने बैनामे में संशोधन कराने की बात कही,तो आरोपी पक्ष लगातार टालमटोल करता रहा। पीड़ित का आरोप है कि 25 सितंबर 2025 को कैराना तहसील में इस मामले को लेकर बातचीत के दौरान आरोपियों ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। साथ ही दोबारा बैनामे में संशोधन की बात करने पर जान से मारने की धमकी दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। फारूक का कहना है कि उसने घटना की शिकायत थाना कैराना पुलिस समेत पुलिस अधीक्षक, जिला. धिकारी और उपजिलाधिकारी से भी की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली कैराना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नाले की सफाई के बाद सड़क पर फैली गंदगी

### बदबू व दुर्गंध से जनता हुई परेशान, मांगी निजात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे में ऊन रोड से होशंगपुर रोड तक स्थित नहरवाई नाले की सफाई के दौरान निकाली गई गंदगी और सिल्ट सड़क किनारे ही डाल दी गई, जिससे स्थानीय लोग और राहगीर कई दिनों से परेशान हैं। सड़क पर फैली गंदगी के कारण पैदल चलने वाले लोगों और वाहन चालकों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इसी मार्ग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आने-जाने वाले मरीज और उनके परिजन भी गुजरते हैं। सड़क पर जमा सिल्ट के कारण रास्ता संकरा हो गया है और बदबू फैल रही है, जिससे आमजन असुविधा झेल रहे हैं। राहग. ीरों को गंदगी से बचते हुए चलना पड़ रहा है और कई वाहन चालकों को अपने वाहनों को धीमी गति से चलाना पड़ रहा है, ताकि किसी तरह का हादसा न हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाले की सफाई का काम किया गया, लेकिन सफाई के बाद निकाली गई सिल्ट को हटाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई। इसके चलते सड़क पर न केवल गंदगी फैली हुई है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिहाज से भी खतरनाक स्थिति पैदा कर रही है। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष तौर पर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने नगर पंचायत से मांग की है कि निकाली गई गंदगी और सिल्ट को सड़क से तुरंत हटवाया जाए और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। उनका कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो राहगीरों और वाहनों के लिए समस्या बढ़ सकती है। इसके अलावा स्थानीय लोग नगर पंचायत से यह भी अनुरोध कर रहे हैं कि भविष्य में नाले की सफाई के दौरान गंदगी को सड़क पर न फेंका जाए और उसे तुरंत हटाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नगर पंचायत प्रशासन से अपेक्षा है कि वह इस समस्या का जल्द समाधान करे ताकि आमजन को होने वाली परेशानी से राहत मिल सके और सड़क मार्ग सुरक्षित और साफ-सुथरा बना रहे। स्थानीय लोग लगातार नगर पंचायत से कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं और क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के दुरुस्ती की दिशा में कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

## दिनदहाड़े घर के बाहर से रहड़ा चोरी, सीसीटीवी में कैद हुए दो युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला मोलानान में घर के बाहर खड़ा एक रेहड़ा चोरो ने चोरी कर लिया।घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें दो अज्ञात युवक रेहड़ा ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं।नगर के मोहल्ला मोलानान निवासी आसिफ पुत्र सागीर ने बताया कि वह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता हैं। रविवार दोपहर वह किराये पर रेहड़ा लेकर घर पहुंचा और उसे घर के बाहर खड़ा कर दिया। कुछ देर बाद जब वह बाहर आए तो रेहड़ा गायब मिला।आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने पर दो युवक उसका रेहड़ा ले जाते हुए दिखाई दिए।पीड़ित ने पुलिस से रेहड़ा बरामद करने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध युवकों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। जल्द ही का खुलासा किया जाएगा।

# वीवीपीजी कॉलेज में युवा प्रतिभा सप्ताह का शुभारंभ

### कविता पाठ व गायन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के वीवीपीजी कॉलेज में सोमवार को युवा प्रतिभा सप्ताह 2025-26 का शुभारंभ उत्साह और उमंग के साथ किया गया। यह कार्यक्रम 16 मार्च से 20 मार्च तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक और रचनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के पहले दिन हिंदी विभाग की ओर से कविता पाठ एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार, डीन डॉ. भूपेंद्र कुमार तथा निर्णायक मंडल के सदस्यों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. नीना छोकरा, कुणाल सिंह और रिचा भारद्वाज मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना के साथ हुई, जिसके बाद प्रतियोगिताओं का सिलसिला प्रारंभ हुआ। सांस्कृतिक समिति की संयोजिका डॉ. बबली रानी ने युवा प्रतिभा सप्ताह 2025-26 के उद्देश्य और कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता को प्रोत्साहित करना और उन्हें अपनी प्रतिभा को मंच प्रदान करना है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सभी प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। डीन डॉ. भूपेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करने का माध्यम बनती हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेना भी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए बेहद जरूरी है। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार ने कहा कि युवा प्रतिभा सप्ताह का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि जब विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ कविता पाठ, संगीत, गायन और अन्य रचनात्मक गति. विधियों में भाग लेते हैं तो उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और उनका व्यक्तित्व निखरता है। प्रतियोगिताओं के परिणामों में कविता पाठ प्रतियोगिता में शिवम भारद्वाज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गिनीसा द्वितीय तथा मोनिका वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं गायन प्रतियोगिता में आशुतोष गौड़ ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि पूजा द्वितीय स्थान पर रहीं। तृतीय स्थान पर शिवम भारद्वाज और जिया टांक संयुक्त रूप से रहे। इस अवसर पर हिंदी विभाग के गिरीश नारायण यादव, डॉ. छवि, डॉ. जविंदर तोमर, निर्भय सिंह, डॉ. मुक. ेश कनौजिया और डॉ. अनुप्रीता सहित कॉलेज के अन्य शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के साथ हुआ।

# सामूहिक विवाह योजना के 82 जोड़ों का विवाह संपंन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद शामली में सोमवार को आर.के. फार्म, ऊन में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विकासखंड ऊन के 72, नगर पंचायत गढ़ी पुख्ता के 4, नगर पंचायत ऊन के 2 तथा नगर पंचायत झिंझाना के 4 सहित कुल 82 जोड़ों का विवाह एवं निकाह पूर्ण विधि-विधान और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य मोहित बेनीवाल तथा ब्लॉक प्रमुख ऊन रामपाल सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा मुख्य विकास अधिक. ारी विनय कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण प्रेमचंद और जिला समाज कल्याण अधिकारी रीतू रस्तोगी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में जिला प्रशासन की ओर से अतिथियों का स्मृति चिन्ह, बुके और शॉल भेंट कर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि मो. हित बेनीवाल ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय और समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना की। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना के अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि को बढ़ाकर अब प्रति जोड़ा एक लाख रुपये कर दिया गया है। इसमें से 60 हजार रुपये की धनराशि कन्या के बैंक खाते में सीधे समाज कल्याण विभाग द्वारा भेजी जाती है। इसके अतिरिक्त 25 हजार रुपये की राशि से सरकार द्वारा निर्धारित वैवाहिक उपहार सामग्री जैसे चांदी की पायल, बिछिया, वस्त्र आदि प्रदान किए जाते हैं। वहीं शेष 15 हजार रुपये की राशि विवाह स्थल, टेंट, भोजन और अन्य व्यवस्थाओं पर खर्च की जाती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को विवाह के खर्च से राहत प्रदान करना और समाज में समानता व भाईचारे की भावना को मजबूत करना है। कार्यक्रम के दौरान नवविवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप प्रशासन द्वारा समाज के जरूरतमंद और पात्र लोगों तक ही योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष से सामूहिक विवाह में शामिल जोड़ों की बायोमैट्रिक और फेसियल उपस्थिति के बाद ही विवाह या निकाह संपन्न कराया जा रहा है।

## बेरोजगार युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन योजना के अंतर्गत बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद शामली में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेगा जॉब फेयर 17 मार्च, मंगलवार को सिटी ग्रीन्स, दिल्ली रोड, शामली में आयोजित होगा। रोजगार मेले का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा किया जा रहा है, जिसमें जिले तथा आसपास के क्षेत्रों के युवा बड़ी संख्या में भाग ले सकेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस रोजगार मेले में देश और प्रदेश की लगभग 40 प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। इन कंपनियों में करीब 7000 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। मेले में आठवीं पास से लेकर हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा, बीबीए, बीसीए, एमबीए, एमसीए, बी-टेक, बी-फार्मा, डी-फार्मा और फैशन डिजाइनिंग जैसे विभिन्न पाठ्यक्रमों से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में फार्मा, स्वास्थ्य, मार्केटिंग, ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री, मैन्युफैक्चरिंग, निर्माण कार्य, सर्विस सेक्टर और सिक्योरिटी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी के अवसर मिलेंगे। इस मेले में टाटा मोटर्स, एमआरएफ टायर, याजाकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, विवो, लावा मोबाइल्स, डिक्सन टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जेके टायर, एलआईसी, पुखराज हेल्थकेयर, युवा शक्ति फाउंडेशन, एसआईएस सहित कई प्रमुख कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार नामदेव ने बताया कि रोजगार मेला सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कराकर अपने साथ 10 बायोडाटा, आधार कार्ड, फोटो तथा शैक्षिक प्रमाण पत्र लेकर मेले में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह रोजगार मेला पूरी तरह नि:शुल्क है। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 155330 पर संपर्क किया जा सकता है।

## झिंझाना में महिला से छेड़छाड़ व पीछा करने का आरोप, कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के गांव की एक विवाहित महिला ने एक युवक पर उसके पीछा करने और धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, महिला किसी काम से झिंझाना जा रही थी, तभी आरोपी युवक ने उसका घर से ही पीछा करना शुरू कर दिया। झिंझाना पहुंचने पर आरोपी ने पीड़िता को एक पर्ची दी, जिस पर उसने अपना नाम और मोबाइल नंबर लिखा और दोस्ती करने का दबाव बनाया। जब महिला ने ऐसा करने से इनकार किया, तो आरोपी ने उसे बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़िता ने मौके पर शोर मचाया, जिससे आसपास की भीड़ इकठा हो गई। इस अवसर का फायदा उठाकर आरोपी वहां से फरार हो गया। पीड़िता ने पहले भी थाना पुलिस और उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी, लेकिन मामले में कार्रवाई के लिए न्यायालय के आदेश की आवश्यकता पड़ी। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब आरोपी की तलाश कर उसे गिरफ्तार करने के प्रयास कर रही है। मामले में पीड़िता और ग्रामीणों ने आरोपी पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जांच के बाद दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह मामला महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति प्रशासन की सक्रियता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता से मारपीट, 11 के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला इदरीश बैग बिहार निवासी एक विधवा महिला ने अपनी बेटी के साथ मारपीट व अतिरिक्त दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए ससुराल पक्ष के 11 लोगों के खिलाफ थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रविवार को पीड़ित महिला ने बताया कि उसने अपनी बेटी इकरा की शादी 22 मई 2025 को कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी नदीम पुत्र यामीन के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी में करीब 10 लाख रुपये खर्च कर सोने-चांदी के जेवरात व अन्य सामान दिया गया था।आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये की मांग करने लगे । मांग पूरी नही होने पर पति नदीम व अन्य परिजनों ने इकरा के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। विवाहिता ने मामले की सूचना अपने परिजनों को दी।परिजनों ने घायल को पहले कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर होने पर करनाल रेफर कर दिया गया। बाद में उसे दिल्ली अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है और उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित विधवा महिला की तहरीर पर नदीम, यामीन, आसमा, नावेद, सबिया, सबा, सुल्ताना, आसिफ, रिजवाना, सहजाद, रेनू व फिरोज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जल्दी जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# हेलमेट न होने पर व्यापारी का काटा चालान, शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे में हेलमेट न पहनने पर एक व्यापारी का चालान काटे जाने के बाद व्यापारियों ने रोष प्रकट किया। व्यापारी ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि बिना सही जानकारी के चालान काटकर व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। साथ ही चालान में दर्शाई गई लोकेशन और समय को भी गलत बताया गया है। पीड़ित व्यापारी ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराते हुए संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



कस्बा निवासी तरुण सैनी ने रेलवे मार्ग स्थित माता मंदिर के निकट बालाजी खाद बीज भंडार के नाम से दुकान कर रखी है। व्यापारी क्षेत्र के किसानों सहित खाद-बीज आसपास के छोटे दुकानदारों को थोक में सप्लाई करने का काम करता है। व्यापारी का आरोप है कि सोमवार सुबह वह अपने घर से दुकान की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में एक पुलिसकर्मी ने उसे रोक लिया और उसकी बाइक की फोटो खींचकर हेलमेट न पहनने का हवाला देते हुए चालान कर दिया।व्यापारी का कहना है कि कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर चालान का मैसेज प्राप्त हुआ, जिसमें चालान की लोकेशन शामली दर्शाई गई थी, जबकि घटना कांधला क्षेत्र की है।

इसके अलावा चालान का समय भी लगभग दोपहर तीन बजे का दर्ज किया गया, जबकि उस समय वह अपनी दुकान पर मौजूद था। इसको लेकर व्यापारी ने चालान प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए इसे गलत बताया। मामले को लेकर पीड़ित व्यापारी कस्बे के अन्य व्यापारियों अमित गर्ग, कन्हैया चावला, सेठपाल और रामबीर सहित थाने पहुंचा और थाना प्रभारी से मिलकर पूरे प्रकरण की जानकारी दी। व्यापारियों ने चालान की जांच कर निस्तारण करने की मांग की। साथ ही तरुण सैनी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराते हुए दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अन्य व्यापारियों का कहना है कि पुलिस द्वारा आए दिन चालान काटे जा रहे हैं, जिससे व्यापारियों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है। उनका कहना है कि कस्बे में व्यापार करने के लिए उन्हें दिनभर बाइक से ही इधर-उधर आना-जाना पड़ता है, लेकिन पुलिस बिना उचित जांच के चालान कर रही है। व्यापारियों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# लेखपाल को धमकी व मानसिक उत्पीड़न करने की हुई निंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** तहसील कैराना में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की आपात बैठक आयोजित कर ग्राम पांवटीकलां निवासी युवक पर लेखपाल को धमकी देने और मान. सिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया। संघ पदाधिकारियों ने मामले की निंदा करते हुए प्रशासन से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सोमवार को तहसील कैराना में आयोजित बैठक में लेखपाल लवक. ेश की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र पर चर्चा की गई।

प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया कि ग्राम पांवटीकलां निवासी अमित कुमार पुत्र रकम सिंह ने उनके खिलाफ झूठी शिकायत कराई है और बैनामा हस्तांतरण रिपोर्ट को नियम विरुद्ध बदलवाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। साथ ही जान से मारने की धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने आरोपों को गंभीर बताते हुए इसकी घोर निंदा की और कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो किसी अप्रिय घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। संघ के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी कैराना निधि भारद्वाज को पत्र भेजकर मामले में सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए अमित कुमार के खिलाफ नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है। बैठक में तहसील कैराना लेखपाल संघ की अध्यक्ष पूजा खैवाल, सचिव प्रदीप कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत पंवार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष छाया चौधरी, सह सचिव शुभम सरोहा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**सूचना**

शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

**सुनील वर्मा**

(जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)

मो. 8630354443

कार्यालय पता:- ऊपरी मंजिल ओम प्लाजा मार्केट, इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली

# दुकान की टीन शेड गिरी, दो की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** रात के अंधेरे अचानक तेज आंधी बारिश से बचने के लिए सड़क किनारे बनी दुकान के टीन सेड में रुके दो दोस्तों के ऊपर गिर गया टीन शेड गिर गया जिसमें दोनों व्यक्ति दब गए। गस्त के दौरान थाना सरसावा पुलिस की नजर पड़ी तो पुलिस ने दोनों को बाहर निकल अस्पताल लेकर पहुंची जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक थाना सरसावा क्षेत्र ग्राम भटपुरा निवासी 50 वर्षीय पूर्व ग्राम प्रधान जयपाल सिंह सैनी पुत्र बिसंभर सिंह एवं 52 वर्षीय राममुकेश सैनी पुत्र लालसिंह निवासी गांव नवादा थाना सरसावा रविवार को रात करीब 10:30 बजे अपने घर लौट रहे थे तभी आसमान में बिजली चमकने लगी बारिश एवं तेज हवाएं चलने लगी बारिश से बचने के लिए वह नकुड रोड पर एक दुकान के आगे लगे टीन शेड में रुक बारिश हवाएं रुकने का इंतजार करने लगे तभी तेज हवा से भारी भरकम टीन शेड उन दोनों के ऊपर गिर गया।



रात में गस्त के दौरान पुलिस की टूटे टीन शेड पर नजर पड़ी तो पुलिस उसके नीचे यक्ति दबे दिखे आनन फानन में पुलिस दोनों लोगों को बाहर निकाल अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने दोनों लोग मृत घोषित कर दिए। जिसके बाद पुलिस ने मृतकों के पास से मिले प्रपत्रों एवं मोबाइल के माध्यम से उनके परिजनों को घटना की सूचना दी। परिजन भी थाना सरसावा पहुंच गए।

पुलिस दोनों मृतकों का पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनो को सौंप दिए गए। परि. जनों का रोरोकर बुरा हाल है।

## ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं द्वारा तहसील स्तरीय मासिक पंचायत के बाद विभिन्न समस्याओं से संबंधित ज्ञापन एसडीएम को सौंप कर निस्तारण कराए जाने की माँग की गई।

भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं द्वारा एसडीएम डॉ पूर्वा को सौंपे ज्ञापन में आवारा पशुओं की समस्या,किसानों के आवासों पर स्मार्ट मीटर लगाने की समस्या,बजाज शुगर मिल गगनौली द्वारा गन्ना भुगतान की समस्या,रियल खतौनी में अंश निर्धारण एवं नाम दर्ज करने की समस्या,पानी की टंकी से सड़क की मरम्मत कराने की मांग, ग्राम हलगोया में चकबंदी उपरांत नई खतौनी बनाए जाने की समस्या शामिल रहीं। मासिक बैठक चौधरी धीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। पुनीत चौधरी मंडल महासचिव, गालिब प्रधान तहसील अध्यक्ष, धर्मवीर गुर्जर ब्लॉक अध्यक्ष, सिकंदर चौधरी, मनोज त्यागी,सुदेश प्रधान, सिद्धार्थ मौजूद रहे।

# हादसे में तीन घायल, एक ने दम तोड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** शाहजहांपुर नकुड मार्ग पर झरौली गोगा मेडी के समीप ट्रैक्टर ट्राली ने दो बाईकों में मारी टक्कर जिसमें एक बाइक पर सवार एक युवक एवं दो महिलाएं घायल हो गई राहगीरों ने पुलिस को सूचना देते हुए एम्बुलेंस 108 द्वारा तीनों घायलों को सीएचसी सरसावा भिजवाए। इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई।

सोमवार करीब 11 बजे शाहजहांपुर की ओर से हुसैनपुर की ओर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली ने एक बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। तभी इस्माइलपुर की ओर से आ रही एक अन्य बाइक को भी अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में दो महिलाओं समेत तीन घायल हो गए राहगीरों ने पुलिस को सूचना देते हुए 108 एम्बुलेंस द्वारा घायलों को सीएचसी सरसावा भिजवाए गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज पिलखनी रेफर किए गए।

घायल हरियाणा के जनपद यमुनानगर गांव कलानौर निवासी रमेश अपनी पत्नी नेहा एवं मां कांता के साथ हुसैनपुर दवाई लेने के लिए जा रहे थे। देर शाम इलाज के दौरान रमेश की अस्पताल में मौत हो गई।

## व्यवस्थाओं पर विचार विमर्श

**चिलकाना।** नगर में लगने वाले देवी बाला सुंदरी मेले के सफल आयोजन के लिए प्रबंध समिति की बैठक हुई। जिसमें मेले की व्यवस्थाओं के बारे में विचार विमर्श किया गया।

बैठक में प्रबंधक पवन कुमार सिंघल ने कहा कि इस वर्ष मिला 31 मार्च से सात अप्रैल तक आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि मेले में सर्कस, हिंडोले, खेल तमाशा तथा दंगल आदि की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि दंगल में प्रसिद्ध पहलवानों को आमंत्रित किया गया है। मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस तथा स्काउट गाइड की व्यवस्था रहेगी।उन्होंने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी मेले में आकर्षक दुकान लगाने वालों को मेले के समापन पर सात अप्रैल को सम्मानित किया जाएगा।

# तालीम ही कामयाबी का रास्ता: मौलाना आसिफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** हजरत मौलाना आसिफ नदवी ने कहा कि तालीम ही कामयाबी का एक रास्ता है इसलिए दीन और दुनियावी तालीम हासिल करना चाहिए।



प्रसिद्ध शिक्षण संस्था एडम्स होम पब्लिक स्कूल में नई शुरुआत पर आयोजित कार्यक्रम में हजरत मौलाना आसिफ नदवी ने कहा कि हम लोगों को याद रखना चाहिए कि मजहबे इस्लाम की पहली सीख ही इकरा यानि तालीम को लेकर है।इसके बावजूद अगर हमारी कौम तालीम में पिछड़ी है तो यह हमारी खामी है और हमें इसे बहुत जल्द दूर कर लेना चाहिए। वरिष्ठ समाजसेवी जमील फोरमैन ने भी विचार रखे।

एडम्स होम स्कूल के संचालक जाहिद हसन ने कहा कि हम बच्चों को शुरू से ही हिंदी उर्दू अंग्रेजी सहित कम्प्यूटर शिक्षा भी देंगे ताकि बच्चे आधुनिक समय के अनुसार ग्रोथ करें। हाफिज मुजम्मिल ने आयत ए करीमा से कार्यक्रम की शुरुआत की। मौलाना आसिफ नदवी ने कामयाबी और पूरी दुनिया में अमनो अमान की दुआ कराई।

अब्दुल हमीद ठेकेदार,सभासद आफताब मलिक, तबरेज आलम, जमशेद, शमशीर ,राशिद,चौधरी शाहनवाज, एड. शावेज,रहमान ख्वाजा, उवेश, रिजवान, डॉ एजाज, निसार मलिक, हसीन रॉय, भूरा अंसारी, जहीर ख्वाजा मौजूद रहे।

# हाई टेंशन लाईन की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना क्षेत्र के गांव बकारका मे हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से एक व्यक्ति बुरी तरह झुलस गया। मौके पर तड़प तड़पकर उसकी मौत हो गई, परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।



मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम बकारका निवासी पदम सिंह पुत्र नैन सिंह सोमवार को सुबह के समय करीब 10:00 बजे अपने मकान की छत पर चल रहे प्लास्टर के कार्य को देखने के लिए ऊपर गए थे। बताया जा रहा है कि मकान की छत के बिल्कुल करीब से ही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन गुजर रही है। इसी दौरान पदम सिंह अचानक इस लाईन की चपेट में आ गए, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गए।

मृतक के बेटे दीपक ने बताया है कि हादसा इतना गंभीर था कि उनके पिता की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और तुरंत विद्युत विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे विभागीय कर्मचारियों ने लाईन को बंद किया। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम को साथ लेकर मौके पर पहुंची थाना प्रभारी एएसपी सिमरन सिंह ने शव को अपने कब्जे लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

हादसे के बाद मृतक के परि. जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक पदम सिंह अपने पीछे पत्नी और तीन बेटे छोड़ गए हैं। बड़े बेटे की शादी हो चुकी है, परिवार का सहारा अचानक छिन जाने से परि. जनो में कोहराम मचा हुआ है। वहीं ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में कई स्थानों पर बिजली की हाईटेंशन लाईनें घरों के बेहद करीब से होकर गुजर रही हैं। जिससे कि हमेशा किसी हादसे का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से इन लाईनों को गांव से बाहर शिफ्ट कराने तथा प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाये जाने मांग की है।

# मेला तैयारियों को लेकर की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** सिद्धपीठ श्री शाकंभरी देवी मंदिर परिक्षेत्र मे चौत्र नवरात्रों पर लगने वाले मेले की व्यवस्था को लेकर एस डीएम मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता मे मेला प्रबंधक एवं मन्दिर व्यवस्थापक कुंवर अतुल्य प्रताप सिंह तथा परिवहन विभाग की मीटिंग हुई मीटिंग मे मेले की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई।



सोमवार को एस डीएम मानवेन्द्र सिंह ने आगामी 19 मार्च से शाकंभरी देवी मन्दिर में लगने वाले छेत्र नवरात्र मेले को लेकर मीटिंग ली गई। मीटिंग मे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों के पार्किंग स्थल को चिन्हित किया गया। बड़े वाहनों के लिए नागल माफी रंगीला होटल के पास वाहनों पार्किंग स्थल बनाया गया है। जबकि दो पहिया वाहनों के लिए भूरा देव मन्दिर के सामने पार्किंग स्थल बनाया गया है। मीटिंग मे पीने के पानी के लिए टैंकरों की व्यवस्था और पूर्ण रूप से साफ सफाई के लिए सफाई कर्मचारियों की डयूटी लगाए जाने के कहा गया है ।मीटिंग मे सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर के व्यवस्थापक कुंवर अतुल्य प्रताप राणा ने प्रशासनिक अधिकारियों को आश्वासन दिया गया है मेले को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होगी मेले की व्यवस्था को लेकर सभी तैयारियां की जा रही है।मीटिंग मे एआरटीओ एम पी सिंह, तहसीलदार विजय कुमार सिंह, मन्दिर व्यवस्थापक कुंवर अतुल्य प्रताप राणा,लेखपाल, हल्का लेखपाल प्रवीण यादव मौजूद रहे।

# कमिश्नर डा.रूपेश ने सम्मानित किए विजेता खिलाड़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आज पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया।



डा.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के समापन पर मंडलायुक्त डा.रूपेश कुमार ने खिलाडियों को पुरस्कार वितरित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि जो भी खिलाडी प्रतियोगिता में जीते हैं उनको बधाई तथा हारने वाले खिलाड़ी अधिक से अधिक मेहनत कर अगली प्रतियोगिता में विजय हो। जिला स्तरीय जूडो बालिका प्रतियोगिता के 27 किग्रा भार वर्ग में आकाश्वी प्रथम, वैष्णवी द्वितीय, श्रेया एवं आन्वी तृतीय, 32 किग्रा भार वर्ग में सिमरन प्रथम, जान्हवी द्वितीय, जीया एवं एंजल सैनी तृतीय, 36 किग्रा. भार वर्ग में वैष्णवी प्रथम, वान्या द्वितीय, नीशा एवं दिव्याशी तृतीय, 40 किग्रा. भार वर्ग में सन्नी चौधरी प्रथम, अक्शु चौधरी द्वितीय, प्रिया सैनी एवं प्रतिज्ञा कटारिया तृतीय स्थान प्राप्त किया।। जिला स्तरीय कुश्ती बालिका प्रतियोगिता में -40 किग्रा. भार वर्ग में वशिंका प्रथम, आराधना द्वितीय, रेन बिहानियार एवं पूजा तृतीय, 43 किग्रा. भार वर्ग मे आरोही तोमर प्रथम, सुहाना द्वितीय, प्रिया एवं खतीजा तृतीय, 46 किग्रा. भार वर्ग मे पूर्वी तोमर प्रथम, विधी द्वितीय, विद्या वालिया एवं मुस्कान तृतीय, 49 किग्रा. भार वर्ग में आरजू प्रथम, श्रीआ द्वितीय, सानिया एवं साक्षी देवी तृतीय, 53 किग्रा. भार वर्ग में आइसा प्रथम, कनक द्वितीय एवं वंशिका व आईना तृतीय, 55 किग्रा. भार वर्ग में मनस्वी राठी प्रथम, दिव्या पुण्डीर द्वितीय, वर्षा एवं संजीवनी सिंह तृतीय, 57 किग्रा. भार वर्ग में लक्की प्रथम, वंशिका द्वितीय, आरती व द्विव्या तृतीय, 59 किग्रा भार वर्ग में अकांशी प्रथम, नन्दनी मालिपाल द्वितीय नीशू व मशिका तृतीय स्थान 65 किग्रा भार वर्ग में शगुन प्रथम, सना द्वितीय छवि व तन्नु तृतीय स्थान, 72 किग्रा भार वर्ग में श्रद्धा कपिल प्रथम, इलमा परवीन द्वितीय राधा व शगुन धीमान तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान आरएसओ राहुल चोपडा, प्रवीन कुमार सहायक प्रशिक्षक, ईश्वर पाल सिंह मुखिया, रविकान्ति धीमान, शिव नन्दन, अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, बृजेश कुमार, लाल धर्मेन्द्र प्रताप, आदेश, पुनीत कुमार आर्य, गौरव कुमार, श्रीमती प्रियका चौहान, सुश्री प्रीती मेहरा, सुप्रिया रानी उपस्थित रहे।

# मां शाकम्भरी देवी क्षेत्र में विवादित पोस्टर से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** चैत्र नवरात्र मेले से पहले सिद्धपीठ माँ शाकम्भरी देवी क्षेत्र में विवादित पोस्टर लगाए जाने से इलाके में हलचल मच गई है। जिलापंचायत द्वारा बनाए गए प्रवेश द्वार और आसपास के स्थानों पर चिपकाए गए पोस्टरों में मेले में सिर्फ हिंदुओं को रोजगार देने और गैर-हिंदुओं के प्रवेश का विरोध करने की बात लिखी गई है। पोस्टर सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है और मामला प्रशासन की नजर में भी आ गया है।






बताया जा रहा है कि कुछ हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों ने मेले के दौरान गैर-हिंदुओं की एंट्री पर रोक लगाने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि नवरात्र के दौरान माँ शाकम्भरी देवी सिद्धपीठ में लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं और यहां होने वाले करोड़ों रुपये के व्यापार का लाभ हिंदू समाज को मिलना चाहिए। संगठनों ने यह भी कहा कि मेले में दुकान लगाने वाले, रिक्शा चलाने वाले और अन्य काम करने वालों के आधार कार्ड की जांच कर उनकी पहचान सुनिश्चित की जाए। हिंदू संगठन के पदाधिकारी हरिश कौशिक ने कहा कि यदि प्रशासन समय रहते गैर-हिंदुओं की एंट्री पर रोक नहीं लगाता है तो हिंदू समाज इसका विरोध करेगा। पोस्टरों के जरिये भी शासन-प्रशासन से मांग की गई है कि मेले के दौरान गैर-हिंदुओं का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाए। वहीं पोस्टर सामने आने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है और मिर्जापुर थाना क्षेत्र स्थित सिद्धपीठ माँ शाकम्भरी देवी क्षेत्र में प्रशासन की नजर पूरे घटनाक्रम पर बनी हुई है।

# अपना भाईचारा बनाए रखें: सुरेंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** ईद-उल-फितर की नमाज को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने कहा कि ईद की नमाज अपने निर्धारित समय व स्थान पर ही अदा की जाए। तथा सड़कों व सार्वजनिक स्थलों पर नमाज पढ़ने से बचा जाए ताकि यातायात और आम जनजीवन प्रभावित न हो। बैठक में क्षेत्राधिकारी रुचि गुप्ता ने लोगों से त्योहार के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से सतर्क रहें, तथा किसी भी भ्रामक संदेश को बिना सत्यापन के आगे न बढ़ाएं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार गौतम ने साफ शब्दों में कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति ने अफवाह फैलाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि बैठक में अपेक्षाकृत कम लोग ही पहुंचे जिससे प्रशासनिक अधिकारियों ने हैरानी भी जताई। अधिकारियों का कहना था कि यदि अधिक लोग मौजूद होते तो त्योहार से जुड़ी व्यवस्थाओं और प्रशासन के साथ आपसी समन्वय को और बेहतर बनाया जा सकता था। बैठक में मा. शमीम अहमद, सभासद आमिर कुरैशी, हैदर अली, अमीर आलम, जुनैद असगर, राव जीशान, अफ्फान अफ्फू व पूर्व सभासद शमशाद कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# ईदगाह कमेटी ने तैयारियों का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** आगामी ईद उल फितर के त्यौहार को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। ईदगाह कमेटी के पदाधिकारियों और जिम्मेदार लोगों ने कस्बे की ईदगाह पहुंचकर नमाज की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, नमाजियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, रास्तों की व्यवस्था और अन्य जरूरी इंतजामों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।



सोमवार को ईदगाह कमेटी के सदस्य ईदगाह मैदान पहुंचे और निरीक्षण किया। इस दौरान कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि ईद उल फितर मुस्लिम समुदाय का प्रमुख त्योहार है और इस दिन ईदगाह में बड़ी संख्या में नमाजी नमाज अदा करने पहुंचते हैं। ऐसे में सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं, ताकि नमाजियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और ईद की नमाज शांतिपूर्ण व व्यवस्थित माहौल में अदा की जा सके। निरीक्षण के दौरान ईदगाह परिसर में साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया गया और संबंधित लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। साथ ही ईद के दिन नमाज के दौरान भीड़ को व्यवस्थित रखने और अनुशासन बनाए रखने को लेकर भी चर्चा की गई। इस मौके पर जामा मस्जिद के इमाम मौलाना राशिद जमाल कासमी, पीरू मियां, मोहम्मद अहमद काजमी, हाजी इकबाल, सभासदपति जीशान कुरैशी, सभासद मुर्तजा राही, मुराद राव, फैसल मंसूर, फिरोज खान, राकेश बिरला, नादिर मामा, अरहान आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# योजनाओं का लाभ उठाएं: अफजाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्रों को चैयरमेन पति अफजाल खान के प्रयासों से पीएम आवास योजना का कार्य पुन: शुरू हो गया है



प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत केंद्र सरकार कि ओर से चलाई गई योजना के 29 पात्र लोगो को अफजाल खान दम गाडी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर नगर पंचायत चेयरमैन रुमाना अफजाल खान नें कहा कि गरीब लौगो को आवास मो. हिय्या कराने के लिए केंद्र सरकार कि ये एक अच्छी योजना है जिसके तहत नगर के प्रत्येक पात्र को बिना किसी भेदभाव प्रधानमंत्री योजना का लाभ दिलाया जाएगा। रुमाना अफजाल खान नें कहा कि इसी कडी में आज 29 पात्र लौगो को चौक प्राप्त करने के लिए सहारनपुर जनमंच उम होने वाले कार्यक्रम में चौक सौंपें जाएंगे। इस मौके पर अफजाल खान,वरिष्ठ लिपिक प्रदीप कुमार, सभासद शाहिद खान कालू,शमशेर प्रमुख,मास्टर शौक रजा आब्दी,सभासद मुख्तार हुसैन,बासिद खान,मौजूद रहे

## मुकाबले संपन्न

**सहारनपुर।** जिला जूडो प्रतियोगिता में सोमवार को बालिका वर्ग के मुकाबले सम्पन्न हुए।

प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग की बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शानदार प्रदर्शन किया। विजेता खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय रेफरी एवं जिला जूडो संघ के सचिव दीपक गुप्ता द्वारा मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दीपक गुप्ता ने कहा कि बालिकाओं को जूडो जैसी आत्मरक्षा की कला अवश्य सीखनी चाहिए। इससे न केवल उनका शारीरिक विकास होता है बल्कि वे आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी भी बनती हैं। उन्होंने कहा कि जूडो जैसी खेल गतिविधियां बालिकाओं को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा अधिकारी राहुल चोपड़ा, सहायक प्रशिक्षक बॉक्सिंग प्रवीण चौधरी, ईश्वर पाल सिंह मुखिया मौजूद रहे।

# सिलेंडर न मिलने पर लोगो में बढ़ा आक्रोश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच इन दिनों रसोई गैस को लेकर त्राहि मची हुई है। सिलेंडर पाने को लेकर लोगों की लंबी कतारें लग रही है। ओटीपी लेने के बाद भी सिलेंडर डिलीवर नहीं हो पा रहे है। इससे लोगों में रोष बढ़ रहा है। लोगों ने शासन प्रशासन से समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

रसोई गैस को लेकर दिनों दिन हालत बद से बदतर होते जा रहे है। जिन लोगों ने फरवरी माह के अंत में गैस बुकिंग कराई थी उन्हें अभी तक सिलेंडर नहीं मिल पाया है। रेलवे रोड और स्टेट हाइवे स्थित गैस एजेंसियों पर लोगों की भारी भीड़ बनी है। सुबह सवेरे से ही लोग सिलिंडर पाने को लाइनों में लग रहे है। शिक्षक नगर निवासी गौरव कुमार, अबुलमाली निवासी इमरान, कायस्थवाड़ा निवासी अमित, दारुल उलूम क्षेत्र निवासी साइम, व सदाकत और रेलवे रोड निवासी अंकित ने बताया कि अब तो दिन में फोन से बुकिंग तक नहीं हो पा रही है। आधी रात को उठकर सिलेंडर बुक कराना पड़ रहा है। एजेंसी कर्मचारी 25 मार्च के बाद ही सिलिंडर देने की बात कह रहे है। जबकि कई लोगों ने बताया कि एजेंसी कर्मियों द्वारा उनसे ओटीपी ले ली गई, लेकिन सिलेंडर अभी तक डिलीवर नहीं हुआ। रेलवे रोड स्थित इंडेन गैस एजेंसी के अधिकारी राजबीर सिंह ने बताया कि अफवाह के चलते यह स्थिति बनी है। गैस की कमी नहीं है और रुटीन में गैस आ रही है। सर्वर डाउन के चलते बुकिंग न हो पाने और केवाईसी नहीं होने के चलते उपभोक्ताओं को सिलेंडर मिलने में परेशानी हो रही है।

# समस्याओं को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन




**देवबन्द।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की बैठक में किसानों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही किसानों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया।

एसडीएम कार्यालय परिसर में आयोजित बैठक में जिला उपाध्यक्ष चौधरी अनुराज ने कहा कि रविवार रात हुई बेमौसम वर्षा से किसानों की गेहूं व सरसों की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है, प्रशासन को पीडित किसानों को मुआवजा देने का काम करना चाहिए। तहसील अध्यक्ष चौ. पहल सिंह ने कहा कि बेसहारा पशु लगातार फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है। सरकार को स्थायी और ठोस कदम उठाते हुए इनसे निजात दिलाने का काम करना चाहिए। बैठक के बाद किसानों ने उपजिलाधिकारी युवराज सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें गुडगंजपुर गंगदासपुर में बंद तालाब के कारण सडक पर हो रहे जलभराव की समस्या से निजात दिलाने, गांगनौली शुगर मिल से बकाया गन्ना मूल्य भुगतान दिलाए जाने, बेसहार पशुओं को गौशाला छुड़वाए जाने आदि मांगें की। इस मौके पर श्यामवीर सैनी, चौधरी हरपाल सिंह, कृष्णपाल, उस्मान मलिक, सतपाल, मुंतजिर, ईश्वरपाल आदि किसान शामिल रहे।

# छात्रा माही ने कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम किया रोशन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सहारनपुर के डा. भीमराव स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय जूडों प्रतियोगिता २०२६ में सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल की छात्रा माही ने कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है।

सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य रुपेश सैनी ने बताया कि कक्षा 12 की छात्रा माही ने प्रतियोगिता के 52 किलो भार वर्ग में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता है। संरक्षक हरिसिंह सैनी ने कहा कि जूडो आत्मरक्षा का बेहतरीन खेल है। इसके माध्यम से छात्राएं स्वाभिमानी एवं सशक्त बन सकती हैं। इस दौरान स्कूल का नाम रोशन करने वाली छात्रा को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। जूडो प्रशिक्षक राजीव शर्मा, अनीता सैनी, शिवकुमार सैनी, वंदना ध्रुव, सुनीता चौधरी, अमर भास्कर, देवेंद्र कुमार, निवेंद्र कुमार, अमित धीमान, सलीम मलिक आदि शामिल रहे।

# देवबंद में ईद की नमाज के दौरान रूट डायवर्ट की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** उर्दू-हिंदी पाक्षिक समाचार पत्र देवबंद टुडे की संपादक शाइस्ता प्रवीन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह को पत्र भेजकर धार्मिक नगरी देवबंद में ईद उल फितर की विशेष नमाज के दौरान मोहल्ला सैनी सराय से भायला फाटक की ओर जाने वाले मार्ग पर सुबह 6 बजे से 9 बजे तक रूट डायवर्जन किए जाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि ईदगाह में नमाज पढ़ने के लिए आने वाले लोगों को भी बगैर वाहन के पैदल ईदगाह तक आने के लिए निर्देशित किए जाने की मांग की गई है। ताकि वाहनों के कारण लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिल सके।

## युवक को लोहे की रॉड से हमला कर किया घायल

**देवबन्द।** पुरानी रंजिश को लेकर नगर के मोहल्ला खानकाह निवासी शोएब नामक युवक को लोहे की रोड से हमला कर घायल कर दिया गया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी में में भर्ती कराया गया है। शोएब ने पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ले के ही अफजल नामक युवक पर हमले का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है।

# वार्षिक परीक्षाफल घोषित कर मेधावी छात्रों को किया पुरस्कृत




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जेवी इंटर कालेज राजूपुर में वार्षिक परीक्षाफल घोषित कर मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। परीक्षाफल पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

जेवी इंटर कालेज राजूपुर प्रांगण में कक्षा छह से नौ तक और कक्षा 11 के घोषित परीक्षा परिणा में अर्णव कुमार, खुशबू, साफिया, सत्यम सिंह, उमंग, अलीना, अतिका, मोहम्मद शाहदीन, अंतिम, तजकिया, प्रणव, साकिब, इकरा, दिव्या, कमल, वंश, अर्पित कुमार, अक्षरा व अपेक्षा सैनी का प्रदर्शन शानदार रहा। वहीं, राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में कक्षा 11 के छात्र निशात, प्रणव, अंतिम, राशि, परी, अलीशा, नमन, आदित्य, तजकिया, शिवानी व सदफ ने बाजी मारी। अनुशासित छात्र के लिए आमिर हमजा, सदफ, अलीबा, अर्णव कुमार, खुशबू, मुजम्मिल, तनु, आदित्य, नसरा, विक्रांत, राशि व काजल को पुरस्कृत किया गया। प्रबंधक नवाब अली, प्रधानाचार्य विक्रम सिंह, परशुराम व महीपाल सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## ऑनलाइन फार्म भरने के लिए दारुल उलूम ने बढ़ाए तीन दिन

**देवबन्द।** विश्व प्रसिद्ध इस्लामिक शिक्षण संस्था दारुल उलूम देवबंद में प्रवेश पाने के इच्छुक देश विदेश के छात्रों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा ऑनलाइन फार्म भरे जाने की प्रक्रिया को तीन दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है। अब छात्र 19 मार्च तक प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन फार्म भर सकेंगे। बता दें कि पहली बार संस्था द्वारा प्रवेश परीक्षा के लिए भरे जाने वाले फार्म को ऑनलाइन किया गया है। इससे पूर्व छात्र देवबंद पहुंचकर प्रवेश परीक्षा के लिए फार्म भरते थे और फिर यहीं रहकर ईद के बाद होने वाली प्रवेश परीक्षा का इंतजार करते थे। जिसके चलते उन्हें खासी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

# पुलिस भर्ती बोर्ड परीक्षा में विवादित प्रश्न पर पूर्व सांसद ने जताई नाराजगी

> **कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्तीपरीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न के विकल्पों में पंडित शब्द का प्रयोग किया जाना आपत्तिजनक है।**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस भर्ती बोर्ड परीक्षा में पूछे गए आपत्तिजनक प्रश्न को लेकर भाजपा के पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा ने नाराजगी जताई है। कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज के खिलाफ अमर्यादित कृत्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सोमवार को स्थानीय कार्यालय पर पहुंचे राघव लखनपाल शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न के विकल्पों में पंडित शब्द का प्रयोग किया जाना आपत्तिजनक है। इससे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं, जिसे किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग करते हुए कहा कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में ऐसे शब्दों या विकल्पों का प्रयोग नहीं होना चाहिए जिससे किसी समाज, वर्ग या समुदाय की गरिमा को ठेस पहुँचे। यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। उन्होंने प्रकरण की जांच कराने और कड़ी कार्रवाई करने की मांग भी की। इस दौरान काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# गुलदार की दहशत बरकरार

## वन विभाग की टीम ने गुलदार पकड़ने के लिए लगाया पिंजरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम मुकर्रमपुर में गुलदार के हमले में दस वर्षीय बच्ची की मौत के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। वन विभाग की टीमें चौबीस घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी गुलदार को पकड़ने में नाकाम रही हैं।

गौरतलब है कि रविवार की सुबह करीब दस बजे मुकर्रमपुर निवासी अतुल कुमार के खेतों में गन्ने की बुवाई का काम चल रहा था। अतुल की पत्नी पिंकी अपनी 10 वर्षीय बेटी अदिति के साथ जंगल से घर लौट रही थीं। इसी दौरान, घात लगाकर बैठे गुलदार ने अचानक अदिति पर हमला कर दिया। गुलदार के हमले में अदिति की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गुलदार को पकड़ने के लिए इलाके में पिंजरा लगाया। हालांकि, घटना के चौबीस घंटे से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी गुलदार पिंजरे में नहीं फंसा है और वह अभी भी आजाद घूम रहा है। वन विभाग की टीमें इलाके में निगरानी कर रही हैं। इस घटना से स्थानीय ग्रामीणों में भारी रोष है।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में गुलदार की सक्रियता लगातार बढ़ रही है, लेकिन प्रशासन के पास इससे निपटने के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। उन्होंने वन विभाग से जल्द से जल्द गुलदार को पकड़ने और क्षेत्र को सुरक्षित बनाने की मांग की है।

## गोष्ठी का आयोजन

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सेमिनार हाल में माइक्रो बायोलॉजी विभाग द्वारा शुगर इंडस्ट्री में माइक्रो बायोलॉजीकल क्वालिटी कंट्रोल विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल, विवेक सिंह यादव, एचआर धामपुर शुगर मिल द्वारा मां सरस्वती एवं भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में सतवीर सिंह ने शुगर उद्योग में माइक्रो बायोलॉजीकल गुणवत्ता नियंत्रण की भूमिका, उत्पादन प्रकिया में सूक्ष्मजीवों के प्रभाव तथा गुणवत्ता बनाए रखने के विभिान्न तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दीं। वहीं विवेक सिंह द्वारा उद्योग में मानव संसाधन प्रबंधन, रोजगार के अवसरों तथा छात्रों के लिए आवश्यक कौशलों पर प्रकाश डाला गया।

## शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक किया

**धामपुर।** आरएसएम डिग्री कॉलेज के रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर का चौथ दिन ग्राम सरकड़ा में फिट इंडिया मूवमेंट थीम पर उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस दिवस का उद्देश्य युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक करने तथा नियमित व्यायाम और खेलकूद को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करना रहा। इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित प्रो. अमित कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव होता है। नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और अनुशासित दिनचर्या से ही व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकता है।

## हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**झालू।** मौहल्ला मौलवियान निवासी अरशद पुत्र मौहम्मद असलम ने थाना हल्दौर में दी गई तहरीर में बताया कि 12 मार्च की रात उसका छोटा भाई असद घर से बाजार में सामान लेने गया था। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद नवेद, अजीम, आवेश और शावेज पुत्रगण हसीनुद्दीन निवासी मौहल्ला मौलवियान ने उसके भाई के साथ कहासुनी की। बताया गया कि बाद में असद ने बाजार में पहुंचकर एक परिचित के फोन से अरशद को सूचना दी। सूचना मिलने पर जब अरशद मौके पर पहुंचा, तो वहां मौजूद लोगों ने उसकी स्कूटी को बाइक से टक्कर मार दी। इसके बाद विवाद बढ़ गया और मारपीट हो गई। इस दौरान अरशद को चोटें आईं। मौके पर पहुंचे झालू चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार आरो. पियों द्वारा घटना स्थल पर छोड़ी गई एक बाइक को अपने साथ चौकी ले गए। घायल पक्ष की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने नवेद, अजीम, आवेश और शावेज पुत्रगण हसीनुद्दीन निवासी मौहल्ला मौलवियान कस्बा झालू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**धामपुर।** के.एम.एस. पब्लिक स्कूल कश्मीरी में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम स्कूल प्रबंधन समिति के मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार तथा जिला अध्यक्ष कुंवर पाल सिंह तथा स्कूल के प्रबंधक अतुल कुमार चौहान ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संच. ालन स्कूल की छात्रा माही चौहान ने किया। छात्र-छात्राओं मे अभिलाषा, दक्ष, नीतिका, नव्या, दीपाली, ईशानी द्वारा स्वागत गीत गा गया। कार्यक्रम में गौरव, प्रिंस, विराट, मिस्टी, प्रांजल, माहिरा, यश देव, यश लक्षण, अक्षर, यशिका, परी, अभिलाष, तपस्वी तथा हार्दिक ने अच्छी परफॉर्मेंस दी।

## पत्रकार के खाते से रकम उड़ाई

**बिजनौर।** पुलिस के तमाम प्रयासों के बावजूद साइबर ठगी की घटनायें रुकने का नाम नहीं ले रहीं। हैकरों ने एक मीडियाकर्मी को मोबा. इल हैक कर भीम ऐप से जुड़े विभिन्न बैंक खातों से 7 लाख 90 हजार रुपए से अधिक की धनराशि उड़ा ली। नगर के नई बस्ती, गुरूद्वारा रोड निवासी पत्रकार अतुल गर्ग के पर्सनल तथा उनकी फर्मों के नाम से उनके बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक व आईडीबीआई फर्स्ट बैंक में चार अकाउंट हैं। अतुल गर्ग का कहना है कि हैकरों ने उनका मोबाइल हैक कर लिया। इसके बाद उनके मोबाइल में मौजूद भीम ऐप से जुड़े चार बैंक खातों से अलग-अलग डेट में रकम निकाल ली गई। इतना ही नहीं, हैकरों ने उनका फेसबुक आईडी और मोबाइल नंबर भी क्लोन कर लिया।

# अलग-अलग हादसों में दो घायल

## गंभीर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** बीती रात धनौरा मार्ग पर ग्राम हरपुर दरबाड़ा के पास दो अलग-अलग बाइक सवारों को अज्ञात वाहन चालकों द्वारा जोरदार टक्कर मार दी गई। जिसमें वे बुरी तरह जख्मी हो गए।

बीती रात लगभग नौ बजे हरीप्रिया त्यागी निवासी ग्राम करोंधा चौधर बाइक पर जा रहे थे। तभी किसी अज्ञात वाहन चालक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। बिट्टू उर्फ आशीष व अरुण सैनी ने घायल को तुरंत प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया। इस घटना के एक घंटे बाद उसी स्थान के पास दूसरा हादसा हो गया। जिसमें शाहिद पुत्र रईस अहमद निवासी ग्राम चुचेला कलां (अमरोहा) की बाइक को भी किसी अज्ञात वाहन चालक द्वारा टक्कर मार दी गई। घटना की सूचना पर शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह अपनी गाड़ी के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घायल को अपनी गाड़ी में उठाकर चुचेला कला पहुंचवाया जहां से घायल के परिजनों को सूचना दी।

सूचना पाकर घायल के परिजन मौके पर पहुंचे और उन्होंने शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह का धन्यवाद अदा करते हुए घायल को अपने साथ ले गए।

## आंधी-तूफान के चलते कई घंटे रही बिजली आपूर्ति ठप्प

**नांगल सोती।** आंधी तूफान और बारिश के चलते कई गांवों की बिजली आपूर्ति बंद हो जाने से ग्रामीण खासे परेशान रहे। बिजली कर्मचारियों ने 14 घंटे बाद बिजली आपूर्ति को सुचारू किया।

क्षेत्र के सौफतपुर बिजली घर से हरचंदपुर, मायापुरी, नांगल, जीतपुर, शहजादपुर, खानपुर, चमरौला, लाल. पुर मान सहित दस गांव जुड़े हैं। बीती रात करीब 12 बजे तेज़ आंधी-तूफान में कई जगह खंबे टूटने और पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। बिजली आपूर्ति बाधित होने से हजारों उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। आज दोपहर करीब दो बजे बिजली कर्मियों के द्वारा बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी। बिजली आपूर्ति बहाल होने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# पीएम आवास योजना की पहली किस्त जारी



**स्योहारा।** पीएम आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत नगर के लाभार्थियों को एक-एक लाख रुपए की पहली किस्त प्रदान की गई। इस योजना का शुभारंभ सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा बटन दबाकर किया गया। जिसके माध्यम से प्रदेश भर के लगभग 90 हजार लाभार्थियों के खातों में सीधे धनराशि ट्रांसफर की गई। जैसे ही लाभार्थियों के खातों में राशि पहुंची उनके चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी और लोगों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजना की सराहना की। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गरीबों के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। पीएम आवास योजना (शहरी) भाजपा की उन महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है, जिसके माध्यम से देश और प्रदेश के लाखों गरीब परिवारों को पक्का घर मिलने का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा लाभार्थियों के खातों में भेजी गई धनराशि से नगर के कई जरूरतमंद परिवारों को अपने घर का निर्माण शुरू करने में बड़ी मदद मिलेगी। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि पहले 247 के पीएम आए थे, इस बार 124 लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिला है। पालिका की ओर से कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत करते हुए घर-घर जाकर पात्र लाभार्थियों की जानकारी एकत्र की और उनका सत्यापन किया। इस दौरान यह विशेष ध्यान रखा गया कि नगर का कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना से वंचित न रहे उन्होंने कहा कि पालिका लगातार प्रयास कर रही है कि सरकार की हर योजना का लाभ नगरवासियों तक समय पर और पारदर्शिता के साथ पहुंचे। वहीं अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) को पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ लागू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पालिका प्रशासन द्वारा पात्र लाभार्थियों का चयन नियमों के अनुसार किया गया है और यह सुनिश्चित किया गया है कि वास्तव में जरूरतमंद लोगों को ही इस योजना का लाभ मिले उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर गरीब परिवार को पक्का घर मिले और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए योजना को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस पूरे कार्य को सफल बनाने में अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल, पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी सभी वार्ड सभासदों और पालिका कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा सभी ने मिलकर यह प्रयास किया कि नगर के अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को सरकार की इस योजना का लाभ मिल सके और कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति इससे वंचित न रहे।

# नहर पर पुल का निर्माण करने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** ग्राम बरुकी में सर्विस रोड पर नहर पर पुल बनाकर मार्ग चालू करने की मांग ग्रामीण पिछले काफी समय से कर रहे हैं। अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने एनएचएआई के बिजनौर मार्ग स्थित प्लांट पर धरना शुरू कर दिया। एनएचएआई के अधिकारियों का कहना है कि सिंचाई विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त न होने के कारण काम रुका हुआ है।अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद काम शुरू कर दिया जाएगा।

ग्राम बरुकी में ओवर ब्रिज शुरू हुए कफी समय बीत गया है। बिजनौर मार्ग पर सर्विस रोड पर नहर निकल रही है। नहर पर बना पुराना पुल तोड़ दिया गया है। जिसके चलते मार्ग बंद हो गया है। ग्रामीण पिछले काफी समय से नहर पर पुल के निर्माण की मांग कर रहे हैं लेकिन नहर पर पुल का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मवीर धनकड़ के नेतृत्व में नगीना बिजनौर मार्ग स्थित कार्यालय पर पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया। इस मौके पर धर्मवीर धनकड़ ने कहा कि एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा लगातार वादाखिलाफी की जा रही है। वह कई बार पुल के निर्माण का वादा कर चुके हैं लेकिन अभी तक पुल का निर्माण नहीं हो पाया है। पुल का निर्माण न होने के कारण सभी लोगों को ओवरब्रिज से होकर जाना पड़ रहा है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। उन्होंने अति शीघ्र नहर का पुल के निर्माण की मांग की। इसके बाद भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए।

इस संबंध में एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया है कि नहर पर पुल के निर्माण के लिए सिंचाई विभाग को पत्र भेजा गया है। सिंचाई विभाग से अभी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष डा. विजय सिंह, ब्रजेश काकरान, तिलकराम खोवे, जय सिंह, पंकज सहरावत, मोंटी, चमन सिंह, रवि कुमार, अमरदीप आदि मौजूद रहे।

# आर्यना सबालेंका-जैनिक सिनर ने जीता इंडियन वेल्स



## सबालेंका ने फाइनल में कजाख खिलाड़ी पर 3-6, 6-3, 7-6, (8-6) से जीत हासिल की

**कैलिफोर्निया, वार्ता।** एक पपी लेना, सगाई करना, चैंपियनशिप पॉइंट बचाना और लंबे समय से इंतजार किए जा रहे इंडियन वेल्स का खिताब जीतना - यह एक ऐसा हफ्ता रहा जिसे दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका पूरी जिंदगी याद रखेंगी। सबालेंका ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में एलेना रायबाकिना के हाथों मिली हार के बुरे अनुभवों को पीछे छोड़ते हुए, कजाख खिलाड़ी पर 3-6 6-3 7-6 (8-6) से जीत हासिल की। कैलिफोर्निया की चिलचिलाती धूप में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को अपनी पूरी ताकत लगाने पर मजबूर कर दिया, जब तक कि सबालेंका ने टाई-ब्रेक में बाजी नहीं मार ली, जिसमें एक जोरदार बैकहैंड विनर के साथ चैंपियनशिप पॉइंट बचाना भी शामिल था।

सर्विस विनर के साथ जीत पक्की करने के बाद, सबालेंका ने अपना सिर बर्फ से भरे कूलर में डुबोकर जीत का जश्न मनाया। बेलारूस की सबालेंका ने कहा कि क्या हफ्ता रहा। एक पपी मिला, सगाई हुई और एक खिताब जीता। मैं इसे निश्चित रूप से अपनी पूरी जदिगी याद रखूंगी। यह सचमुच टेनिस का स्वर्ग है और मुझे यहांआकर हमेशा खुशी होती है।

## जीत के साथ जानिक सिनर ने फेडरर व जोकोविच की बराबरी की

**कैलिफोर्निया, वार्ता।** इंडियन वेल्स फाइनल में दानिल मेदवेदेव पर जीत के साथ हार्ड-कोर्ट ट्रॉफियों का पूरा सेट जीतने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बनने के बाद जानिक सिनर ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने कैलिफोर्निया की तेज गर्मी में, दो घंटे से कुछ कम समय तक चले मैच में, शानदार वापसी करने वाले रूसी खिलाड़ी मेदवेदेव को 7-6 (8-6), 7-6 (7-4) से हराया। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, सिनर ने दोनों हार्ड कोर्ट ग्रैंड स्लैम जीते हैं - 2024 और 2025 में ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2024 में यूएस ओपन में जीत हासिल की है। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने हार्ड कोर्ट पर सभी छह मास्टर्स 1,000 खिताब भी जीते हैं - मियामी, टोरंटो, सिनसिनाटी, शंघाई और पेरिस में मिली जीत के साथ इंडियन वेल्स का खिताब भी अपने नाम किया है - और साथ ही सीजन के आखिर में होने वाले एटीपी फाइनल्स भी जीते हैं। यह उपलब्धि केवल नोवाक जोको. विच और रोजर फेडरर ने ही हासिल की है। सिनर ने कहा,ष्मुझे पता था कि यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसे मैंने अभी तक नहीं जीता है, इसलिए मैं इसकी तैयारी सबसे अच्छे तरीके से करना चाहता था, जितना हो सके पेशेवर तरीके से। सिनर ने कहा कि अब यह उपलब्धि हासिल करना मेरे लिए



बहुत मायने रखता है। अब मेरे पास आराम करने के लिए कुछ दिन हैं, यहांऔर मियामी के बीच ज्यादा समय नहीं है। मियामी में भी यह एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है, लेकिन हम वहांभी अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलने की को. शिश करेंगे। आंद्रे अगासी ने अपने करियर में हार्ड कोर्ट पर खेले गए पांचों मास्टर्स 1,000 इवेंट जीते, साथ ही दोनों मेजर और एटीपी फाइनल्स भी जीते। सिनर, जिनका ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब बचाने का सफर जनवरी में एक रोमांचक पांच-सेट वाले सेमी-फाइनल में जोकोविच के हाथों समाप्त हो गया था, ने मेदवेदेव के खिलाफ अपने हेड-टू-हेड रिकॉर्ड को भी बेहतर किया है।

### संक्षिप्त खेला समाचार

## पीटी उषा ने एथलीट-फर्स्ट गवर्नेंस की मांग की

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की प्रेसिडेंट पीटी उषा ने एथलीट-फर्स्ट गवर्नेंस की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय खेलों के भविष्य में एथलीटों की तैयारी, भलाई और विकास को सभी फैसले लेने के सेंटर में रखना चाहिए। इंडिया हैबिटेट सेंटर में एसजेएफआई नेशनल कन्वेंशन के गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन के तीसरे दिन बोलते हुए, उषा ने कहा कि पिछले एक दशक में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, साइंटिफिक ट्रेनिंग और इंस्टीट्यूशनल सपोर्ट के साथ भारत का स्पोर्टिंग इकोसिस्टम बेहतर हुआ है। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीय खेलों की असली ताकत जमीनी लेवल पर, गांवों, कस्बों और स्कूलों में है, जहां युवा टैलेंट उभरता रहता है। उषा ने कहा कि एथलीट-फर्स्ट गवर्नेंस को भारतीय खेलों के भविष्य को गाइड करना चाहिए।

## हॉकी वर्ल्ड कप 2026 के पूल आज घोषित होंगे

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर में दो हफ्तों की जोरदार और रोमांचक हॉकी के बाद-जिसमें कम से कम 14 टीमों ने इस प्रतिष्ठित इवेंट में अपनी जगह पक्की की-आने वाले वर्ल्ड कप की राह में अगला बड़ा पड़ाव बस आने ही वाला है। दरअसल, आधिकारिक ड्रॉ सेरेमनी-जिसमें सभी 32 क्वालिफाई की हुई टीमों को ग्रुप स्टेज के लिए अपने विरोधी टीमों के बारे में पता चलेगा-कल, 17 मार्च को दोपहर 3 बजे एम्स्टर्डम, नीदरलैंड्स के मशहूर वैगेनर स्टेडियम में होनी है। यह उन दो जगहों में से एक है जहांवर्ल्ड कप होगा( दूसरी जगह वेव्रे, बेल्जियम में एकदम नया बेलफियस हॉकी एरिना है।

# चिन्नास्वामी स्टेडियम को आईपीएल 2026 का फाइनल होस्ट करने के लिए मंजूरी मिली

● **कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर द्वारा नियुक्त एक कमेटी ने स्टेडियम परिसर का बारीकी से जायजा लिया**

**बेंगलुरु, वार्ता।** बेंगलुरु के एम- चिन्नास्वामी स्टेडियम को आईपीएल 2026 होस्ट करने की मंजूरी मिल गई है। सोमवार को सरकार द्वारा नियुक्त एक एक्सपर्ट कमेटी ने इस स्टेडियम को इस्तेमाल के लिए मंजूरी दे दी।

इसका सीधा मतलब यह है कि चिन्नास्वामी स्टेडियम - जहां28 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच सीजन का पहला मैच होना है - वहा एक प्लेऑफ मैच और फाइनल भी खेला जाएगा।

यह परंपरा रही है कि मौजूदा चैंपियन टीम ही टाइटल मैच होस्ट करती है। कर्नाटक के गृह मंत्री जी- परमेश्वर द्वारा नियुक्त एक कमेटी ने शुक्रवार को स्टेडियम परिसर का बारीकी से जायजा लिया। दिन भर चले इस ऑडिट में स्टेडियम की बनावट से जुड़े नियमों के पालन की कई जांचें की गईं, साथ ही स्टेडियम के आस-पास भीड़ को कंट्रोल करने के लिए उठाए गए कदमों का भी जायजा लिया गया। सोमवार को, कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के अधिकारियों, आरसीबी के आला अधिकारियों और जी- महेश्वर राव की अध्यक्षता वाली एक्सपर्ट कमेटी के सदस्यों के बीच हुई एक बैठक के बाद, आखिरी मंजूरी दे दी गई। चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरस. िबी के पांच घरेलू मैच खेले जाएंगे, जबकि दो अन्य मैच रायपुर के शहीद वीर नारायण स्टेडियम में खेले जाएंगे।

यह फ्रेंचाइजी और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच पहले से हुए एक समझौते के तहत तय किया गया है। आरसीबी ने केएससीए के साथ मिलकर डिजिटल क्यूआर कोड वाले टिकट जारी करने का वादा किया है। यह स्टेडियम के आस-पास भीड़भाड़ की समस्या से निपटने के लिए उठाए गए कई कदमों में से एक है। उन्होंने बिना किसी परेशानी के सफर सुनिश्चित करने के लिए बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के साथ भी साझेदारी की है। मैच के दिनों में मेट्रो सेवाएंरात 1 बजे तक जारी रहेंगी, जबकि टिकट से जुड़ी औपचारिकताओं पर अभी काम चल रहा है। पूरी संभावना है कि जिन लोगों के पास मैच के टिकट होंगे, वे मुफ्त में सफर कर पाएंगे।

बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन भीड़भाड़ रोकने के लिए सभी रूटों पर ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने की भी सोच रहा है। जहांतक ढांचागत उपायों की बात है, केएससीए ने चिन्नास्वामी के चारों ओर छह नए गेट बनाकर एंट्री पॉइंट्स की संख्या बढ़ा दी है, साथ ही मौजूदा एंट्री गेट्स को भी चौड़ा किया है।

# अरुंधति रेड्डी फरवरी के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ नामित



● **अरंधति रेड्डी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में सबसे ज्यादा आठ विकेट लेने वाली खिलाड़ी रही**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय गें. दबाज अरुंधति रेड्डी को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है। रेड्डी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी 20 सीरीज में सबसे ज्यादा आठ विकेट लेने वाली खिलाड़ी रहीं। भारत ने यह टी-20 सीरीज 2-1 के अंतर से जीती।

उन्होंने तीन मैचों में 22 रन देकर चार विकेट, 30 रन देकर दो विकेट और 35 रन देकर दो विकेट लिए, और 10-87 की औसत तथा 7-25 की इकॉनमी रेट के साथ सीरीज खत्म की। पाकिस्तान के ओपनर साहिबजादा फरहान, इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स और अमेरिका के तेज गेंदबाज शैडली वैन शैल्कविक को पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है, जबकि श्रीलंका की बैटर हर्षिता समरविक्रमा, पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना और भारत की सीम गेंदबाज अरुंधति रेड्डी महिलाओं की शॉर्टलिस्ट में शामिल हैं।

साहिबजादा ने पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप में रिकॉर्ड 383 का कुल स्कोर बनाकर दूसरे बैटर्स को पीछे छोड़ दिया, जबकि विल जैक्स और शैल्कविक भी बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में शामिल थे। ए तीनों टूर्नामेंट के आखिर में घोषित आईसीसी टीम ऑफ द टूर्नामेंट में शामिल थे।

# सोढी चोट के चलते सीरीज से बाहर



● **ईश सोढी को शनिवार को एक ट्रेनिंग सेशन के दौरान बॉलिंग करते समय चोट लग गई थी**

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के लेग-स्पिनर ईश सोढी अंगूठे की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही टी-20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। सोढी को शनिवार, 14 मार्च को बे ओवल में एक ट्रेनिंग सेशन के दौरान गेंदबाजी करते समय यह चोट लगी थी। स्कैन से पुष्टि हुई कि सोढी का अंगूठा टूट गया है, जिसके कारण उन्हें सीरीज से बाहर होना पड़ा। उन्हें कम से कम चार हफ्ते के आराम की जरूरत होगी। वह पहले टी-20 मैच में नहीं खेले थे, न्यूजीलैंड की सात विकेट की हार में स्पिन गेंदबाजी के लिए मिचेल सैंटनर ने कोल मैककॉन्ची के साथ जोड़ी बनाई थी। न्यूजीलैंड ने सोढी की जगह किसी और खिलाड़ी को टीम में न बुलाने का फैसला किया है। लॉकी फर्ग्यूसन, जो दूसरे और तीसरे मैच में खेलने वाले थे, टीम के साथ जुड़ गए हैं, इसलिए मेजबान टीम को लगता है कि उनके पास पर्याप्त विकल्प मौजूद हैं।

सीरीज के बाद के मैचों में शामिल होने वाले अन्य खिलाड़ी हैं: कैटेन क्लार्क (मैच 4, 5), विकेटकीपर डेन क्लीवर (मैच 4-5) और जेडन लेनोक्स (मैच 4-5)( वहीं, सैंटनर की गैरमौजूदगी में टॉम लैथम आखिरी दो मैचों में टीम की कप्तानी करेंगे। कोच रॉब वाल्टर ने कहा, ष्ईश न्यूजीलैंड के लिए खेलने को लेकर बहुत जुनूनी हैं और हम जानते हैं कि (2026 टी-20) वर्ल्ड कप कैंपेन के बाद वह अपने घरेलू फैंस के सामने खेलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। टी-20 फॉर्मेट में उन्हें बहुत ज्यादा अनुभव है, इसलिए सीरीज के बाकी मैचों में उनकी कमी बहुत खलेगी। पुरुषों के टी-20 में चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज सोढी ने 2026 टी-20 वर्ल्ड कप के तीन मैचों में हिस्सा लिया था( उन्होंने दो बार गें. दबाजी की, लेकिन दोनों ही बार उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। न्यूजीलैंड अपनी पांच मैचों की सीरीज का दूसरा मैच मंगलवार, 17 मार्च को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलेगा। न्यूजीलैंड की अपडेटेड टीमः मिशेल सेंटनर (कप्तान) (मैच 1-3), कैटेन क्लार्क (मैच 4, 5), जोश, डेन(विकेटकीपर, मैच 4-5), डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर) (मैच 1-3), लॉकी फर्ग्यूसन (मैच 2-3), जैक फोक्स, बेवन जैकब्स, काइल जैमीसन, निक केली, टॉम लैथम (विकेटकीपर, मैच 4, 5 के लिए कप्तान), जेडन लेनोक्स (मैच 4-5), कोल मैककॉन्ची, जिमी नीशम, टिम रॉबिन्सन, बेन सियर्स, नाथन स्मिथ।

## आईपीएल 2026 के लिए डिजिटल हुई गुजरात टाइटंस

**अहमदाबाद, वार्ता।** प्रशंसकों को सबसे पहले रखते हुए और टिकट उनकी उंगलियों पर उपलब्ध कराते हुए, गुजरात टाइटन्स ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के सभी घरेलू मैचों के लिए एक डिजिटल टिकटिंग मॉडल पेश किया है। टिकटों की बिक्री अब विशेष रूप से बुक माई शो (जो फेंचाइजी का आधिकारिक टिकलटग पार्टनर है, और टाइटंस एफएएम ऐप पर शुरू हो गई है। यह कदम, जो परिचालन की दूरदर्शिता और प्रशंसकों के बदलते व्यवहार को दर्शाता है, सुरक्षित क्यूआर-आधारित एम -टिकट्स पेश करके फिजिकल टिकटों की आवश्यकता को कम करेगा, ये टिकट सीधे प्रशंसकों के स्मार्टफोन पर भेजे जाएंगे। दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में, जहाँ अक्सर दर्शकों की संख्या लाखों में पहुँच जाती है, इस बदलाव से दर्शकों के लिए एक अधिक सुगम और कुशल अनुभव सुनिश्चित होने की उम्मीद है।

# बांग्लादेश के रिव्यू को पाक ने शिकायत दर्ज कराई



● **उनका मानना है कि बांग्लादेश ने रिव्यू तब लिया, जब उस गेंद का रिप्ले पहली ही बड़ी स्क्रीन पर दिखाया जा चुका था**

**मीरपुर, वार्ता।** पाकिस्तान ने मैच रेफरी नियामुर राशिद से शिकायत की है कि मैदानी अंपायर कुमार धर्मसेना ने बांग्लादेश को मीरपुर में खेले गए तीसरे वनडे की आखिरी से पहले वाली गेंद पर पगबाधा के लिए रिव्यू लेने की अनुमति तब दी, जब उसका रिप्ले दिखाया जा चुका था। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि पाकिस्तानी टीम प्रबंधन ने यह शिकायत इस आधार पर दर्ज कराई कि उनका मानना है कि बांग्लादेश ने रिव्यू तब लिया, जब उस गेंद का रिप्ले पहले ही बड़ी स्क्रीन पर दिखाया जा चुका था। उस रिव्यू के फैसले ने मैच में बांग्लादेश को निर्णायक बढ़त दिला दी।

उस गेंद से पहले पाकिस्तान को जीत के लिए दो गेंदों में 12 रन चाहिए थे। रिशाद हुसैन ने लेग स्टंप पर फ्लाइटेड गेंद डाली, जो घूमकर लेग साइड की ओर निकल गई और शाहीन अफरीदी से दूर चली गई। अंपायर ने उसे वाइड दिया क्योंकि गेंद लेग साइड से बाहर चली गई थी। थोड़ी चर्चा के बाद बांग्लादेश ने एलबीडब्ल्यू के लिए रिव्यू लेने का फैसला किया, जबकि सामान्य तौर पर देखने पर गेंद अफरीदी के पैरों या शरीर के किसी हिस्से के पास भी नहीं लग रही थी। आम तौर पर नियम यह कहते हैं कि रिव्यू लेने का फैसला तब तक कर लेना चाहिए, जब तक खिलाड़ी किसी भी तरह का रिप्ले न देख लें, ताकि रिप्ले देखकर फैसला प्रभावित न हो। लेकिन पाकिस्तान का तर्क है कि चूंकि गेंद को शुरू में वाइड दिया गया था, इसलिए रिव्यू की संभावना नहीं मानी जा रही थी। इसी दौरान स्टेडियम की बड़ी स्क्रीन पर गेंद को बल्ले के पास से गुजरते हुए दिखाया गया, जिससे संभव है कि बांग्लादेश को यह संकेत मिल गया हो कि गेंद बल्ले को छू सकती है। पाकिस्तान इस बात से भी नाराज है कि शायद बांग्लादेश को 15 सेकंड की तय समयसीमा से ज्यादा समय मिलने के बाद भी रिव्यू लेने की अनुमति दी गई। ब्रॉडकास्ट पर कोई टाइमर नहीं दिखा, इसलिए यह स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी कि रिव्यू समय के भीतर लिया गया था या नहीं। हालांकि जैसे ही डीआरएस का फैसला हॉक-आई पर गया, अफरीदी की नाराजगी की वजह साफ हो गई। गेंद जब उनके बल्ले के निचले हिस्से के पास से गुजरी, तो उस समय स्पाइक दिखाई दी, जिससे संकेत मिला कि गेंद बल्ले को छूकर गई थी और इसलिए उसे वाइड नहीं दिया जा सकता था। बांग्लादेश ने रिव्यू तो खो दिया, लेकिन वाइड का फैसला बदल गया। अब पाकिस्तान को दो की बजाय एक गेंद में 12 रन चाहिए थे। आखिरी गेंद पर अफरीदी स्टंप आउट हो गए और गुस्से में उन्होंने अपना बल्ला स्टंप्स पर दे मारा। इससे बांग्लादेश को 11 रन से जीत मिली और उन्होंने सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है।

# भारतीय खेलों के भविष्य के लिए लंबे समय की प्लानिंग की जरुरत : शाह



● **शाह ने स्टेकहोल्डर्स से 2030-2036 के ग्लोबल स्पोर्टिंग साइकिल की तैयारी शुरू करने की अपील की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के खेलों के भविष्य के लिए लंबे समय की प्लानिंग की अपील करते हुए, आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने रविवार को स्टेकहोल्डर्स से 2030-2036 के ग्लोबल स्पोर्टिंग साइकिल की तैयारी शुरू करने की अपील की, और फेडरेशन, कॉर्पोरेट्स, एथलीट्स और मीडिया के बीच मिलकर कोशिश करने की अहमियत पर जोर दिया। शाह इंडिया हैबिटेट सेंटर में स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) नेशनल कन्वेंशन के गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन के तीसरे दिन ग्रैंड स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। कॉन्क्लेव को दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (डीएसजेए) ने होस्ट किया था। शाह ने कहा कि जब हम अभी के कॉम्पिटिशन पर फोकस करते हैं, तो हमें भविष्य के साइकिल के लिए भी तैयारी करनी चाहिए - 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स, 2032 ब्रिस्बेन ओलंपिक्स और 2036 ओलंपिक्स। अगर भारत अपनी ग्लोबल स्पोर्टिंग पहचान मजबूत करना चाहता है, तो इन इवेंट्स की प्लानिंग काफी पहले शुरू कर देनी चाहिए।

भारतीय क्रिकेट की हालिया सफलता पर बात करते हुए, शाह ने 2019-2026 के समय को खेल के लिए एक सुनहरा दौर बताया। उन्होंने कहा कि 2019 से 2026 तक का समय भारतीय क्रिकेट के लिए एक सुनहरा दौर रहा है। हमने अंडर19 टूर्नामेंट से लेकर बड़े आईसीसी कॉम्पिटिशन तक, सभी फॉर्मेट और एज ग्रुप में सफलता हासिल की है। उन्होंने भारत की टी-20 वर्ल्ड कप जीत को भी एक ऐतिहासिक पल बताया और इस ऐतिहासिक उपलब्धि को डॉक्यूमेंट करने का क्रेडिट स्पोर्ट्स मीडिया को दिया। शाह ने कहा कि जब भारत ने वर्ल्ड कप जीता, तो यह पूरे देश के लिए गर्व का पल था।

आप में से कई लोगों ने टीम के साथ ट्रैवल किया और लाखों फैंस के लिए उन यादों को कैद किया। भारत के स्पोर्टिंग इकोसिस्टम को मजबूत करने में मिलकर कोशिश करने की अहमियत पर जोर देते हुए, शाह ने एडमिनिस्ट्रेटर्स, कॉर्पोरेट्स, एथलीट्स और मीडिया के बीच ज्यादा सहयोग की भी अपील की। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स की ग्रोथ स्टेकहोल्डर्स के बीच सहयोग पर निर्भर करती है। फेडरेशन, कॉर्पोरेट्स, एथलीट्स और मीडिया को मिलकर एक मजबूत इकोसिस्टम बनाना चाहिए जो हर लेवल पर भारतीय स्पोर्ट को सपोर्ट कर सके। हीरो मोटोकॉर्प के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट संजय भान ने भारतीय स्पोर्टिंग इकोसिस्टम को बदलने में कॉर्पोरेट्स की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया। भान ने कहा कि पिछले एक दशक में हमने भारतीय स्पोर्ट में एक बड़ा बदलाव देखा है। क्रिकेट अभी भी हावी है, लेकिन फुटबॉल, हॉकी और गोल्फ जैसे स्पोर्ट्स को इंटरनेशनल पहचान मिल रही है।

# वाशी-वरुण ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन से मुलाकात की



**चेन्नई, वार्ता।** टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे मुख्य स्पिनर वॉशिगटन सुंदर और वरुण चक्रवर्ती ने सोमवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम-के- स्टालिन से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इस स्पिन जोड़ी को भविष्य में और भी कई मैच जिताने वाले प्रदर्शन और गर्व के पल हासिल करने की शुभकामनाएं दीं। इस स्पिन जोड़ी ने मुख्यमंत्री स्टालिन के आवास पर उनसे मुलाकात की, शिष्टाचार भेंट की और अपने क्रिकेट सफर के बारे में उनसे बातचीत की।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन भी मौजूद थे। बाद में एक्स पर एक पोस्ट में, मुख्यमंत्री स्टालिन ने लिखा कि तमिलनाडु से हमारी स्पिन जोड़ी, वॉशिगटन सुंदर और वरुण चक्रवर्ती के साथ यादगार पल। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके सफर के बारे में उनके साथ एक शानदार बातचीत हुई, जो उनकी लगन, अनुशासन और आत्मविश्वास से बना है।

**रमजान मुबारक**



**अटठाईसवां रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.04 |
| | शिया | 4.57 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.30 |
| | शिया | 6.43 |

**मोमिन को शुक्र-सब्र और यकीन पर कायम रहना चाहिए।जो अल्लाह ने दिया है उस पर अल्लाह का शुक्र अदा करना चाहिए।हो सकता है बहुत से लोग उससे महरूम हों।जो नहीं है उस सब्र करना चाहिए कि इसमें भी अल्लाह की कुछ बहतराई हो सकती है।**

**कुरआन करीम**

# लाईन में लगे लोगों को मिल रहा मात्र आश्वासन: रावत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य हरीश रावत ने कहा कि आम जनता एक बार फिर लाईनों में लगने को मजबूर है और भाजपा नेता व उनकी सरकार केवल झूठे आश्वा. सन दे रही है।

हरीश रावत ने यह बात देहरादून से दिल्ली जाते समय अपने करीबी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासर्. चव मुजतबा एडवोकेट के निवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। उन्होंने कहा किपूरे देश में गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत और कालाबाजारी की जो खबरें सामने आ रही हैं, वो बेहद चिंताजनक है। देश में आम जनता पहले ही महंगाई की मार झेल रही है, ऐसे में गैस जैसी मूलभूत सुविधा की कालाबाजारी भाजपा सरकार की दम तोड़ चुकी व्यवस्था, कार्यशैली और नीतियों पर सवाल खड़े करती है। भाजपा सरकार गैस के पर्याप्त स्टॉक और नियंत्रण के दावे कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत ये है कि बाजार में तय राशि से दोगुनी-तिगुनी कीमत पर सिलेंडर बेचे जा रहे हैं। प्रदेश की जनता दोहरी मार झेलने को विवश है, हाल इतना बेहाल है कि लोग घंटों-घंटो भर कतारों में लगने को मजबूर है, बार-बार शिकायतों के बावजूद बाजार में सिलेंडरों की जमाखोरी हो रही है। सरकार को तुरंत प्रभाव से संज्ञान लेकर सप्लाई व्यवस्था सुधारनी चाहिए एवं गैस सिलेंडरों की कालाबा. जारी करने वाले जमाखोरों पर सख्त कार्रवाई कर जनता को राहत देनी चाहिए। सरकार ने अगर समय रहते कदम नहीं उठाए तो आने वाले समय में ये स्थिति और भी भयावह हो सकती है।



उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में भ्रष्टाचार का बोल बाला है उत्तराखण्ड में भाजपा के शासन में दो सो 200 से ज्यादा मामले भाजपा की सरकार के विगत नो साल के कार्यकाल के है जिनमें नैनीताल हाईकोर्ट दो मामलों की सीबीआई जाँच के आदेश दे चुका है।

पूर्व मुख्य मंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में भ्रष्टाचार की लड़ाई दिखाने के दाँत है और भ्रष्टाचार करो खाने के दाँत है अवेध खनन खुले आम हो रहा है सरकार की खुली छूट माफियाँओ को है उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके नेता मोदी, शाह, धामी अबकी बार कितना भी जोर ले उत्तराखण्ड की जनता आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को क्लीनबोल्ड करेगी।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासर्. चव मुजतबा एडवोकेट ने भाजपा सरकार पर उधोग धंधों को बंद करने का आरोप लगाया

इस अवसर पर अब्दुल हसीब मलिक, मनोज चौधरी, प्रधान फरमान मलिक, प्रधान नासिर अली, रामबीर सिंह, पदम् सिंह, परवेज अंसारी, राव यूसुफ, कद्दूस मलिक, वकील मलिक, राव आरिफ, कारी आबिद, अरशद एडवोकेट, फेसल मिर्जा, नासिर सैफी, डाक्टर बिलाल चौहान, अजीम मलिक, इरफान अली सुखदेव चौहान आदि मोजूद रहे।

# छात्राओं को कराया शैक्षिक भ्रमण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर क्षेत्र व साढोली कदीम क्षेत्र की लगभग 500 बालिकाओं को शैक्षणिक एक्सपोजर विजिट के अंतर्गत दिल्ली भ्रमण कराया गया।

प्रधानाध्यापकों एवं जिला समन्वयक बालिका शिक्षा द्वारा हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया गया। दिल्ली पहुंचने पर बालिकाओं को इंडिया गेट, राष्ट्रपति भवन और अमृत उद्यान जैसे प्रमुख स्थलों का भ्रमण कराया गया। इसके बाद राष्ट्रपति भवन से निकलकर बालिक. ाओं को ईओडी पार्क ले जाया गया, जहां उनके लिए भोजन की व्यवस्था की गई। भोजन के उपरांत बालिक. ाओं को मैजिक शो भी दिखाया गया, जिसका सभी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया। पूरे भ्रमण के दौरान प्रत्येक समूह के साथ शिक्षक मौजूद रहे तथा सुरक्षा की दृष्टि से डॉक्टरों की टीम भी साथ रही। कार्यक्रम के अंत में सभी बालि. काओं को सुरक्षित उनके विद्यालयों तक पहुंचाया गया।

# एडिशनल कमिश्नर से की शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य कर विभाग की नवांगतुक एडिशनल कमिश्नर ग्रेड वन रूबी सिंह से शिष्टाचार भेंट की।



चैप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा ने संस्था का परिचय देते हुए बताया कि आईआईए एमएसएमई सेक्टर का देश का अग्रणी औद्योगिक संगठन है, जो प्रदेश के 58 जनपदों में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है तथा प्रदेश में लगभग 15,000 एमएसएमई उद्यमी सदस्य इससे जुड़े हुए हैं। जनपद सहारनपुर में भी संस्था के लगभग 700 सदस्य हैं।

एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-1 रूबी सिंह ने कहा कि वाणिज्य कर विभाग का उद्देश्य उद्यमियों को अनावश्यक कठिनाइयों से बचाते हुए पारदर्शी और सरल कर व्यवस्था प्रदान करना है।

प्रतिनिधिमंडल में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद मिगलानी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद सडाना, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र मोहन कालरा, पूर्व चैप्टर चेयरमैन अशोक गांधी, विशेष आमंत्रित सदस्य राजेश सपरा, उपाध्यक्ष विनय दहूजा, राजकुमार अरोड़ा, संजय कपूर, पिलखनी औद्योगिक क्षेत्र एवं खाद्य विभाग कन्वीनर अनुज कुमार जैन, राकेश गांधी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# चोरी से काटे गए 16 पेड़ छापेमारी में मजदूर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** रात के अंधेरे में अवैध पेड़ कटाई की कोशिश फिर नाकाम हुई गांव रसूलपुर में किसी सजग ग्रामीण ने सूचना दी कि चोरी छिपे पेड़ काटे जा रहे हैं।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची टीम के पहुंचते ही पेड़ काट रहे मजदूर और संबंधित लोग वहां से जान बचाकर भाग निकले वन दरोगा प्रेम शंकर तिवारी ने बताया कि घटनास्थल पर जांच में कुल 16 पेड़ काटे जा चुके थे ये पेड़ संभवत सरकारी या संरक्षित भूमि पर थे जिन्हें बिना अनुमति के काटा गया कटे हुए पेड़ों को वन विभाग ने तुरंत अपने कब्जे में ले लिया है और जांच शुरू कर दी है प्रारंभिक जांच में ठेकेदार इरशाद का

**छुटमलपुर के गांव रसूलपुर में कोशिश फिर हुई नाकाम**

नाम सामने आया है जिसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है जुर्माना लगाने के साथ साथ कानूनी प्रक्रिया तेज कर दी गई है वन विभाग ने चेता. वनी दी है कि ऐसी अवैध कटाई में शामिल सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी जिसमें गिरफ्तारी और भारी जुर्माना शामिल है ग्रामीणों ने इस घटना पर गुस्सा जताते हुए कहा कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले ऐसे तत्वों पर लगाम लगनी चाहिए वन विभाग ने आसपास के इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकी जा सकें।

# अवैध निर्माण पर चलाया सीलिंग अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एसडीए ने जोन छह व एक में अवैध निर्माणों के खिलाफ सीलिंग अभियान चलाया गया।

प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने बताया अम्बाला रोड स्थित वैशाली पेट्रोल पम्प के निकट मानकमऊ क्षेत्र में रईस द्वारा भूतल पर लगभग 1000 वर्गगज की बाउंड्री में करीब 700 वर्गगज क्षेत्रफल में बनाए जा रहे टीन शेड के निर्माण को सील कर दिया।



इसके अलावा फतेहपुर जट्ट नवादा रोड में तैय्यब द्वारा लगभग 160 वर्गमीटर के भूखण्ड पर 16 आरसीसी कॉलम लगाकर आवासीय मकान निर्माण के लिए लगभग 4 फुट ऊंचाई तक की जा रही चिनाई के कार्य को भी सील किया गया। वहीं जोन-1 के अंतर्गत देहरादून रोड स्थित गागलहेड़ी में सब्जी मंडी से पहले सुहैल द्वारा लगभग 106 वर्गमीटर क्षेत्रफल में दो दुकानों के निर्माण के लिए लगाए गए 9 कॉलम के निर्माण कार्य को भी प्राधिकरण की टीम ने सील कर दिया।

यह कार्रवाई सहायक अभियंता शमीम अख्तर एवं वीरेश कुमार राणा के नेतृत्व में की गई। अभियान में अवर अभियंता धर्मवीर सिंह बंसल, आशीष सक्सेना, मेट लाल बहादुर, आउटसोर्सिंग मेट करमवीर तथा रिजवान का सहयोग रहा।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय में शी फॉर हर क्लब का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्व. विद्यालय में इंटरनेशनल वूमेन डे के अवसर पर शी फॉर हर क्लब के तत्वावधान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुआ। इसके बाद कार्यक्रम संयोजक फातिमा परवीन अकील ने स्वागत भाषण देते हुए महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रोफेसर शिवानी तिवारी, एपीसी (फाइनेंस) सैयद निजामुद्दीन, एपीसी (एकेडमिक्स) प्रोफेसर डॉ ओम कुमार हर्ष तथा पीवीसी प्रोफेसर डॉ जॉन फिनबे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए महिलाओं की सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक भागीदारी को बढ़ाने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि ग्लोकल विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. मंजू गुप्ता ने कहा कि आज के समय में महिलाओं की शिक्षा और नेतृत्व समाज के विकास की आधारशिला है। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।



कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, एकल नृत्य, युगल नृत्य और समूह नृत्य जैसी विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की पॉश समिति की अध्यक्ष डॉ. रेशमा ताहिर ने कार्यस्थल पर लैंगिक सम्मान और सुरक्षा से संबंधित विषयों पर जागरूकता व्याख्यान भी दिया। कार्यक्रम में प्रो. डॉ. आरती कामथ ने महिला सशक्तिकरण पर विशेष संबोधन दिया, जबकि डॉ. शोभा त्रिपाठी ने छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके अतिरिक्त डॉ. अतीका बानो ने प्रेरणादायक विचार साझा किए और डॉ. वर्षा देवा ने अपने मार्गदर्शक वक्तव्य से छात्राओं को प्रोत्साहित किया। अंत में डॉ. रिया वर्गीस ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# मैक्स इंटरनेशनल स्कूल में दिए एनुअल फंक्शन अवार्ड



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मैक्स इंटरनेशनल स्कूल में एनुअल फंक्शन अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया।

चिलकाना रोड पर स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में इस अवसर पर नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि शिक्षा किसी भी क्षेत्र में रुकनी नहीं चाहिए छोटे या बड़े स्तर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा एक ऐसा हथियार है जो कभी कमजोर नहीं पड़ता ये समारोह बच्चो के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होता है जो उनके भविष्य के लिए एक नई शुरुआत का प्रतीक है। पार्षद अहमद मलिक ने कहा कि मैक्स इंटरनेशन स्कूल के एनुअल फंक्शन में कुछ ऐसा ही देखने को मिला जहाँ बच्चो की साल भर की मेहनत और उपलब्धियों को सम्मानित किया गया पार्षद सईद अहमद सिद्दीकी ने कहा कि सुरैया कौसर द्वारा आयोजित ये प्रोग्राम नारी सशक्तिकरण का मजबूत उदाहरण है।

# छुटमलपुर में शाम होते ही खुलेआम छलक रहे शराब के जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** शासन और आबकारी विभाग के सख्त प्रतिबंधों के बावजूद कस्बे के ढाबों में शराब का सेवन खुलेआम जारी है शाम ढलते ही शराब के शौकीन बोतलें लेकर इन ढाबों में पहुंचने लगते हैं और बेफिक्र होकर मेजों पर बैठकर पीने में जुट जाते हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, कई प्रमुख ढाबों में यह सिलसिला रोजाना देखा जा सकता है। ग्राहक अपनी बोतलें साथ लाते हैं और ढाबा संचालक बिना किसी रोक-टोक के उन्हें खाने के साथ परोसने देते हैं कुछ ढाबों में तो गिलास और बर्फ भी उपलब्ध कराई जाती है, जिससे यह सब और सुगम हो जाता है हालांकि यह मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है लेकिन आबकारी निरीक्षकों और पुलिस की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही। सूत्रों का कहना है कि विभाग को इन गतिविधियों की पूरी जानकारी है फिर भी संच. ालकों पर कोई जुर्माना या सील करने जैसी कार्रवाई नहीं हो रही। इससे एक तरफ कानून का मखौल उड़ रहा है तो दूसरी तरफ अवैध शराब की बिक्री और सेवन को बढ़ावा मिल रहा है।




# महिला सहित दो के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** पडोस में सामान देने गयी युवती के साथ छेड़छाड़ व शोर शराबा सुनकर मौके पर आये पिता के साथ मारपीट करने के आरा. ेप में पुलिस ने एक महिला सहित दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम गांव पैरागपुर निवासी एक व्यक्ति ने थाना पर तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री पड़ोसी के घर कुछ सामान देने गयी थी। जहां पर उसके साथ विपक्षी शोबान पुत्र कामिल ने गलत हरकत की, जिसका विरोध करने पर आरोपी बेटी के साथ गाली गलौज करने लगा। पीड़ित का आरोप है कि शोर शराबा सुनकर जैसे ही वह मौके पर पहुंचा तो आरोपी ने उसके साथ भी गाली गलौज करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर शोबान पुत्र कामिल व हलीमा पत्नी नोमान ने पीड़ित के साथ मारपीट कर दी।

# ब्लू बर्ड स्कूल का वार्षिक परिणाम घोषित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ब्लू बर्ड स्कूल में वार्षिक परिणाम घोषित कर मेधावी बच्चों का पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

आनंद नगर स्थित स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभ आरम्भ पवित्र कुरान के पाठ से किया गया। कार्यक्रम का संचालन मिस मरिया और मिस रिया द्वारा किया गया। प्रिंसिपल श्रीमती नीलोफर शम्सी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। चेयरमैन डा खालिद ने कहा कि प्रिय विद्यार्थियों, शिक्षा का उद्देश्य केवल अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं है, बल्कि एक अच्छा और जिम्मेदार इंसान बनना भी है। प्रबंधक मोहम्मद जमाल असलम ने कहा कि परिणाम दिवस विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी होता है। जो अच्छे अंक प्राप्त करते हैं, उन्हें पुरस्कार और प्रशंसा मिलती है। वहीं जिन विद्यार्थियों के अंक कम आते हैं, वे अपनी कमियों को समझकर आगे बढे।







# किसान ट्रेंच विधि से करें गन्ना बुवाई: ओ.पी.सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उप गन्ना आयुक्त ओ. पी. सिंह ने कहा है कि किसान ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई करें और उन्नत शील गन्ना प्रजातियां लगाए।

उप गन्ना आयुक्त ने कहा कि मण्डल के तीनो जनपदों के समस्त ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, समस्त सचिव प्रभारी ओर समस्त चीनी मिलों के महाप्रबंधक गन्ना स्वयं गांव में पहुंचे और किसानो के खेतों पर भ्रमण करें। वर्तमान में बसन्त कालीन गन्ना बुवाई सीजन पूरे जोर पर चल रहा है और किसान गन्ने की बुवाई करने में लगे हैं तो इस समय पर किसानो को सबसे ज्यादा जानकारी की आवश्यकता है जिससे कि वे अपने गन्ने की बुवाई आधुनिक ट्रेंच विधि ओर वैज्ञानिक तकनीकी ओर नई तथा उन्नतिशील गन्ना प्रजातियों को लेते हुए उचित खाद और उर्वरक के साथ कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि बुवाई के दौरान गन्ने विभाग अथवा चीनी मिलों से कोई ना कोई फील्ड अधिकारी अथवा स्टाफ जरूर उपस्थित रहना चाहिए।



उप गन्ना आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए हैं कि पौधा गन्ना कटाई के उपरांत किसान गन्ने की पेड़ी फसल रखते हैं तो उनकी यह फसल अच्छी हो इसके लिए भी इस समय सबसे उपयोगी कृषि यंत्र, रेटून मैनेजमेंट डिवाइस को किसानो को उपलब्ध कराया जाए उन्होंने सभी चीनी मिलों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने यहां इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करें।

सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों को निर्देश देते हुए उप गन्ना आयुक्त ने कहा कि गन्ना समितियों में उपलब्ध पेड़ी प्रबंध यंत्र (रेटून मैनेजमेंट डिवाइस) को किसानो को जागरूक करते हुए उन्हें उपलब्ध कराया जाए।

सभी सचिवों को निर्देश दिए कि गन्ना समितियों में गोदामों पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक और अन्य दवाई ओर कीट नाशक तथा अन्य जैविक खाद उपलब्ध रखे उन्होंने कहा कि वह स्वय भी गोदामों का निरीक्षण करेंगे।

उप गन्ना आयुक्त ने स्वयं भी ट्रेंच बुवाई से किए गए गन्ने के खेतों का निरीक्षण किया, तथा किसानो को जागरूक करते हुए इसके लाभ बताए।

निरीक्षण के समय अन्य विभागीय तथा चीनी मिल अधिकारी ओर फील्ड स्टाफ भी उपस्थित रहे।












Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# और कितनी किल्लत

होर्मुज जलमार्ग पार करके एक भारतीय जहाज 'शिवालिक' 16 मार्च, सोमवार, को 'मुंडा पोर्ट' (गुजरात) पर पहुंचेगा। एक और जहाज 'नंदा देवी' 17 मार्च, मंगलवार, को 'कांडला बंदरगाह' (गुजरात) पर पहुंच सकता है। दोनों घरेलू गैस एलपीजी से लदे हुए हैं। दोनों जहाजों में 1.08 लाख मीट्रिक टन एलपीजी बताई गई है। यह भारत में मात्र एक दिन की गैस है। हमारी मासिक खपत 30 लाख टन है। एलपीजी के 11 अन्य जहाज भी होर्मुज पार करके भारत आने की उम्मीद में हैं। उनमें 4,15,000 टन एलपीजी बताई जा रही है। कच्चे तेल के 8 जहाज और एलएनजी के 3 जहाज भी प्रतीक्षारत हैं कि कब ईरान इजाजत देगा और वे भारत की तरफ प्रस्थान करेंगे। होर्मुज को लेकर भारत-ईरान का कोई नया करार नहीं हुआ है। भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रही हैं। भारत 2019 तक ईरान से कच्चा तेल आयात करता था। उसकी आपूर्ति में परिवहन और बीमा निःशुल्क होते थे। 'रुपए' की मुद्रा में तेल की आपूर्ति होती थी और ईरान के करीब 60,000 करोड़ रुपए भारतीय बैंकों में जमा थे। अमरीका ने ईरान पर पाबंदियां थोपीं, तो भारत पर भी दबाव बनाया गया कि वह ईरान से तेल न खरीदे। हमने अमरीका का आदेश मान लिया और ईरान से तेल का आयात बंद कर दिया। उसी तरह रूस के तेल को काफी कम किया गया। अब संकट के दौर में ईरान और रूस दोनों को 'पुरानी दोस्ती' की दुहाई दी जा रही है। वे दोस्ती निभा भी रहे हैं। आभार ईरान और रूस! अब सरकार बार-बार दावे कर रही है कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है, तो कुछ सवाल मौजू लगते हैं। जिनके घरों में पाइपलाइन से पीएनजी सप्लाई की जाती है, उन्हें एलपीजी कनेक्शन से वंचित क्यों किया जा रहा है? ऐसे कनेक्शन 1।62 करोड़ हैं। देश की आबादी में चुटकी भर संख्या! बीती 13 मार्च को 88।8 लाख बुकिंग कराई गई, जबकि एक दिन की औसत बुकिंग 55 लाख रही है। क्या पूरी 'दहशतपूर्ण बुकिंग' है? राजधानी दिल्ली में ही होटल, रेस्तरां और ढाबों में इंडक्शन चूल्हों और डीजल की भट्टियों पर खाना क्यों बनने लगा है? सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के जरिए वैकल्पिक ईंधन की इजाजत क्यों दी है? लोगों ने घरों की छतों पर चूल्हा रख कर लकड़ी और कोयले पर खाना पकाना क्यों शुरू कर दिया है? जहरीले प्रदूषण को आमंत्रण और पर्यावरण का छिलना शुरू! एक पेशेवर सवाल यह है कि यदि एलपीजी का कोई संकट नहीं है, तो गैस डीलरों ने फोन क्यों बंद कर रखे हैं? हॉकर के फोन भी बंद हैं, क्यों? प्रधानमंत्री मोदी आजकल चुनावी जनसभाओं में व्यस्त हैं। वह बार-बार देश का आह्वान कर रहे हैं कि अफवाहों में मत आएं और अफवाहें फैलाएं भी नहीं। देश करीब 12 साल पहले कांग्रेस और विपक्ष को खारिज कर चुका है। लगातार तीन बार संसदीय जनादेश भाजपा-एनडीए को मिला है।

## उप्र में ऐसा क्यों नहीं किया जाता



जब भी किसी राज्य में चुनाव होता है और वहां भाजपा की सरकार नहीं होती, तो सबसे पहले वहां के चीफ सेक्रेटरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को हटा दिया जाता है, उप्र में ऐसा क्यों नहीं किया जाता, प्रदेश में चुनाव के दौरान कभी भी डीजीपी को नहीं हटाया गया, जबकि कई बार चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की गई थी, जिन अधिकारियों के परिवार के लोग खुद चुनाव लड़ रहे थे, क्या उन्हें पद से हटाया गया, चुनाव आयोग निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर रहा है, पूरा देश जानता है कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है और उसकी कार्रवाई भी उसी के अनुरूप दिखाई देती है।

**-अखिलेश यादव**
**अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# गैस की कतारों से उठते सवाल : कितनी सुरक्षित है भारत की ऊर्जा व्यवस्था





योगेश कुमार गोयल

मध्य-पूर्व में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़े संघर्ष ने दुनिया को एक बार फिर यह याद दिला दिया है कि आधुनिक वैश्विक अर्थव्यवस्था की नसों में बहने वाली ऊर्जा कितनी असुरक्षित है। होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव और समुद्री आवागमन के ठप होने से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में गहरा व्यवधान पैदा हुआ है, जिसका सबसे तीखा असर भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर दिखाई दे रहा है। भारत में रसोई गैस अर्थात एलपीजी का संकट संसद से लेकर सड़क तक चर्चा का विषय बन गया है। देश के अनेक शहरों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं, कमर्शियल सिलेंडरों की किल्लत के कारण होटल-रेस्टोरेंट बंद हो रहे हैं और कालाबाजारी के समाचार निरंतर सामने आ रहे हैं। यह स्थिति केवल अस्थाई आपूर्ति बाधा का मामला नहीं है बल्कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा की संरचनात्मक कमजोरियों को उजागर करने वाला गंभीर संकेत है। वैश्विक ऊर्जा मानचित्र में होर्मुज जलडमरूमध्य की भूमिका अत्यंत निर्णायक है। फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ने वाला यह लगभग 21 मील चौड़ा समुद्री मार्ग दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा 'चोकपॉइंट' माना जाता है। वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत इसी संकरे मार्ग से होकर गुजरता है। सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और इराक जैसे बड़े ऊर्जा निर्यातक देश अपने तेल और गैस के विशाल भंडार को दुनिया के बाजारों तक पहुंचाने के लिए इसी मार्ग पर निर्भर हैं। ऐसे में जब इस क्षेत्र में युद्ध या सैन्य तनाव बढ़ता है तो पूरी दुनिया की ऊर्जा व्यवस्था अस्थिर हो जाती है। वर्तमान संघर्ष ने भी यही किया है। ईरान द्वारा होर्मुज क्षेत्र में समुद्री गतिविधियों को सीमित करने और जहाजों पर संभावित हमलों की चेतावनी ने कई टैंकरों को रोक दिया है, जिससे एलपीजी और एलएनजी के जहाज समुद्र में फंस गए हैं और आयात पर निर्भर देशों को बड़ा झटका लगा है।

भारत के लिए यह संकट इसलिए अधिक गंभीर है क्योंकि देश की ऊर्जा संरचना में एलपीजी की भूमिका पिछले एक दशक में अत्यधिक बढ़ गई है। भारत आज हर वर्ष लगभग 3 करोड़ टन से अधिक एलपीजी का उपभोग करता है लेकिन घरेलू उत्पादन इस मांग का आधा हिस्सा भी पूरा नहीं कर पाता। शेष आवश्यकता खाड़ी देशों से आयात करके पूरी की जाती है। अनुमान है कि भारत में आने वाली एलपीजी का 80 से 90 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर ही गुजरता है। यही कारण है कि जैसे ही इस मार्ग में व्यवधान आया, उसका सबसे पहला और सबसे तेज असर भारत की रसोई पर दिखाई देने लगा। यह एक कठोर सच्चाई है कि भारतीय परिवारों की ऊर्जा सुरक्षा काफी हद तक एक संकरे समुद्री मार्ग पर निर्भर है। इसी संकट के दौरान पैट्रोल और डीजल की उपलब्धता अपेक्षाकृत सामान्य बनी हुई है। पैट्रोल पंपों पर न तो लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं और न ही कीमतों में अचानक उछाल आया है। इसका कारण यह है कि भारत ने पिछले वर्षों में कच्चे तेल की आपूर्ति को लेकर अपेक्षाकृत अधिक लचीला ढांचा विकसित किया है। आज भारत 40 से अधिक देशों से कच्चा तेल आयात करता है और रूस, अमेरिका तथा अफ्रीका के कई देशों से आने वाला तेल ऐसे मार्गों से भारत पहुंचता है, जो होर्मुज पर निर्भर नहीं हैं। इसके अतिरिक्त भारत के पास रणनीतिक पैट्रोलियम भंडार भी मौजूद हैं, जिनमें आपातकालीन परिस्थितियों के लिए लाखों बैरल कच्चा तेल संग्रहीत किया जाता है। इन भंडारों और विविध आपूर्ति स्रोतों के कारण पैट्रोल और डीजल की उपलब्धता तुरंत प्रभावित नहीं होती। इसके विपरीत एलपीजी के मामले में स्थिति बिल्कुल अलग है। एलपीजी को तरल रूप में सुरक्षित रखने के लिए अत्यधिक दबाव और विशेष टैंकों की आवश्यकता होती है, जिसके कारण बड़े पैमाने पर इसका भंडारण करना महंगा और तकनीकी रूप से जटिल होता है। यही कारण है कि भारत के पास एलपीजी का कोई बड़ा साम. रिक भंडार नहीं है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, देश में एलपीजी का जो सीमित भंडार है, वह मुश्किल से दो-तीन दिन की खपत के बराबर ही है। परिणामस्वरूप जैसे ही आयात में थोड़ी भी बाधा आती है, उसका असर तुरंत बाजार और घरेलू उपभोक्ताओं पर दिखाई देने लगता है। यही वह संरचनात्मक कमजोरी है, जिसने मौजूदा संकट को गहरा बना दिया है। इस संकट का एक दूसरा पहलू भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

पिछले दशक में 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के माध्यम से करोड़ों गरीब परिवारों तक रसोई गैस पहुंचाई गई है। इस योजना ने ग्रामीण महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 2014 में जहां देश में एलपीजी कनैक्शनों की संख्या लगभग 14 करोड़ थी, वहीं आज यह बढ़कर 33 करोड़ से अधिक हो चुकी है। यह सामाजिक दृष्टि से अत्यंत सकारात्मक परिवर्तन है किंतु इसका अर्थ यह भी है कि भारत की घरेलू ऊर्जा व्यवस्था अब एलपीजी के निरंतर प्रवाह पर पहले से कहीं अधिक निर्भर हो गई है। जब इस प्रवाह में व्यवधान आता है तो उसका प्रभाव करोड़ों परिवारों के दैनिक जीवन पर पड़ता है। संकट का असर केवल घरेलू रसोई तक सीमित नहीं है। उद्योग, होटल, रेस्टोरेंट, छोटे व्यवसाय और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां भी बड़े पैमाने पर एलपीजी और प्राकृतिक गैस पर निर्भर हैं। जब आपूर्ति सीमित होती है तो सबसे पहले इन्हीं क्षेत्रों की गैस आपूर्ति घटाई जाती है ताकि घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जा सके। परिणामस्वरूप औद्योगिक उत्पादन प्रभावित होता है, छोटे कारोबारियों पर आर्थिक दबाव बढ़ता है और कई स्थानों पर रोजगार प्रभावित होते हैं। स्टील और धातु उद्योगों से लेकर ढाबों और छोटे भोजनालयों तक, अनेक क्षेत्र इस संकट की मार झेल रहे हैं। हालांकि सरकार ने इस स्थिति से निपटने के लिए कुछ आपातकालीन कदम उठाए हैं। रिफाइनरियों को निर्देश दिया गया है कि वे कच्चे तेल के प्रसंस्करण के दौरान एलपीजी की रिकवरी को अधिकतम करें। कुछ पैट्रोकेमिकल उत्पादों को अस्थाई रूप से रसोई गैस उत्पादन की दिशा में मोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही अमेरिका और पश्चिम अफीका जैसे क्षेत्रों से अतिरिक्त एलपीजी कार्गो मंगाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति पर अस्थाई नियंत्रण लगाकर घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने का निर्णय भी इसी रणनीति का हिस्सा है। हालांकि ए सभी कदम तात्कालिक राहत प्रदान कर सकते हैं लेकिन दीर्घकालिक समाधान के लिए इससे कहीं अधिक व्यापक नीति की आवश्यकता है। दरअसल यह संकट केवल एक युद्ध का परिणाम नहीं है बल्कि यह भारत की ऊर्जा नीति के उस खालीपन की ओर संकेत करता है, जिस पर लंबे समय से पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एसिडिटी से पाना चाहते हैं छुटकारा, तो ये अपनाएं टिप्स

**नींबू में एंटी इन्फ्लेमेटरी गुण और विटामिन सी पाया जाता है। जो पेट में मौजूद बैक्टीरिया से लड़ते हैं। हल्के गर्म पानी में नींबू का रस मिला लें। फिर उसमें एक चम्मच शहद मिला लें। अब इसको पी लें। इस तरह से यह ड्रिंक भी आपको एसिडिटी की समस्या से राहत देने का काम करेगा।**

इस फेस्टिव सीजन में लोगों के घरों में तरह तरह के तले भुने व्यंजन बनते हैं। जिसको खाने से ना सिर्फ बदहजमी बल्कि पेट में गैस बनने की परेशानी भी शुरू हो जाती है। पेट दर्द होने के कारण त्योहार का सारा मजा किरकिरा हो जाता है। ऐसे में अगर इस फेस्टिव सीजन आप भी एसिडिटी की समस्या से खुद को बचाए रखना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए हैं। तैलीय और मसालेदार खाना, नींद की कमी और असमय भोजन आदि के कारण भी गैस व पेट में जलन की समस्या हो जाती है। ऐसे में इस समस्या से बचने के लिए आप इन ड्रिंक्स का सेवन कर सकते हैं।

**जीरा पानी**

आपको बता दें जीरा में फाइबर की मात्रा पाई जाती है। जो आपके पाचन को दुरुस्त रखने में सहायक होती है। जीरा पानी के सेवन से आप एसिडिटी की समस्या से राहत पा सकते हैं। जीरा पानी बनाने के लिए एक पैन में पानी और जीरा डालकर इसको उबाल लें। इसके बाद इसे छान लें और हल्का गुनगुना रहने पर इसको पी लें।

**नींबू और शहद का ड्रिंक**

नींबू में एंटी इन्फ्लेमेटरी गुण और विटामिन सी पाया जाता है। जो पेट में मौजूद बैक्टीरिया से लड़ते हैं। हल्के गर्म पानी में नींबू का रस मिला लें। फिर उसमें एक चम्मच शहद मिला लें। अब इसको पी लें। इस तरह से यह ड्रिंक भी आपको एसिडिटी की समस्या से राहत देने का काम करेगा।

**सौंफ का पानी**



पाचन तंत्र के लिए सौंफ बेहद फायदेमंद मानी जाती है। वहीं सौंफ का पानी पीने से गैस और पेट में जलन की समस्या दूर हो सकती है। सौंफ का पानी पीने के लिए सबसे पहले पानी में सौंफ को उबाल लें। फिर गुनगुने पानी का सेवन कर लें। इसके अलावा रात भर के लिए सौंफ को पानी में भिगोकर भी रख सकते हैं और अगले दिन सुबह उस पानी को पी लें।

**हींग का पानी**

हींग खाने का स्वाद और सुगंध बढ़ाने के साथ सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। हींग का पानी गैस की समस्या से राहत दिलाने में मदद करता है। इसके लिए एक गिलास गुनगुना पानी में आधा चम्मच हींग पाउडर मिलाएं। इस ड्रिंक का सेवन करने से एसिडिटी की समस्या से राहत पा सकते हैं।

**अदरक का पानी**

बता दें कि अदरक में एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। इस ड्रिंक को बनाने के लिए अदरक को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। फिर इन टुकड़ों को पानी में उबाल लें। जब यह गुनगुना हो तो इस पानी का सेवन करें। इससे पेट की जलन और गैस से राहत मिलेगी।

# कैसी दिखती है रोमांस वाली दोस्ती, बिना ड्रामा किए इसे बनाएं कामयाब

फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिप तब शुरू होता है, जब दो दोस्त, जिन्हें साथ में घूमना या समय गुजारना पसंद होता है, अपनी दोस्ती को नए स्तर पर लेकर जाने का फैसला करते हैं। नए स्तर पर लोग एक-दूसरे के साथ शारीरिक रूप से जुड़ते हैं। श्फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिपश में आमतौर पर लोग बिना किसी प्रतिबद्धता के सेक्स, किस और कडलिंग कर सकते हैं।

दोस्ती में रोमांस अब अजीब नहीं लगता। वास्तव में, यह एक लोकप्रिय चलन बन गया है। बहुत से लोग दोस्ती को रोमांस के साथ मिलाने के विचार का आनंद ले रहे हैं, जिसे हम फ्रेंड्स विद बेनेफिट्स कहते हैं। यह सेटअप उन लोगों के लिए नया सामान्य बन गया है, जो रिश्ते में होने की जिम्मेदारियों या प्रतिबद्धताओं के बिना डेटिंग के मजे और उत्साह का आनंद लेना चाहते हैं। दोस्ती में रोमांस अब अजीब नहीं लगता। वास्तव में, यह एक लोकप्रिय चलन बन गया है। बहुत से लोग दोस्ती को रोमांस के साथ मिलाने के विचार का आनंद ले रहे हैं, जिसे हम फ्रेंड्स विद बेनेफिट्स कहते हैं। यह सेटअप उन लोगों के लिए नया सामान्य बन गया है, जो रिश्ते में होने की जिम्मेदारियों या प्रतिबद्धताओं के बिना डेटिंग के मजे और उत्साह का आनंद लेना चाहते हैं।

**फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ता कैसा दिखता है?**

फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिप तब शुरू होता है, जब दो दोस्त, जिन्हें साथ में घूमना या समय गुजारना पसंद होता है, अपनी दोस्ती को नए स्तर पर लेकर जाने का फैसला करते हैं। नए स्तर पर लोग एक-दूसरे के साथ शारीरिक रूप से जुड़ते हैं। फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिप में आमतौर पर लोग बिना किसी प्रतिबद्धता के सेक्स, किस और कडलिंग कर सकते हैं। बिना प्रतिबद्धताओं के इस रिश्ते में दोनों लोग किसी और को डेट कर सकते हैं। ऐसे रिश्ते हमेशा के लिए नहीं चलते हैं, शारीरिक जुड़ाव खत्म करने के बाद लोग वापस दोस्त बन जाते हैं या फिर एक-दूसरे के साथ सारे कांटेक्ट खत्म कर देते हैं। हालांकि, फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिप हर किसी के लिए नहीं है, क्योंकि अगर दोनों में से एक व्यक्ति की भी फीलिंग में बदलाव होता है तो दोस्ती भी खराब हो जाती है।

**फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ता आपके लिए सही है?**

अगर आप बिना किसी प्रतिबद्धता के शारीरिक रिश्ते की तलाश कर रहे हैं तो फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिप आपके लिए ठीक है। एक्सपर्ट के अनुसार, यह रिश्ता उन लोगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद हो सकता है जिनके पास प्रतिबद्ध रिश्ते के लिए समय, ऊर्जा या इच्छा नहीं है लेकिन फिर भी वे किसी के साथ शारीरिक संबंध बनाना चाहते हैं। इसके अलावा अगर आप किसी रिश्ते में आकर अपनी आजादी या जरूरतों को त्यागना नहीं चाहते हैं तो आपके लिए फेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ता कारगर हो सकता है। एक्सपर्ट कहते हैं कि अगर आप किसी रिश्ते की जटिलताओं से बचना चाहते हैं तो यह व्यवस्था आपके लिए कारगर हो सकती है। एक्सपर्ट ने बताया कि अगर दो दोस्त एक दूसरे की ओर खुद को आकर्षित पाते हैं उनके लिए फेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ता कारगर



है।

**फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स बनना**

**अच्छा विचार कब नहीं है?**

एक्सपर्ट के अनुसार, अगर किसी को भावनात्मक रूप से जुड़ जाने की आदत है तो उनके लिए फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ते को सहज बनाए रखने में परेशानी हो सकती है। इसके अलावा अगर कोई अपेक्षाएं विक. सित करने लगता है और अगर ये पूरी नहीं होती तो उस व्यक्ति की भावनाएं आहत हो सकती है। प्यार की उम्मीद करने वाले लोगों के लिए यह रिश्ते नहीं बने हैं।

**कैसे फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ते को सफल बनाएं?**

एक्सपर्ट ने फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ते को सफल बनाने के कुछ टिप्स साझा किए। उन्होंने बताया कि इन रिश्तों को सफल बनाने के लिए संवाद महत्वपूर्ण है। रिश्ते को परिभाषित करना और सीमाओं पर चर्चा करना महत्वपूर्ण है ताकि कोई गलतफहमी न हो। एक्सपर्ट ने कहा कि ऐसे रिश्तों में ईमानदारी जरूरी है। दूसरे व्यक्ति के साथ-साथ खुद के साथ भी ईमानदार होना बहुत जरूरी है। आप क्या चाहते हैं और क्या नहीं और रिश्ते में कैसा महसूस कर रहे हैं, अपनी भावनाओं के प्रति ईमानदार रहे हैं और कुछ भी गलत महसूस होने पर पार्टनर से बात करें।

एक्सपर्ट ने लोगों को सीमाएं स्थापित करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि आप कितनी बार मिलेंगे, कौन सी गतिविधियां अनुमत हैं और कौन सी वर्जित हैं, आप अन्य लोगों से मिलेंगे या नहीं और अपने डेटिंग जीवन के बारे में क्या साझा करेंगे या नहीं, आप कौन से गर्भनिरोधक का उपयोग करेंगे और आप अपनी व्यवस्था के बारे में दूसरों को क्या बताएंगे या नहीं, जैसी चीजों के बारे में आधार नियम स्थापित करना सहायक हो सकता है।

# होर्मुज संकट पर चीन की अमेरिका को सख्त चेतावनी

## बढ़ते सैन्य तनाव से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और क्षेत्रीय शांति पर बड़ा खतरा पैदा हो गया



■ यदि तनाव बढ़ा तो इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय स्थिरता पर भी पड़ सकता है: लिन जियान

**बीजिंग।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य पर संकट के बीच चीन ने सभी देशों से तुरंत सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन सहित कई देशों से अपील की है कि वे अंतर्राष्ट्रीय समुद्री मार्ग को सुरक्षित रखने के लिए अपने युद्धपोत तैनात करें।

ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच बढ़ते टकराव के कारण दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक व्यापार पर गंभीर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। चीन ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते सैन्य तनाव से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और क्षेत्रीय शांति पर बड़ा खतरा पैदा हो गया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में मीडिया से बातचीत में कहा कि सभी पक्षों को तुरंत सैन्य अभियान रोकना चाहिए, ताकि हालात और ज्यादा खराब न हों।

उन्होंने कहा कि यदि तनाव बढ़ा तो इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय स्थिरता पर भी पड़ सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में से एक है। यहां से दुनिया के बड़े हिस्से तक तेल और गैस की आपूर्ति होती है। हाल ही में अमेरिका और इजरायल के हवाई हमलों के बाद ईरान ने जवाबी कदम के तौर पर इस जलमार्ग को प्रभावी रूप से बंद कर दिया है। इसके कारण तेल की वैश्विक आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ने लगी हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो वैश्विक ऊर्जा संकट गहरा सकता है। चीन ने यह भी बताया कि इस महीने के अंत में प्रस्तावित डोनाल्ड ट्रम्प की चीन यात्रा को लेकर दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है। ट्रम्प ने संकेत दिया था कि अगर चीन होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित रखने के प्रयासों में सहयोग नहीं करता है तो उनकी बीजिंग यात्रा टाली जा सकती है। हालांकि चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के बीच संपर्क बना हुआ है और शीर्ष नेताओं के बीच कूटनीतिक बातचीत द्विपक्षीय संबंधों में अहम भूमिका निभाती है। चीन ईरान का करीबी साझेदार माना जाता है और वह ईरान से बड़ी मात्रा में तेल खरीदता है। अक्सर चीन को ईरानी तेल अपेक्षाकृत सस्ते दामों पर मिलता है। चीन ने अमेरिका और इजरायल के ईरान पर किए गए हमलों की आलोचना भी की है। साथ ही अमेरिकी हवाई हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला खामेनेई की मौत को लेकर भी चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। ऐसे में होर्मुज संकट के बीच चीन की भूमिका को वैश्विक राजनीति में बेहद अहम माना जा रहा है।

## ईरान में अमेरिका-इजरायल के हमले, 5 लोगों की मौत, 7 घायल

**तेहरान।** ईरान के मार्कजी प्रांत में अमेरिका और इजराइल के हमलों में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार ये हमले अलग-अलग स्थानों पर किए गए। पहले हमले में मार्कजी प्रांत के अराक शहर के आसपास स्थित एक रिहायशी इलाके को निशाना बनाया गया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है। दूसरे हमले में मार्कजी प्रांत के महल्लत शहर में एक रिहायशी इमारत को निशाना बनाया गया। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार हमले के दौरान शहीद खोमैनी बालक विद्यालय को भी निशाना बनाया गया, जिससे स्कूल भवन को काफी नुकसान पहुंचा।



हिमाचल प्रदेश। कुल्लू जिले की सोलांग घाटी में बर्फबारी के दौरान जाम में फंसे वाहन।

## खाड़ी में जहाज पर हमले के बाद 20 थाई क्रू स्वदेश लौटे, तीन अब भी लापता

**बैंकॉक।** होर्मुज जलडमरूमध्य में हमले का शिकार थाईलैंड के मालवाहक जहाज के चालक दल के 20 सदस्य सोमवार को थाईलैंड पहुंच गए, जबकि तीन अब भी लापता हैं। थाई-पंजीकृत जहाज 'मयूरी नारी' की स्वामित्व वाली कंपनी 'प्रेशियस शिपिंग पब्लिक कंपनी लिमिटेड' ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि चालक दल के स्वागत के लिए कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी सुवर्णभूमि हवाई अड्डे पर मौजूद थे और उनकी वापसी में आसानी के लिए संबंधित अधिकारियों से गहरा तालमेल बिठाया गया। कंपनी ने इस बात की भी पुष्टि की कि इस समय उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता उन तीन चालक दल के सदस्यों का पता लगाने की हैं, जो अब भी लापता हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आर्मेनिया ने 550 से अधिक भारतीयों को ईरान से निकालने में मदद की

**नई दिल्ली।** आर्मेनिया ने ईरान में फंसे 550 से अधिक भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने में भारत की मदद की है। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने सोमवार को ईरान से अब तक 550 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी में सहयोग के लिए आर्मेनिया सरकार और वहां के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि ईरान से अब तक 550 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित निकासी की सुविधा प्रदान करने के लिए आर्मेनिया की सरकार और लोगों को धन्यवाद।

### रूसी वायु रक्षा ने मार गिराए 145 यूक्रेनी ड्रोन: रक्षा मंत्रालय

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में देश के विभिन्न क्षेत्रों में यूक्रेन के 145 ड्रोन मार गिराए हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पिछली रात के दौरान ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने विमान-प्रकार के 145 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को रोका और नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया है कि रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में मॉस्को क्षेत्र के ऊपर 53 ड्रोन रोके और नष्ट किए, जिनमें मॉस्को की ओर उड़ रहे 46 ड्रोन भी शामिल थे।

### अफगान: सीमा पार से हुए हमलों में दो की मौत, पांच घायल

**काबुल।** पूर्वी अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत में रविवार रात सीमा पार से किए गए हमलों में दो लोग मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता मुस्तगफर गुरबाज ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी तोपखाने ने रविवार रात गुरबाज और जाजी मैदान जिलों के कुछ इलाकों को निशाना बनाया। इसमें दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग जख्मी हो गए।

# ईरान युद्ध में फंसकर घरेलू मोर्चे पर घिरे ट्रम्प

## सैन्य कार्रवाई को अमेरिकी जनता का व्यापक समर्थन नहीं मिला, बढ़ती महंगाई बनी बड़ी चुनौती



■ ट्रम्प ने युद्ध शुरू होने से पहले अमेरिकी जनता के सामने कोई स्पष्ट और ठोस सार्वजनिक मामला पेश नहीं किया
■ ट्रम्प को वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हटाने की अपनी रणनीतिक सफलता से भी हौसला मिला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर ऐसे समय में घिरे हुए नजर आ रहे हैं, जब इस सैन्य कार्रवाई को अमेरिकी जनता का व्यापक समर्थन नहीं मिला है। विश्लेषकों का मानना है कि हाल के इतिहास में शायद ही कोई अमेरिकी राष्ट्रपति इतने कम सार्वजनिक समर्थन के साथ किसी बड़े युद्ध में उतरा हो।

उपलब्ध सर्वेक्षणों में कहीं भी ऐसा संकेत नहीं मिलता कि ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर अमेरिकी जनता का बहुमत ट्रम्प के साथ खड़ा है। इसके उलट, कई जनमत सर्वेक्षणों में साफ तौर पर इस युद्ध के खिलाफ राय सामने आई है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि आम तौर पर युद्ध जैसे-जैसे लंबा खिंचता है, जनता का समर्थन और घटता जाता है, जिससे ट्रम्प के सामने आगे और बड़ी राजनीतिक मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने युद्ध शुरू होने से पहले अमेरिकी जनता के सामने कोई स्पष्ट और ठोस सार्वजनिक मामला पेश नहीं किया। उन्होंने फारस की खाड़ी में सैन्य जमावड़े को ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर दबाव बनाने और बातचीत के लिए इस्तेमाल की जाने वाली रणनीति के रूप में पेश किया था।

लेकिन बहुत कम समय में यह कूटनीतिक दबाव सीधे सैन्य कार्रवाई में बदल गया। कहा जा रहा है कि ट्रम्प तेज, चौंकाने वाले और नाटकीय अंदाज में सैन्य कार्रवाई को अंजाम देना चाहते थे, इसलिए उन्होंने युद्ध से पहले व्यापक जनसमर्थन जुटाने की कोशिश नहीं की। यह भी माना जा रहा है कि ट्रम्प को वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हटाने की अपनी रणनीतिक सफलता से भी हौसला मिला। हालांकि वह कदम भी अमेरिकी जनता के बीच बहुत लोकप्रिय नहीं था। इसके बावजूद ट्रम्प प्रशासन ने ईरान के मामले में सार्वजनिक राय की अनदेखी की और अब उसी का राजनीतिक असर उन्हें झेलना पड़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि किसी युद्ध के समर्थन का सवाल केवल इस पर निर्भर नहीं करता कि लड़ाई कैसे चल रही है, बल्कि इस पर भी निर्भर करता है कि जनता उस युद्ध का उद्देश्य क्या समझती है। राजनीतिक वैज्ञानिक ब्रूस जेंटलसन का तर्क है कि अमेरिकी जनता उन युद्धों का ज्यादा समर्थन करती है, जिनका उद्देश्य किसी आक्रामक शक्ति पर लगाम लगाना हो। इसके विपरीत, जब युद्ध का मकसद किसी दूसरे देश की राजनीतिक व्यवस्था बदलना या सत्ता परिवर्तन करना होता है, तो समर्थन काफी कमजोर पड़ जाता है।

## डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के 'झूठ' फैलाने के लिए मीडिया पर साधा निशाना

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर दुष्प्रचार फैलाने का आरोप लगाया है और कुछ मीडिया संस्थानों पर ईरान युद्ध को लेकर झूठी खबरें फैलाने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि ईरान झूठी सूचनाएं फैलाने में माहिर है और वह एआई का उपयोग कर भ्रामक सामग्री तैयार कर रहा है, जिसे कुछ मीडिया संस्थान प्रसारित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईरान सैन्य रूप से कमजोर है, लेकिन जनसंपर्क और मीडिया प्रबंधन के जरिए गलत सूचनाएं फैलाने में कुशल है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मीडिया संस्थान गलत रिपोर्टिंग कर रहे हैं और अमेरिकी प्रसारण माध्यमों का उपयोग देश के खिलाफ प्रचार के लिए कर रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि ऐसी संस्थाओं के खिलाफ देशद्रोह जैसे आरोपों में कार्रवाई की जानी चाहिए। ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान द्वारा जारी किए जा रहे कई वीडियो और तस्वीरें एआई से तैयार की गई हैं, जिनमें समुद्र में जहाजों पर हमले या आग लगने जैसे दृश्य दिखाए जा रहे हैं, जबकि वास्तविकता में ऐसा कुछ नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जिन अमेरिकी ईंधन आपूर्ति विमानों के क्षतिग्रस्त होने की खबरें सामने आई थीं, वे सभी अब भी सेवा में हैं और उनमें से एक विमान जल्द ही फिर से उड़ान भरेगा। ट्रम्प ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ मीडिया संस्थानों ने अमेरिकी विमानवाहक पोत के क्षतिग्रस्त होने की झूठी खबरें प्रसारित कीं, जबकि उस पर कोई हमला नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि ईरान और कुछ मीडिया संस्थान मिलकर झूठी कहानियां गढ़ रहे हैं और इन्हें प्रसारित कर रहे हैं।

## ट्रम्प ने टैरिफ को लेकर की उच्चतम न्यायालय की आलोचना

■ टैरिफ लगाने का निर्णय उनके लिए सबसे अधिक मायने रखता था

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एश्चिम एशिया में जारी जंग के बीच सोमवार को विभिन्न देशों पर आयात शुल्क लगाने के उनके फैसले को पलटने को लेकर उच्चतम न्यायालय की कड़ी आलोचना की। गौरतलब है कि पिछले दिनों अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने टैरिफ लगाने के ट्रम्प के निर्णय को असंवैधानिक करार देते हुए उसे पलट दिया गया था और इससे प्रभावित होने वाले देशों और कंपनियों को खरबों डॉलर दिए जाएंगे। ट्रम्प ने कहा है कि उन्हें किसी अन्य रूप में टैरिफ लगाने का पूर्ण अधिकार है।

उन्होंने कहा कि टैरिफ लगाने का निर्णय उनके लिए सबसे अधिक मायने रखता था। उन्होंने कहा कि न्यायालय को पता था कि वह अमेरिका के लिए इसे कितनी शिद्दत से चाहते थे। इसके बजाय न्यायालय ने संभावित रूप से उन देशों और कंपनियों को खरबों डॉलर देने का फैसला किया, जो दशकों से अमेरिका का फायदा उठा रहे हैं। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने इन देशों को बहुत खुश कर दिया है। उन्होंने कहा कि जैसा कि न्यायालय ने भी बताया है, मुझे किसी अन्य रूप में टैरिफ लगाने का पूर्ण अधिकार है और मैंने ऐसा करना शुरू भी कर दिया है। ईरान के साथ चल रहे तीखे टकराव के बीच सोमवार को टैरिफ पर अमेरिकी राष्ट्रपति का यह पोस्ट एक बड़ी कानूनी हार के बाद अपनी सत्ता और अधिकार को फिर से स्थापित करने का एक प्रयास प्रतीत होता है। हाल के सोशल मीडिया पोस्ट में, उन्होंने दावा किया था कि उन्हें वैकल्पिक रूपों में टैरिफ लगाने का पूर्ण अधिकार है। उन्होंने कहा कि ये चाहते हैं कि अमेरिका उन सैकड़ों अरबों डॉलर को वापस करे, जो उन लोगों को दिए जाने हैं जिन्होंने अमेरिकी जनता का 'अपमान' किया है। इसे एक और वजह के तौर पर देखा जाना चाहिए कि अमेरिका इतनी बड़ी गिरावट का सामना क्यों कर रहा है। उन्होंने कहा कि लेकिन, अब ऐसा नहीं होगा, क्योंकि हमने अमेरिका को फिर से महान बनाया है और बहुत जल्द, यह पहले से कहीं जयादा महान होगा! ट्रम्प ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने अमेरिका को बेवजह 'लूटा' है, जो अब एक हथियारबंद और अन्यायपूर्ण राजनीतिक संगठन से जडादा कुछ नहीं रह गया है। दुख की बात यह है कि वे और भी बुरे होते जाएंगे।

# गाजा में इजरायली हवाई हमलों में 12 फलस्तीनियों की मौत

■ मरने वालों में बच्चे और गर्भवती महिला भी शामिल, हमले से पहले नहीं जारी की कोई चेतावनी

**काहिरा।** गाजा पट्टी में इजरायली हवाई हमलों में रविवार को कम से कम 12 फलस्तीनियों की मौत हो गई। मरने वालों में दो बच्चे, एक गर्भवती महिला और आठ पुलिसकर्मी शामिल हैं।

यह जानकारी अस्पताल अधिकारियों ने दी। केंद्रीय गाजा के नुसेरत शरणार्थी शिविर में रविवार सुबह एक घर पर हुए हवाई हमले में चार लोगों की मौत हो गई। अल-अक्सा मार्टियर्स अस्पताल के अनुसार मृतकों में लगभग 30 वर्ष की उम्र का दंपति और उनका 10 वर्षीय बेटा शामिल हैं। अस्पताल ने बताया कि महिला जुड़वां बच्चों की गर्भवती थी। चौथा मृतक 15 वर्षीय पड़ोसी था, जिसे नुसेरत के अल-अवदा अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय निवासी महमूद अल-मुहतासेब ने बताया कि वे सो रहे थे, तभी मिसाइल के हमले से तेज धमाका हुआ। उनके अनुसार हमले से पहले कोई चेतावनी नहीं दी गई थी। रविवार दोपहर एक अन्य हमले में केंद्रीय गाजा के जवैदा शहर के प्रवेश द्वार पर सलाह अल-दीन मार्ग पर चल रहे एक पुलिस वाहन को निशाना बनाया गया। हमास के नियंत्रण वाले आंतरिक मंत्रालय के अनुसार इस हमले में आठ पुलिसकर्मी मारे गए, जिनमें केंद्रीय गाजा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कर्नल इयाद अब यूसुफ भी शामिल थे। अल-अक्सा मार्टियर्स अस्पताल ने भी इस हमले में आठ लोगों की मौत और 14 अन्य के घायल होने की पुष्टि की। इन दोनों हमलों पर इजरायली सेना की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। युद्धविराम के बावजूद गाजा में हिंसा की घटनाएं जारी हैं। अक्टूबर में लागू युद्धविराम के बाद भी लगभग रोजाना इजरायली गोलाबारी या हवाई हमले की घटनाएं सामने आती रही हैं।

# होर्मुज संकट से नाटो में दरार उजागर हुई

## डोनाल्ड ट्रम्प पर चौतरफा दबाव पड़ रहा, मदद नहीं मिलने पर सहयोगी देशों को दे डाली चेतावनी

■ हैरानी की बात ये है कि इस मुश्किल समय में भी ट्रम्प को अपने सहयोगी नाटो देशों की मदद नहीं मिल पा रही है



**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और होर्मज जलडमरूमध्य के बाधित होने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर चौतरफा दबाव पड़ रहा है।

एक तरफ पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजरायल के ठिकानों पर ईरानी हमले जारी हैं। वहीं दूसरी तरफ ट्रम्प घरेलू मोर्चे पर भी घिरते जा रहे हैं। अमेरिका का एक बड़ा तबका इस संघर्ष के खिलाफ है। हैरानी की बात ये है कि इस मुश्किल समय में भी ट्रम्प को अपने सहयोगी नाटो देशों की मदद नहीं मिल पा रही है। यही वजह है कि ट्रम्प ने सहयोगी देशों को चेतावनी दी है कि नाटो समूह का भविष्य अच्छा नहीं है। एक इंटरव्यू के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने नाटो के सहयोगी देशों को साफ संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से फायदा लेने वाले देशों को इसकी सुरक्षा की भी जिम्मेदारी उठानी चाहिए। ट्रम्प ने कहा, श्यह बिल्कुल ठीक है कि होर्मुज से फायदा लेने वाले देश ये सुनिश्चित करें कि वहां कुछ भी गलत न हो। ट्रम्प ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई कुछ नहीं करता या मदद नहीं करता तो मुझे लगता है कि यह नाटो के भविष्य के लिए बहुत बुरा होगा। ट्रम्प ने कहा कि हमें यूक्रेन के मामले में उनकी मदद की जरूरत नहीं पड़ी। अब देखते हैं कि वे हमारी मदद करते हैं या नहीं, क्योंकि मैं लंबे समय से कहता आ रहा हूं कि हम उनके साथ खड़े रहेंगे, लेकिन वे हमारे साथ नहीं खड़े रहेंगे। गौरतलब है कि ट्रम्प होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में बारूदी सुरंगों को साफ करने के लिए युद्धपोतों की तैनाती की मांग कर रहे हैं। हाल ही में भी मीडिया से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा था हम नाटो के लिए हमेशा तत्पर हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन सा देश होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने में हमारी मदद करेगा। पश्चिम एशिया संकट को लेकर अमेरिका फंसता नजर आ रहा है। सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई और कई अन्य शीर्ष नेताओं की मौत के बाद भी ईरान झुकने के लिए तैयार नहीं है और लगातार पश्चिम एशिया में अमरिकी ठिकानों और इजरायल पर हमले कर रहा है। अमेरिका और इजरायल की ईरान में सत्ता परिवर्तन की कोशिश भी सफल होती नहीं दिख रही है। ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य को बाधित करने के चलते वैश्विक तेल आपूर्ति पर दबाव पड़ा है।

# ईरान में 15 दिन बाद भी सत्ता नहीं बदली

## एक्सपर्ट बोले: ट्रम्प अकेले जंग नहीं रोक सकते, तेहरान के पास अभी भी खेल पलटने की ताकत




■ अगर ईरान लड़ाई जारी रखता है, जहाजों पर हमले करता है या जवाबी कार्रवाई करता है, तो युद्ध वास्तव में खत्म नहीं होगा

**वाशिंगटन।** दो हफ्ते तक ईरान के खिलाफ युद्ध चलने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जल्द ही जीत का ऐलान कर सकते हैं। हालांकि आखिरी परिणाम इस बात पर भी निर्भर करेगा कि ईरान आगे क्या करता है। वाशिंगटन पोस्ट के मुताबिक अगर ईरान लड़ाई जारी रखता है, जहाजों पर हमले करता है या जवाबी कार्रवाई करता है, तो युद्ध वास्तव में खत्म नहीं होगा। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की नौसेना का बड़ा हिस्सा नष्ट कर दिया गया है।

उसकी कई मिसाइलें खत्म हो चुकी हैं और उसके कई टॉप लीडर्स मारे जा चुके हैं। इसके बावजूद ट्रम्प के वे बड़े राजनीतिक मकसद अब तक पूरे नहीं हुए हैं जिनकी उन्होंने कई बार बात की थी। ईरान में अभी भी पुराना शासन ही कायम है। इसके साथ ही ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में तेल के समुद्री रास्ते को बाधित करके वैश्विक तेल बाजार में उथल-पुथल मचा दी है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि ईरान में अभी भी खेल पलटने की ताकत है। यह स्थिति ट्रम्प के लिए मुश्किल पैदा करती है, क्योंकि उनकी अपनी ही पार्टी के लोग अब उनसे युद्ध खत्म करके अर्थव्यवस्था पर ध्यान देने की मांग कर रहे हैं। इसी साल नवंबर में अमेरिका में मिडटर्म चुनाव होने वाले हैं। युद्ध का असर अमेरिका के अंदर भी दिखने लगा है। अमेरिका और इजराइल के हमले शुरू होने के बाद पेट्रोल की कीमतों में लगभग 25 फीसदी तक बढ़ोतरी हो चुकी है। किसानों के लिए खाद महंगी हो गई है और अमेरिकी सैनिकों की मौत का आंकड़ा भी बढ़कर 13 पहुंच गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ डेलावेयर के डोवर एयर फोर्स बेस पर एक सैनिक के पार्थिव शरीर को सलामी देते हुए। सैनिक सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर ईरान के हमले में मारा गया था। ईरान ने यह भी दिखाया है कि वह होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर हमला करने की क्षमता रखता है। इस वजह से यह साफ नहीं है कि अमेरिका अगर अकेले युद्ध रोक भी दे, तो क्या तेल की कीमतों में तुरंत कमी आएगी। ईरानी हमलों ने फारस की खाड़ी के उन देशों के सामने भी बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है जो लंबे समय से अमेरिका के सहयोगी रहे हैं और जहां अमेरिकी सैन्य ठिकाने भी मौजूद हैं। इसके बावजूद ट्रम्प लगातार यह दावा कर रहे हैं कि युद्ध पर उनका पूरा कंट्रोल है। उन्होंने शुक्रवार को फाक्स न्यूज रेडियो से कहा कि युद्ध तब खत्म होगा जब उन्हें लगेगा कि अब इसे खत्म करने का समय आ गया है। एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि युद्ध में जीत हासिल करना और किसी देश के खतरे को लंबे समय तक खत्म करना दो अलग-अलग बातें हैं।

# जंग के बीच यूएई में 19 भारतीय गिरफ्तार



■ फेक न्यूज फैलाने का आरोप, मौत की अफवाह के बीच काफी पीते दिखे नेतन्याहू

**तेल अवीव/तेहरान।** इजरायल-ईरान जंग के बीच यूएई ने 35 लोगों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। इनमें 19 भारतीय शामिल हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक इन पर सोशल मीडिया पर फेक न्यूज फैलाने का आरोप है।

यूएई के अटार्नी जनरल डा. हमद सैफ अल शम्स ने कहा कि डिजिटल प्लेटफार्म की निगरानी के बाद यह कार्रवाई की गई, ताकि झूठी खबरों से फैलने वाली अफवाह और अशांति को रोका जा सके। वहीं इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी मौत की अफवाहों के बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वे यरुशलम के एक रेस्टोरेंट में काफी पीते नजर आ रहे हैं। वीडियो में वे मजाक में कहते हैं कि क्या आप मेरी उंगलियां गिनना चाहते हैं? दरअसल 13 मार्च के एक वीडियो में कुछ लोगों ने उनके हाथ में 6 उंगलियां दिखने की बात कही थी। इसके बाद कई यूजर्स ने उस वीडियो को एआई और डीपफेक बताकर उनकी मौत की अफवाह फैलानी शुरू कर दी थी।

